संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, सोमवार, 07 अगस्त 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



उत्तराखंड में लैंडस्लाइड के बाद राहत बचाव अभियान चलाते हुए एसडीआरएफ की टीम।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 210 पृष्ठः 12 | RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# 508 रेलवे स्टेशनों का होगा कायाकल्प

= मोदी ने भ्रष्टाचार भारत छोड़ो, परिवारवाद भारत छोड़ो, तुष्टीकरण भारत छोड़ो शुरू करने का आह्वान किया

**आधारशीला**

8 पीएम मोदी ने 27 राज्यों में 508 रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आधारशिला रखी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंग्रेजों भारत छोड़ो की तर्ज पर भ्रष्टाचार भारत छोड़ो, परिवारवाद भारत छोड़ो, तुष्टीकरण भारत छोड़ो शुरू करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 9 अगस्त सन बयालीस को ऐतिहासिक भारत छोड़ो अभियान की शुरूआत हुई थी। आज देश इससे प्रेरित होकर हर बुराई को भारत छोड़ो कह रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारे विपक्ष दल हर विषय में नकारात्मक राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी सरदार पटेल प्रतिमा पर आज तक विपक्ष का कोई बड़ा नेता नहीं गया। कर्तव्य पथ और नई संसद बनाई गई लेकिन वह भी आलोचना के केंद्र में रही। उन्होंने कहा कि आज तक देश के बलिदान शहीदों के लिए कोई मेमोरियल नहीं बनाया गया। हमने बनाया तो उसकी भी आलोचना की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को 27 राज्यों में 508 रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आधारशिला रखी। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत विकसित होने के लक्ष्य की ओर अमृत काल में बढ़ रहा है। इसी आलोक में आज भारतीय रेल के इतिहास में भी एक नया अध्याय जुड़ रहा है। उन्होंने बताया कि करीब 1300 प्रमुख रेलवे स्टेशन अमृत भारत रेलवे स्टेशन के तौर पर विकसित किए जाएंगे। इनमें से अमृत भारत स्टेशनों के पुनर्निर्माण का कार्य आज शुरू हो रहा है। इन स्टेशनों के नवीनीकरण पर 25 हजार करोड़ रुपए का खर्च आएगा। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत काल में देश ने अपनी विरासत पर गर्व करने का संकल्प लिया है। अमृत रेलवे स्टेशन इसका प्रतीक बनेंगे। इनमें देश की संस्कृति और स्थानीय विरासत की झलक मिलेगी।





## उप्र के 55 स्टेशनों का होगा नवीनीकरण

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को अमृत भारत स्टेशन स्कीम के शुभारंभ कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े। नई दिल्ली से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास व आधुनिकीकरण की आधारशिला रखी है। इसमें उत्तर प्रदेश के 55 रेलवे स्टेशनों का भी कायाकल्प होना है। मुख्यमंत्री ने बाद में ट्वीट करते हुए प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा अमृत भारत स्टेशन स्कीम के अंतर्गत आज 4,355 करोड़ की लागत से नए भारत के नए उत्तर प्रदेश के 55 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास व आधुनिकीकरण की आधारशिला रखी गई है। इस कल्याणकारी योजना के द्वारा इन रेलवे स्टेशनों को अत्याधुनिक उत्कृष्ट यात्री सुविधाओं और विश्वस्तरीय आधारभूत ढांचे से लैस करने के साथ ही उन्हें स्थानीय कला-संस्कृति के अनुरूप सुसज्जित व सिटी सेंटर के रूप में भी विकसित किया जाएगा। रेलवे स्टेशनों के कायाकल्प को सुनिश्चित करती इस लोक-कल्याणकारी योजना के लिए सभी प्रदेश वासियों की ओर से प्रधानमंत्री का हार्दिक आभार।

## सभी राज्यों को मिलेगा लाभः पीएम मोदी

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि रेलवे स्टेशनों के विकास का लाभ सभी राज्यों को मिलेगा। राजस्थान में भी 55 रेलवे स्टेशन अब अमृत भारत रेलवे स्टेशन बनेंगे। मध्य प्रदेश में 1000 करोड रुपए की लागत से 34 रेलवे स्टेशन का कायाकल्प होगा।
महाराष्ट्र में 44 स्टेशन के विकास के लिए डेढ़ हजार करोड़ रुपए ज्यादा खर्च किए जाएंगे। पिछले सालों में रेलवे विकास और उपलब्धियों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 9 सालों में इतने रेलवे ट्रैक बिछाया गया है जो साउथ अफ्रीका, यूक्रेन, पोलैंड, ब्रिटेन और स्वीडन के रेल नेटवर्क से ज्यादा है। उन्होंने कहा कि आधुनिक ट्रेनों की भी संख्या तेजी से बढ़ रही है।

## स्टेशनों पर ये सुविधाएं दी जाएंगी...

स्टेशन के दोनों तरफ से प्लेटफार्म पर यात्रियों की एंट्री और एग्जिट की सुविधा।
स्टेशन की बिल्डिंग में सुधार किया जाएगा।
स्टेशन पर ऑटोमैटिक सीढियां बनाई जाएंगी।
बेहतर लाइट की व्यवस्था की जाएगी।
पार्किंग की सुविधा में सुधार किया जाएगा।
स्टेशन पर ग्रीन और रिन्यूएबल एनर्जी का इस्तेमाल होगा।
रूफ प्लाजा की व्यवस्था की जाएगी, जिससे यात्रियों को ट्रेन के इंतजार करने में परेशानी न हो।
रेलवे स्टेशनों को मेट्रो और बस स्टैंड से जोड़ा जाएगा।
इमारतों का डिजाइन स्थानीय संस्कृति से प्रेरित होगा
इन स्टेशनों की बिल्डिंग का डिजाइन स्थानीय संस्कृति, विरासत और आर्किटेक्चर के हिसाब से होगा।
योजना में उन छोटे स्टेशनों को भी शामिल किया गया है, जहां यात्रियों की संख्या ज्यादा है, लेकिन डेवलपमेंट कम हुआ है।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को अमृत भारत स्टेशन स्कीम के शुभारंभ कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े। त्तर प्रदेश के 55 रेलवे स्टेशनों का भी कायाकल्प होना है। मुख्यमंत्री ने बाद में ट्वीट करते हुए प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया।

## बिहार में नहीं रहा कानून का राजः चिराग पासवान

**टीम एक्शन इंडिया/भागलपुर**

**लोजपा** रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान शनिवार की देर रात भागलपुर पहुंचे। जहां कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने शनि मंदिर में पूजा अर्चना की। वहीं उन्होंने भागलपुर में भाजपा नेताओं और पत्रकार पर हुए लाठीचार्ज मामले में सरकार पर जमकर हमला बोला। चिराग पासवान ने कहा कि सरकार मुख्यमंत्री छात्र, किसान, आम लोग, नेता और अब पत्रकार पर लाठी चला रहे हैं। बिहार में आईपीसी की धारा की फिर जरूरत ही क्या है। राहुल गांधी को स्टे लगा है। ये मुख्यमंत्री के लिए चिंता का विषय बन गया है।

## शाह ने को-ऑपरेटिव सोसाइटी का पोर्टल किया लॉन्च



**टीम एक्शन इंडिया/पुणे**

केंद्रीय मंत्री अमित शाह दो दिन के महाराष्ट्र दौरे पर हैं। शाह ने 6 अगस्त को पुणे में सेंट्रल रजिस्ट्रार को-ऑपरेटिव सोसाइटी का पोर्टल लॉन्च किया। इस दौरान उन्होंने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के साथ मंच साझा किया। शाह ने मंच पर भाषण देते हुए कहा- 'सबसे पहले अजित दादा उपमुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार आए है और मैं पहली बार इनके साथ मंच साझा कर रहा हूं। मैं दादा को एक बात कहना चाहता हूं, दादा आप बहुत समय के बाद सही जगह पर बैठे हो। यही जगह सही थी। पर बहुत देर कर दी आपने। अमित शाह के पास गृह मंत्री के अलावा सहकारिता मंत्री का पद भी है। अमित शाह ने डिजिटल पोर्टल लॉन्च करते हुए बोले की आज मैं घोषणा करना चाहता हूं कि आज सारा सहकारिता का क्षेत्र डिजिटल हो गया है। अब इस पोर्टल से सारे काम होंगे।

**डिजिटल**

8 गृह मंत्री दो दिन के महाराष्ट्र दौरे परः शाह ने अजित पवार के साथ मंच साझा किया, कहा- अब ठीक जगह बैठे हैं

**2 जुलाई को शिंदे सरकार में डिप्टी सीएम की शपथ ली थीः** अजित पवार ने 8 विधायकों सहित 2 जुलाई को शिवसेना की शिंदे सरकार में उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। शपथ के तुरंत बाद ट्विटर प्रोफाइल बदला और लिखा- डिप्टी सीएम ऑफ महाराष्ट्र। अजित पवार 8 विधायकों छगन भुजबल, धनंजय मुंडे, अनिल पाटिल, दिलीप वलसे पाटिल, धर्मराव अत्राम, संजय बनसोड़े, अदिति तटकरे और हसन मुश्रीफ के साथ 2 जुलाई को दोपहर करीब 2 बजे राजभवन पहुंचे। 3 बजते-बजते उट शिंदे और डिप्टी उट देवेंद्र फडणवीस की मौजूदगी में सभी को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई।

## नूंह हिंसाः आप नेता पर एफआईआर दर्ज



**टीम एक्शन इंडिया/नूंह**

**हरियाणा** के नूंह में हिंसा के दौरान जिस सहारा होटल से पत्थरबाजी की गई थी, प्रशासन ने उसे गिरा दिया है। रविवार को कड़ी पुलिस सुरक्षा में इस होटल पर बुलडोजर चलाकर पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया। रविवार को लगातार तीसरे दिन नूंह में अवैध निर्माण हटाए जा रहे हैं। पुलिस और प्रशासन का कहना है कि ये सब 31 जुलाई की हिंसा में शामिल दंगाईयों के हैं या इनका दंगा फैलाने में इस्तेमाल हुआ। वहीं नूंह हिंसा के दौरान गुरुग्राम के प्रदीप शर्मा की मौत के मामले में पुलिस ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेता जावेद अहमद समेत 150 लोगों पर हत्या की एफआईआर दर्ज की है। यह केस गुरुग्राम के सोहना में दर्ज कराया गया है।

**आप नेता जावेद ने कहा- इन्हें मार दो, बाकी मैं संभाल लूंगाः** जावेद पर दर्ज एफआईआर में पवन ने बताया- 31 जुलाई की रात 10.30 बजे हम कार में नूंह से सोहना जा रहे थे। बीच में नूंह पुलिस ने मदद करते हुए हमें हाईवे तक छोड़ा। हमें कहा कि आगे रास्ता साफ है, निकल जाओ। हम निरंकारी कॉलेज के पास पहुंचे तो वहां 150 लोग खड़े थे। उनके हाथ में पत्थर, लोहे की राड और पिस्टल थे। जावेद भी था। हमारी कार पर पत्थर मारे। जिससे कार बेकाबू होकर डिवाइडर से जा टकराई। मैं कार से नीचे उतरा तो जावेद ने कहा कि इन्हें मार दो। जो होगा, मैं संभाल लूंगा। ये सुनकर 20-25 लोगों ने हम पर अटैक कर दिया।

**चला बुलडोजर**

8 बजरंग दल कार्यकर्ता की हत्या का आरोप, जहां से पत्थरबाजी हुई, वो होटल गिराया गया

## उत्तराखंडः गौरीकुंड में लैंडस्लाइड; 3 की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/गौरीकुंड**

**उत्तराखंड के गौरीकुंड में लैंडस्लाइड** की वजह से 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 लोग लापता हो गए। उत्तराखंड के डीजीपी अशोक कुमार ने बताया कि रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ धाम यात्रा रूट पर यह हादसा हुआ। रेस्क्यू टीम सर्च ऑपरेशन चला रही है। लापता लोगों में से 17 नेपाल के नागरिक हैं। उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल जिले में शनिवार रात को बारिश के चलते एक घर की दीवार गिर गई। दीवार के नीचे दबने से 2 बच्चों की मौत हो गई। उधर, नैनीताल में पुल के ऊपर से गुजर रही बस पलट गई।

## योगी ने डिजिटल कॉरिडोर का किया उद्घाटन

**अवलोकन**

8 विधान भवन में नवीनीकृत गैलरी और भाजपा विधान मंडल दल कार्यालय का भी किया उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को विधान भवन में विभिन्न कार्यों का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने सर्वप्रथम यहां बनी डिजिटल वीथिका भ्रमण कर अवलोकन किया। इसके विधान भवन के प्रथम तल पर नवनिर्मित डिजिटल कॉरिडोर का उन्होंने उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने द्वितीय तल पर नवीनीकृत गैलरी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधान मंडल दल कार्यालय कक्ष का भी उद्घाटन किया। इसके अलावा उन्होंने नव निर्मित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष का उद्घाटन किया।

साथ ही उत्तर प्रदेश विधान सभा में अध्यक्ष सतीश महाना का एक वर्ष नामक पुस्तक का लोकार्पण किया।

इसके अलावा उन्होंने विधानसभा के गाइडेट टुअर की वेबसाइट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, संजय निषाद मुख्य रूप से उपस्थित रहे।





## जोशीमठ में दिखने लगा भू धंसाव का असर

**टीम एक्शन इंडिया/जोशीमठ**

**लगातार हो** रही बारिश से पिछले कई दिनों से नगर के विभिन्न वार्डों में भूस्खलन और मकानों में दरारें बढ़ रही थीं लेकिन बीती रात्रि की बारिश से काफी नुकसान हुआ है। बारिश के कारण सीमान्त नगर जोशीमठ का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है।

जोशीमठ नगर के शीर्ष पर औली में भूस्खलन के साथ ही सुनील, पुनागेर, सिंहधार, नरसिंह मंदिर गांव के निचली ओर के अलावा नगर के लगभग सभी वार्डों में भूस्खलन हुआ है, जिसके कारण कृषि भूमि व फसल को भी नुकसान हुआ है। सिंहधार वार्ड में त्रिदंडी आश्रम पूरी तरह खतरे की जद में आ गया है।

8 औली से लेकर मारवाड़ी तक कई स्थानों पर हुआ भूस्खलन,
8 जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया

## जम्मू-कश्मीर में 3 दिन में दो एनकाउंटर, एक आतंकी ढेर

**आतंकी मारा**

**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**

**जम्मू-कश्मीर के** कुलगाम और राजौरी में सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। कुलगाम में 4 अगस्त से, जबकि राजौरी में 5 अगस्त से एनकाउंटर जारी है। कुलगाम की घटना में तीन जवान शहीद हुए हैं, जबकि राजौरी में पिछले 24 घंटों से जारी एनकाउंटर में एक आतंकी मारा जा चुका है। 4 अगस्त को कुलगाम के हलान जंगल में आतंकियों ने सेना के टेंट पर फायरिंग की थी। इसके बाद दोनों ओर से गोलीबारी शुरू हुई, जो अब तक जारी है। इस घटना में शुक्रवार को 3 जवान घायल हो गए थे। तीनों को श्रीनगर के मिलिट्री हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था। इलाज के दौरान देर रात तीनों की मौत हो गई थी। माना जा रहा है कि हमला पीर पंजाल रेंज से घुसपैठ करके आए 3 आतंकियों ने किया था। हमले के बाद आतंकी कुछ हथियार लेकर भाग गए। इन आतंकियों को पकड़ने के लिए पिछले तीन दिनों से सर्च एंड डिस्ट्रॉय मिशन के लिए आर्मी की पैरा स्पेशल फोर्स को तैनात किया गया है। ऑपरेशन में ड्रोन की भी मदद ली जा रही है।



8 कुलगाम में 4 अगस्त से, राजौरी में 5 अगस्त से एनकाउंटर जारी है। कुलगाम में तीन जवान शहीद हुए हैं

**यात्रा** इस साल अब तक 4.17 लाख श्रद्धालुओं ने अमरनाथ के दर्शन किए; यात्रा में 25 दिन बाकी

## बाबा बर्फानी के दर्शन को रिकॉर्ड तोड़ श्रद्धालु पहुंचेः 2022 के अमरनाथ दर्शन का रिकॉर्ड टूटा

**बाबा के दर पर**

8 यात्रा 62 दिनों तक चलेगी। जम्मू कश्मीर से अमरनाथ के लिए नया बैच 6 अगस्त को रवाना हुआ

**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**

**अमरनाथ** यात्रा में 1 जुलाई से अब तक 4 लाख 17 हजार से ज्यादा श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। जबकि पिछले साल पूरे सीजन में 3 लाख 65 हजार यात्रियों ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए थे। इसी के साथ पिछले साल का रिकॉर्ड टूट चुका है। यात्रा को अब 37 दिन हो चुके हैं। यात्रा 1 जुलाई से 31 अगस्त यानी 62 दिनों तक चलेगी। जम्मू कश्मीर से अमरनाथ के लिए नया बैच 6 अगस्त को रवाना हुआ। इसमें 1626 यात्री शामिल हैं। अमरनाथ की ओर जाने वाले जम्मू- श्रीनगर नेशनल हाईवे पर लैंडस्लाइड हुआ। जिसके चलते यात्रा रोकना पड़ी। श्रद्धालुओं को रामबन के चंद्रकोट जिले में एक कैंप में रोका गया है।



## बारिश ने बढ़ाई परेशानी, भक्ति नहीं हुई कम

बर्फबारी के चलते यात्रा को 5 अगस्त को भी एक दिन के लिए रोक दिया गया था। अमरनाथजी श्राइन बोर्ड दुनियाभर के लोगों के लिए सुबह और शाम की आरती का सीधा प्रसारण भी कर रहा है।

**इस साल का 34वां बैचः** अधिकारियों ने बताया कि 1626 यात्रियों का 34वां बैच हैं। यह बैच 6 अगस्त को करीब 3.30 बजे 64 वाहनों के साथ भगवती नगर के बेस कैंप से निकला। इसमें 2092 यात्री अनंतगढ़ जिले के पहलगाम बेस कैंप जा रहे हैं। 534 यात्री गंदेरबाल जिले के बालटास बैस कैंप के लिए जा रहे हैं। सुबह करीब 6.15 किला मोर्ह पर भारी भूस्खलन के बाद यात्रियों को चंद्रकोट यात्री निवास पर रोक दिया गया। ट्रैफिक पुलिस ने यात्रियों को सलाह दी है कि जब तक सड़क से पत्थर नहीं हटाए जाते, तब तक यात्रा को आगे न बढ़ाए। रामबन पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि सड़क को दुरुस्त करने के लिए पुलिस ने लोगों और मशीनों को तैयार रखा गया हैं।

## हिंदी के गुलाम नहींः सीएम एमके स्टालिन

**विरोध**

**टीम एक्शन इंडिया/चेन्नई**

**हिंदी** भाषा को लेकर गृह मंत्री अमित शाह के एक बयान पर तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने नाराजगी जताई है। शाह ने 4 अगस्त को एक बैठक में कहा था कि सभी राज्यों को हिंदी स्वीकार करनी चाहिए। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इस पर आपत्ति जताते हुए एक ट्वीट किया। उन्होंने लिखा, अमित शाह गैर-हिंदी राज्यों पर जबरदस्ती हिंदी थोप रहे हैं। तमिलनाडु इसे स्वीकार नहीं करेगा, हम हिंदी के गुलाम नहीं बनेंगे। कर्नाटक और पश्चिम बंगाल जैसे और स्टेट भी इसका विरोध कर रहे हैं।



**भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने से ही देश मजबूत होगाः** रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमित शाह ने संसदीय राजभाषा समिति की 38वीं बैठक की अध्यक्षता की थी। इसमें उन्होंने कहा कि सभी को बिना किसी विरोध के हिंदी भाषा स्वीकार करनी चाहिए। शाह ने ये भी कहा, हिंदी बाकी भाषाओं के कंपटीशन में नहीं है, सभी भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने से ही देश मजबूत होगा।

8 अमित शाह ने कहा था- हिंदी को बिना किसी विरोध के स्वीकार करना चाहिए, सीएम ने किया शाह के बयान का विरोध

**तमिलनाडु भाजपा प्रमुख का कहना- स्टालिन न तो हिंदी जानते हैं और न ही अंग्रेजीः** तमिलनाडु भाजपा प्रमुख के. अन्नामलाई ने मीडिया से कहा कि एमके स्टालिन को न तो हिंदी ठीक से आती है और न ही अंग्रेजी, इसलिए वे ठीक से समझ नहीं पाए कि अमित शाह क्या कहना चाहते हैं? अन्नामलाई बोले कि शाह ने ये साफ कह दिया सभी राज्यों में मातृभाषा में पढ़ाई होनी चाहिए।

# गर्माते चुनावी माहौल में राजनीतिक दलों की चिंता बढ़ाएगा वैश्य समुदाय

## गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर राजनीतिक दलों के सामने अपनी ताकत का अहसास करवाएंगे वैश्य संगठन

**तैयारी**

**8 हाशिए पर चल रहे वैश्य समुदाय ने अपनी राजनीतिक ताकत को दुबारा हासिल करने के लिए कमर कस ली है**





**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़। सत्ता** में बरकरार रहने से लेकर सत्ता में आने को आतुर राजनीतिक दल चुनावी साल में संगठन को मजबूत बनाने से लेकर जनता के बीच खुद को साबित करने के लिए अपनी रणनीति को अंजाम देने में जुट गए हैं। समाज और राजनीति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे चुके और वर्तमान में राजनीतिक दलों में हाशिए पर चल रहे वैश्य समुदाय ने अपनी राजनीतिक ताकत को दुबारा हासिल करने के लिए कमर कस ली है। अगले तीन महीने में गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर दिल्ली में रैली के साथ वैश्य समुदाय राजनीतिक दलों के सामने न केवल अपनी ताकत का अहसास करवाएगा, बल्कि प्रदेश की विभिन्न सीटों पर अपनी दावेदारी ठोकेगा। भाजपा, कांग्रेस, इनेलो, जजपा, आप अपने-अपने तरीके से लोकसभा और विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट चुके हैं। प्रदेश में रैलियों से लेकर कार्यकर्ताओं के सम्मेलन, पदयात्राएं और संगठन मजबूत करने की व्यूह रचना से चुनावी दंगल सज चुका है। इसी कड़ी में प्रदेश को मुख्यमंत्री दे चुके और एक समय में 16 विधायक चुनकर देने वाले वैश्य समुदाय ने अपनी खोई हुई ताकत को दुबारा से हासिल करने के लिए तैयारी कर ली है। प्रदेश की राजनीति में अपना वर्चस्व बढाने के लिए वैश्य समुदाय के अलग-अलग संगठनों ने एकजुट होना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन, अग्रोहा विकास ट्रस्ट और अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन समाज के राजनीतिक हकों के लिए एक हो चुके हैं। महाराजा अग्रसेन की पावन धरती अग्रोहा धाम में इन तीनों संगठनों की प्रदेश कार्यकारिणी की संयुक्त बैठक में वैश्य समाज के राजनीतिक व सामाजिक कल्याण के सांझा कार्यक्रम तैयार किए गए। हालांकि लंबे समय के बाद वैश्य समाज की ताकत दिखाने के उद्देश्य से हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती की पूर्व संध्या 1 अक्टूबर को जींद में वैश्य संकल्प रैली करने का ऐलान किया हुआ है। संयुक्त बैठक में तय हुआ है कि अब तीनों संगठन की जिला इकाइयां भी जी-जान लगाकर रैली को कामयाब बनाएंगी। रैली का निमंत्रण प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय एवं कस्बों में देने के लिए युवा कार्यकर्ता महाराजा अग्रसेन के 18 गोत्रों के प्रतीक के रूप में 18 मोटरसाइकिलों पर 11 दिनों तक वैश्य मोटरसाइकिल चेतना यात्रा निकालने जा रहा है। संयुक्त बैठक में मंथन हुआ कि प्रदेश की राजनीति में अहम योगदान देते हुए वैश्य समुदाय बाबू बनारसी दास गुप्ता के तौर पर मुख्यमंत्री और एक ही समय में विधानसभा में 16 विधायक भेज चुका है। धीरे-धीरे वैश्य समाज के निर्वाचित सदस्यों की संख्या कम होते हुए चार पर पहुंची और बीते चुनाव से पूर्व वैश्य समुदाय के जागरूक प्रयासों की बदौलत यह संख्या 8-9 तक पहुंच पाई। वैश्य समुदाय को राजनीतिक मजबूती देने के लिए बनी रणनीति में प्रदेश वैश्य महासम्मेलन का नेतृत्व कर रहे मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन, अग्रोहा विकास ट्रस्ट का नेतृत्व कर रहे कॉनफेड के पूर्व चेयरमैन बजरंग दास गर्ग, अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन की प्रदेश इकाई का नेतृत्व पंचकूला वासी आप पार्टी के नेता सुरेश गर्ग व गुरुग्राम से विधायक रहे महासम्मेलन के राष्ट्रीय महामंत्री आप नेता उमेश अग्रवाल भी पूरी संजीदगी से पूरे अभियान में जुटे हुए हैं।

# पीएम ने सोनीपत सहित देश के 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य का किया शिलान्यास

**भव्य होगा स्टेशन**

**8 सोनीपत रेलवे स्टेशन को भव्य रूप देने के लिए खर्च किए जाएंगे 29 करोड़ रुपए-सांसद रमेश कौशिक**




**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत/रमेश कुमार**

आजादी का अमृत काल की श्रंखला में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से बटन दबाकर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत सोनीपत सहित देश के 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने देश की जनता को संबोधित करते हुए कि इन रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास पर लगभग 25 हजार करोड़ खर्च कर इतना भव्य रूप दिया जाएगा जिससे पूरे विश्व में भारत की एक अलग पहचान स्थापित होगी। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत हरियाणा के भी 15 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जाएगा। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत सोनीपत रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में सांसद रमेश कौशिक ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर द्वीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की और सोनीपत रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य का शुभारंभ किया। सांसद ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सोनीपत रेलवे स्टेशन को भव्य रूप देने के लिए 29 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे, जिसके तहत यहां लोगों के बैठने के लिए वेटिंग रूम, प्रत्येक प्लेटफार्म में स्वचालित सीढ़ियों का निर्माण, विकलांगों व वृद्ध लोगों की सुविधा के लिए लिफ्ट का निर्माण, पढ़ने वाले बच्चों व यात्रियों के लिए मुफ्त वाई-फाई की सुविधा, शॉपिंग कक्ष सहित स्टेशन द्वारा का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य के पूरा होने पर यात्रियों को एयरपोर्ट की भांति सभी सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि इस योजना के प्रथम चरण में सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के सोनीपत व जींद तथा दूसरे चरण में गोहाना रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास का कार्य पूरा किया जाएगा। सांसद ने कहा कि नए बनने वाले रेलवे स्टेशनों को इस प्रकार के डिजाइन से तैयार किया जाएगा, जिससे रेलवे स्टेशनों में देश की संस्कृति और विरासत की झलक दिखने को मिलेगी। उन्होंने कहा कि जब मैं बड़ी में रेल कोच कारखाने के निर्माण के लिए प्रयास कर रहा था तो कई राजनेता कहते थे कि यह कारखाना तो बनारस चला गया गुजरात चला गया। लेकिन मैंने हार नहीं मानी और इस कारखाने का बड़ी में स्थापित करवाकर जनता के सामने उनकी बातों को झूठा साबित किया। पिछले दिनों प्रधानमंत्री द्वारा इसका उद्घाटन भी किया गया है। उन्होंने बताया कि इस कारखाने में वंदेभारत ट्रेन के डिब्बे तैयार करने के लिए फ्रांस की एक कंपनी यहां 30 हजार करोड़ का निवेश करने जा रही है, जिससे इस क्षेत्र के विकास को एक नई उड़ान मिलेगी और हमारे युवाओं को रोजगार मिलेगा। सांसद ने कहा कि देश में जब भाजपा की सरकार आई तो हमारी अर्थव्यवस्था विश्व में 10वें नंबर पर थी लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों और हमारी योजनाओं में किए गए एतिहासिक परिवर्तनों से आज देश की अर्थव्यवस्था विश्व में पांचवे स्थान पर है।

# इमरजेंसी में लगवाए गए रक्तदान शिविर में 63 यूनिट एकत्रित




**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**माँ** भारती रक्तवाहिनी के सहयोग से गाँव कुमासपुर के कन्या उच्च विद्यालय में सँस्था के 140 वें रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में पीजीआई खानपुर से आई रक्तकोष टीम ने 63 यूनिट रक्तदान करवाया। यह रक्तदान शिविर मात्र एक दिन पहले खानपुर पीजीआई के रक्तकोष में आई खून की कमी के चलते लगवाया गया जिसमें माँ भारती रक्तवाहिनी ने कुमासपुर गाँव के युवाओं के साथ मिलकर मात्र 1 दिन प्रचार प्रसार करके रक्तदान शिविर को सफल बनाया। शिविर में मुख्य रूप से पहुँचे आई सी एस कोचिंग सेंटर के निदेशक परिमल कुमार, सँस्था संरक्षक पूर्णमल गौड़, मार्गदर्शक स्नेहलता, नरेंद्र भूटानी, ऋषिपाल भधाना ने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। यह रक्तदान शिविर एच डी एफ सी बैंक सम्भालखा ने स्पॉन्सर किया था जिसमे यूनिट हेड नितिन सोनी जी ने पूर्ण सहयोग किया। माँ भारती रक्तवाहिनी अध्यक्ष विपिन कुमार गौड़ ने बताया कि सँस्था के सदस्य सोनू सिंघल व सुधीर ने मुख्य रूप से कुमासपुर के युवा साथियों को रक्तदान शिविर की जानकारी दी और कैंप की पूरी व्यवस्था को संभाला।

# अवैध हथियार सहित आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**गोहाना:** जिले के थाना सदर गोहाना की पुलिस ने अवैध हथियार सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी दीपक पुत्र राजेंद्र वासी खानपुर कलां सोनीपत का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि थाना सदर गोहाना में नियुक्त ल्ह धीरज ने अपनी पुलिस टीम के साथ अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों की खोज में गाव गामडी से पहले गोहाना की तरफ नाका लगाये हुए था तो मुखबर खास के बताये हुलिये अनुसार एक शख्स गांव गामडी की तरफ से पैदल आता दिखाई दिया जो सामने पुलिस पार्टी को देखकर एक दम पीछे मुडकर तेज-तेज कदमो से चलने लगा जिसको काबू करके नाम पता पूछा तो अपना नाम दीपक पुत्र राजेंद्र वासी खानपुर कलाँ बतलाया जिसकी शक की बिनाह पर तलाशी ली तो शख्स की दाहिनी डब से एक देशी पिस्तौल 315 बोर बरामद हुआ।

# 'सच्चाई की डगर पर निर्भीकता से चल रहे राहुल गांधी'

## युवाओं के निशाने पर है केंद्र की मोदी और प्रदेश की गठबंधन सरकार, अहीर रेजिमेंट की मांग जायज: श्रुति चौधरी



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल।** जिस इलाके में पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी हाशिये पर रही हो उसी इलाके में उमड़े जन सैलाब ने यहां के सियासी समीकरणों को पूरी तरह से हिला दिया। अटेली मंडी में आज किरण चौधरी और श्रुति चौधरी के नेतृत्व में जिस तरह से युवा, महिला, किसान और मजदूर लामबंद हुए वो बड़े राजनैतिक बदलाव का संकेत है। किरण और श्रुति भी उमड़ी भीड़ से गदगद नजर आई। डॉक्टर विकास यादव और डॉक्टर प्रियंका यादव ने साथियों सहित किरण और श्रुति चौधरी की अगुवाई में साथियों सहित कांग्रेस का दामन थामा। इससे पहले मोटर साईकिल के लंबे काफिले ने गगनभेदी नारे लगाते हुए किरण और श्रुति चौधरी की बाईपास से ओम रिसॉर्ट तक अगवानी की। अपने संबोधन में कांग्रेस की दिग्गज नेता व पूर्व केबिनेट मंत्री किरण चौधरी ने कहा कि राहुल गांधी की दोषसिद्धि पर रोक लगने से जनता का शीर्ष अदालत पर विश्वास और बढ़ा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की अगुवाई में चली भारत जोड़ो यात्रा की अभूतपूर्व कामयाबी भाजपा को हजम नहीं हुई और उसने षड्यंत्र रचकर राहुल गांधी की सदस्यता निचली अदालत का फैसला आने के 24 घंटे के भीतर रद्द करवा दी। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने दूध का दूध पानी का पानी कर दिया। उन्होंने कहा कि सच्चाई की डगर पर निर्भीकता से चल रहे राहुल गांधी देश के किसान, मजदूर, युवा, महिलाओं और छोटे दुकानदारों की लड़ाई अब और अधिक मजबूती से लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं का अंबार लगा पड़ा है। प्रदेश की गठबंधन सरकार लोगों का विश्वास खो चुकी है। उन्होंने कहा कि वो आगामी विधानसभा सत्र में सभी मुद्दों को जोर शोर से उठायेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व सांसद श्रुति चौधरी ने अहीर रेजिमेंट की मांग का समर्थन करते हुए अग्निवीर योजना को युवाओं के साथ विश्वासघात बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर साल 2 करोड़ रोजगार देने की बात कही थी लेकिन अपने वायदे से मुकर जाने के बाद उन्होंने युवाओं को यह योजना थमाकर छल किया है जिसका बदला युवा 2024 के चुनाव में लेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की गठबंधन सरकार ने पेपर लीक मामले में रिकॉर्ड बना लिया है और बेरोजगारी में हरियाणा देशभर में पहले पायदान पर है।

# युवाओं को प्रधानमंत्री के पांच सूत्रों से कराया अवगत



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**जनहित** सेवा केन्द्र सोनीपत के द्वारा नेहरू युवा केन्द्र सोनीपत( युवा कार्यक्रम एंव खेल मंत्रालय भारत सरकार) के तत्वावधान में एस०एम० हिन्दू ० सीनियर० सेकेंडरी० स्कूल में "माननीय प्रधानमंत्री जी के पंचपर्ण पर आधारित"आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि ललित बत्रा ( पूर्व चेयरमैन हरियाणा सरकार) प्रवीण वर्मा ( वर्मा लेब ) प्रमुख समाजसेवी, हेमंत नांदल अध्यक्ष राष्ट्रवादी परिवर्तन मंच, व विकास कुमार( मानवाधिकार कार्यकर्ता) ने माँ सरस्वती विद्या की देवी पर पुष्प अर्पित कर दिप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ललित बत्रा ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के पंचपर्ण पर युवाओं को जागरूक किया की पंच प्रण को अपना कर हम अपनी पुरानी परंपरा और सभ्यता से जुड़े रह सकते है इनको अपना कर हम और हमारा देश तरक्की कर सकता हैं युवाओं ने पंचपर्ण को अपनाने की शपथ ली ,युवाओं ने सभा मे खड़े होकर बत्रा जी को सलामी दी व भारत माता के जयकारों से पुरा हॉल गूँज रहा था जिस पर युवाओं का जोश देखते बनता था इस दौरान श्रीललित बत्रा जी ने युवाओं को सोनीपत में 10 तारीख को निकलने वाली तिरंगा यात्रा का न्यौता भी दिया। प्रमुख समाज सेवी प्रवीण वर्मा जी (वर्मा लेब) ने बताया कि जो पंचपर्ण है किस प्रकार उन्हें आत्मसात करके हम अपने साथ देश को आगे बढ़ने में सहयोग कर सकते हैऔर माननीय प्रधानमंत्री जी के आदर्शों को अपना कर हम लोग आगे बढ़ सकते हैं कार्यक्रम में उपस्थित मानवाधिकार कार्यकर्ता विकास ने युवाओं को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में बहुत बारीकी से समझाया। इस दौरान कार्यक्रम में मैडम शालिनी और युवाओं को जागरूक किया। श्रीललित बत्रा जी के द्वारा कार्यक्रम में विभिन्न

**जागरूक**

**8 हम अपनी पुरानी परंपरा और सभ्यता से जुड़े रह सकते है इनको अपना कर हम और देश तरक्की कर सकता हैं**

# दोहान पच्चीसी क्षेत्र में आम आदमी पार्टी ने चलाया बिजली आंदोलन



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल।** आम आदमी पार्टी के द्वारा चलाया जा रहा बिजली आंदोलन की शुरूआत क जिसमें एडवोकेट कुलदीप सिंह भरगढ़, ज़िला अध्यक्ष आम आदमी पार्टी (लीगल सेल) महेंद्रगढ़ अपनी पार्टी के अन्य साथियों के साथ सबसे पहले गोद गांव में पहुंचे और घर घर और गांव की दूकानों पर जाकर लोगों को बिजली कटौती और आज हरियाणा सरकार बिजली के बिलो की पोल खोली कि सरकार के द्वारा किस प्रकार से भिन्न भिन्न प्रकार के चार्ज लगाकर आम आदमी को लूटा जा रहा है, जबकि दिल्ली और पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार ने दिल्ली और पंजाब में लोगों के बिजली के बिल माफ कर दिए हैं लेकिन आज भी हरियाणा की सरकार पर लाखो करोड़ का कर्जा हो रहा है जबकि दिल्ली की सरकार पर कोई भी कर्जा नहीं है जबकि गठबंधन सरकार के नेता कहते हैं की केजरीवाल फ्री की रेवड़ियां बांट रहा है और यह पैसे लेते हुए भी हरियाणा प्रदेश को कर्ज मुक्त नहीं कर सकते, ऐसी सरकार को बदलना है और आम आदमी पार्टी की सरकार को लाना है, और आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर हरियाणा में भी 24 घण्टे बिजली देने और 300 यूनिट तक फ्री बिजली बीना कट के देने का वायदा किया और विशेषकर नागलचौधरी विधानसभा के जनप्रतिनिधि के विरुद्ध खुलकर बोला की यहां के विधायक अपनी मीडिया और सोसल मीडिया की बेहतर मैनेजमेंट के बल पर हवा में विकास पुरुष का तबका लगाएं हुए बैठे हैं जबकि सबसे ज्यादा दुखी और परेशान नांगल चौधरी क्षेत्र की जनता हैं, दोहान पच्चीसी के गांव गोद, हमीदपुर और गहली और बस स्टैंड बलाह खुर्द पर बिजली आंदोलन के दौरान पहुंचने पर उनका व उनके साथियों का दोहान पच्चीसी के लोगों ने जबरदस्त स्वागत किया और गांव के सार्वजनिक जगह पर इकट्ठे होकर उनके विचार सुने और जो हरियाणा सरकार के अधिक सर चार्ज इत्यादि लगाकर जो बिल वसूले जा रहे हैं उनका सार्वजनिक रूप से दहन किया।

**आंदोलन**

**8 सरकार के द्वारा किस प्रकार से भिन्न भिन्न प्रकार के चार्ज लगाकर आम आदमी को लूटा जा रहा है**

# हत्या करने की घटना में संलिप्त दो और आरोपी को किया गिरफ्तार

**गोहाना:** जिले के थाना शहर गोहाना की पुलिस ने तेजधार हथियार से हत्या करने की घटना मे संलिप्त दो और आरोपी को गिरफ्तार किये है। गिरफ्तार आरोपी देव पुत्र वीरभान वासी दरियापुर कालोनी गोहाना व योगेश पुत्र कप्तान वासी कृष्णा कालोनी गोहाना के रहने वाले है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि गत 30 जुलाई को शान्ति देवी पत्नी हरिराम वासी आदर्श नगर गोहाना ने थाना शहर गोहाना में शिकायत दी थी कि आज दिनांक 30.07.2023 को मुझे मेरी पुत्रवधु सुदेश ने बताया की अशोक की मौत हो गई है मेरे फिर घर पर आकर देखा तो मेरे बेटे अशोक उर्फ बन्टू की तेजधार हथियार लगने से मेरे चोटे पर नाश पडी हुई थी जो मुझे लगा की अज्ञात व्यक्ति ने किसी रंजिश को रखते हुई मृत्यु कर दी है।

# यमुना से सटे करीब 40 गांवों के किसानों की गांव सनौली खुर्द में हुई किसान महापंचायत

**मंथन**

**8 किसानों की हजारों एकड़ बर्बाद हुई फसल की विशेष गिरदावरी करवाकर मुआवजा देने की मांग**



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया। पानीपत** जिला के यमुना के आसपास के करीब 40 गांवों के किसानों की किसान महापंचायत रविवार को गांव सनौली खुर्द के मंदिर प्रांगण में हुई। महापंचायत की अध्यक्षता पत्थरगढ के सबसे बुजुर्ग किसान मौलवी हारूण ने की। किसान महापंचायत में तीन प्रमुख मुद्दों यमुना से सटे सभी गांवों की शामलात की भूमि को मलकीयत में करने, यमुना का तटबंध टूटने से करीब एक दर्जन गांवों के किसानों की हजारों एकड़ बर्बाद हुई फसल का दो दिन में विशेष गिरदावरी करवाकर 50 हजार रूपए प्रति एकड़ मुआवजा देने और हरिद्वार हाईवे पर गांव तामशाबाद के पास बने एनएचएआई के टोल पर आसपास के गांवों के लिये अलग से फ्री वाली लेन बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। वहीं महापंचायत में सभी गांवों के किसानों ने जातिवाद व पार्टी बाजी से उपर उठकर एकजुट होकर अपने हकों की लड़ाई लड़ने का फैसला लिया है। यमुना सुधार समिति के प्रदेशाध्यक्ष एवं किसान रतन सिंह रावल एडवोकेट, सरपंच संजय त्यागी, किसान नेता चूहड़ सिंह रावल, पूर्व सरपंच पर सिंह रावल आदि ने कहा कि गांव राणा माजरा से लेकर हथवाला तक यमुना के आसपास के करीब 40 गांवों में शामलात की भूमि है और सरकार ने इस शामलात की भूमि को पंचायतों को देने का फैसला लिया गया जबकि यमुना खादर की जमीन दूसरी शामलात वाली जमीन से अलग है। किसानों ने करीब तीन माह पहले सांसद संजय भाटिया को ज्ञापन सौंपा था उन्होंने मुख्यमंत्री से मिलकर शामलात वाली जमीन का समाधान करवाने का आश्वासन दिया था लेकिन आज तक कुछ नहीं हुआ है। पिछले माह 11 जुलाई को यमुना का तटबंध टूटने से करीब एक दर्जन गांवों के किसानों की करीब 6 हजार एकड फसल बर्बाद हुई है लेकिन सरकार व प्रशासन ने तो आज तक उस खराब हुई फसल की गिरदावरी तक नहीं करवाई गई। किसानों की बाढ से खराब हुई फसल की सिर्फ दो दिन में विशेष गिरदावरी करवाई जाये और किसानों को खराब फसल का 50 हजार रूपए प्रति एकड मुआवजा दिया जाये। हरिद्वार हाईवे पर तामशाबाद के पास बनाये गये टोल पर आसपास के सभी गांव के ग्रामीणों के लिये अलग से लेन बनाई जाये। अब टोल से गुजरते वक्त कारों पर लगे फास्ट टैग से रूपए कट जाते है। वहीं रतन सिंह रावल ने कहा कि किसानों का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को सांसद संजय भाटिया और उपायुक्त वीरेंद्र दहिया से मिलकर अपनी मांग रखेगा लेकिन सरकार व प्रशासन ने उनकी मांग को पूरा नहीं किया तो जिला मुख्यालय सहित बापौली तहसील कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उपरांत भी सरकार ने किसानों की कोई सुनवाई नही की तो जल्द ही दोबारा से किसान महापंचायत करके आने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनाव बहिष्कार करने का फैसला लिया जाएगा। रविंद्र रावल पूर्व सरपंच, राजदीन सरपंच रिचपुर, पप्पू पूर्व सरपंच, सुरेंद्र शर्मा पूर्व सरपंच, रिशी पूर्व सरपंच, प्रदीप सरपंच आदि ने भी संबोधित किया।

# पीएम ने किया अमृत भारत स्टेशन योजना का शुभारंभ

= मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने राष्ट्रीय स्तरीय समारोह में चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन से लिया भाग, योजना के तहत हरियाणा के 15 स्टेशनों का होगा कायाकल्प: मुख्यमंत्री, दूसरे चरण में प्रदेश के 34 स्टेशनों को किया जाएगा शामिल

**भव्य बनेंगे स्टेशन**


8 देश की आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के स्थापना दिवस को व्यापक स्तर पर मनाना कोई छोटी घटना नहीं है: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत प्रदेश के 15 रेलवे स्टेशनों को योजना में शामिल करने के लिए प्रधानमंत्री, केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव व भारत सरकार का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर में 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्यों के वर्चुअली शिलान्यास के अवसर पर राष्ट्रीय स्तरीय समारोह के दौरान चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर पंजाब के राज्यपाल व चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित तथा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता भी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हरियाणा जिन 15 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जाना है, उनमें अंबाला सिटी, भिवानी जंक्शन, फरीदाबाद, पटौदी रोड, हिसार, बहादुरगढ़, जींद जंक्शन, नरवाना जंक्शन, नारनौल, कालका, रेवाड़ी, रोहतक, सिरसा, सोनीपत, यमुनानगर-जगाधरी शामिल हैं। इसके अलावा, योजना के दूसरे चरण में प्रदेश के 34 स्टेशनों को भी शामिल किया जाएगा। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि देश की आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के स्थापना दिवस को व्यापक स्तर पर मनाना कोई छोटी घटना नहीं है। आज पूरे देश में खुशी का माहौल है और इसके लिए देशवासी बधाई के पात्र हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि कहा कि पिछले लगभग 9 वर्षों के दौरान देश में इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं, चाहे वह सडक तंत्र हो या रेलवे तंत्र हो या हवाई क्षेत्र और समुद्री मार्ग की बात हो। उन्होंने कहा कि भौगोलिक दृष्टि का लाभ मिला है तथा केजीपी व केएमपी के पूरा होने के बाद दिल्ली का यातायात पर दबाव कम हुआ है तो वहीं प्रदेश को 17 राष्ट्रीय राजमार्ग मिले हैं, जिनमें से 8 का कार्य पूरा हो चुका है।



## चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन का नाम चंडीगढ़-पंचकूला हो: ज्ञान चंद गुप्ता

**हरियाणा** विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने अपने सम्बोधन में कहा कि पंचकूला व चंडीगढ़ दोनों ही शहर ट्राईसिटी के प्रमुख शहर हैं। इस अवसर पर उन्होंने केन्द्रीय रेल मंत्री व रेलवे के अधिकारियों से मांग की कि चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन का नाम चंडीगढ़-पंचकूला होना चाहिए। उन्होंने पंजाब के राज्यपाल व चंडीगढ़ के प्रशासक, बनवारी लाल पुरोहित व हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल से भी अनुरोध किया कि वे अपने-अपने स्तर पर इस मामले को केन्द्र सरकार तक पहुंचाएं। ज्ञान चंद गुप्ता ने चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के लिए 511 करोड़ रुपये आवंटित कर इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर का रेलवे स्टेशन बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ का रेलवे स्टेशन प्रधानमंत्री के लिए कोई नया नाम नहीं है। जब वे पंचकूला आते थे तो सैंकडों बार इस स्टेशन से दिल्ली गए हैं। मेरे लिए यह फक्र की बात है कि कुछ महीने पहले वंदे भारत ट्रेन की शुरूआत भी यहीं से की गई थी। उन्होंने कहा कि ट्राईसिटी में मैट्रो परियोजना लाने का कार्य चल रहा है, जिसका फायदा यहां के लोगों को होगा। उन्होंने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत शहरों के प्रवेश द्वार के निकट सिटी सेंटर खोलने की योजना है ताकि बाहर से आने वाले पर्यटक या आगुंतक को एक ही छत के नीचे सभी सुविधाएं मिल सकें। समारोह में रेलवे द्वारा स्कूली बच्चों की रेलवे व देश में क्या नया हो रहा है विषय पर आयोजित निबंध लेखन, पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को पंजाब के राज्यपाल व चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित व हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा प्रमाण-पत्र भी दिए गए।



## प्रदेश का हर जिला राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ा: सीएम मनोहर

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि अब प्रदेश का हर जिला राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ा है, जो आर्थिक कनैक्टिविटी व समृद्धि का प्रतीक है। देश के भौगोलिक क्षेत्र में हरियाणा का क्षेत्रफल लगभग 1.3 प्रतिशत और जनसंख्या में 2.90 प्रतिशत होने के बावजूद भी देश के सकल घरेलू उत्पाद में 4 प्रतिशत का योगदान दे रहा है। जीएसटी संग्रहण में हरियाणा देश में तृतीय स्थान पर है। इसके अलावा, प्रदेश प्रति व्यक्ति जीएसटी संग्रहण में देश में अग्रणी है, जो राज्य की आर्थिक समृद्धि का रास्ता दर्शाता है। मनोहर लाल ने कहा कि रेलवे तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए हरियाणा रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवेलमेंट ऑथिरिटी (एचआरआईडीए) का गठन किया गया है तथा रेलवे मंत्रालय के साथ एमओयू भी किया गया है, जिसके तहत स्पेशल पर्पज व्हिकल (एचपीवी) का गठन किया गया है। इसी प्रकार, रोहतक में देश का पहला पांच किलोमीटर लम्बाई का ऐलिवेटिड रेलवे ट्रैक बनाया गया है। कुरूक्षेत्र में ऐलिवेटिड रेलवे ट्रैक का कार्य लगभग पूरा हो गया है और कैथल के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की गई है। पलवल से सोनीपत तक हरियाणा ऑरबिट रेलवे कॉरिडोर को मंजूरी प्रदान की गई है।

## 'आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत का इन्फ्रास्ट्रक्चर नया रूप ले रहा'

**सीएम** ने कहा कि मैट्रो कनैक्टिविटी का भी विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सोनीपत में रेलवे कोच फैक्टरी की सौगात भी हरियाणा को मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ईस्टर्न-वेस्टर्न डेडिकेटिड फ्रेट कॉरिडोर बनने से हरियाणा में सडक तंत्र का जाल बिछा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार की एक जिला-एक उत्पाद योजना का दायरा बढ़ाते हुए हरियाणा ने प्रदेश में इसे एक ब्लॉक-एक उत्पाद किया है और अब इसे समूह स्तर पर भी करने की योजना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देश को पांच ट्रिलियन की इकोनॉमी बनाकर विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित करने के लक्ष्य को शीघ्र ही प्राप्त कर लिया जाएगा। आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत का इन्फ्रास्ट्रक्चर नया रूप ले रहा है। उन्होंने कहा कि पीएम गतिशील योजना के तहत स्वयं प्रधानमंत्री देश में विकसित हो रहे इन्फ्रास्ट्रक्चर की मॉनिटरिंग करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का आशीर्वाद हरियाणा पर रहा है और वर्तमान में प्रदेश में ट्रेन सेवाओं व आधारभूत ढांचा के विकास के लिए 20 हजार करोड़ रुपये के विकास कार्य प्रगति पर हैं। इसके अलावा, वर्ष 2023-24 के बजट में हरियाणा को रिकॉर्ड 2500 करोड़ रुपये आवंटित हुए हैं।

# 'विधायक मामन की गिरफ्तारी व हिन्दू संगठनों के सदस्यों की हो रिहाई'

= सरपंच एसोसिएशन ने हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को भेजा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**

**सरपंच** एसोसिएशन गुरुग्राम ने नूंह हिंसा को भडकाने में फिरोजपुर झिरका के विधायक मामन खान की तुरंत गिरफ्तारी, पूर्व में गिरफ्तार हिन्दू संगठनों के सदस्यों की रिहाई और उन पर दर्ज मुकदमे रद्द करने की मांग की है। साथ ही कहा है कि गौरक्षक मोनू मानेसर नूंह से लेकर हैदराबाद में बैठे नेता असदुद्दीन ओवैसी को खटक रहा है। अभी तक जांच में मोनू मानेसर के खिलाफ कोई ऐसे सुबूत नहीं मिले हैं, जिसमें कहा जाए कि नूंह हिंसा में उनकी भूमिका हो सकती है। रविवार को यहां शमा पर्यटक केंद्र में एकत्रित हुई सरपंच एसोसिएशन के बैनर तले सरपंचों ने अपनी बात रखते हुए कहा कि नूंह हिंसा एक साजिश थी। हिन्दुओं को बदनाम किया जा रहा है। बृज मंडल यात्रा में पुरुषों के साथ महिलाओं, बच्चों की भी भागीदारी रही। क्या वे महिलाओं, बच्चों के साथ वहां दंगा करने गए थे। दंगा वहां के मुस्लिमों ने किया। गुरुग्राम सरपंच एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सरपंच सुंदर लाल यादव ने मुख्यमंत्री हरियाणा, गृह मंत्री हरियाणा, डीजीपी हरियाणा पुलिस, सीपी गुरुग्राम के नाम भेजे जा रहे ज्ञापन में कहा कि साम्प्रदायिक दंगे भडकाने में सीधी भूमिका विधायक मामन खान की रही। उन्होंने चंडीगढ़ हरियाणा विधानसभा से लेकर अपने मेवात क्षेत्र में लोगों को उकसाया। इस अवसर पर सरंपच सुंदर लाल के साथ लक्ष्मण यादव सरपंच नखडोला, हरजस यादव सरपंच रामपुरा, विजयपाल यादव सरपंच नाहरपुर, लखन सिंह सरपंच शिकोहपुर, दयाराम चेयरमेन प्रतिनिधि, रोहतास पंच काकरोला, सुन्दर पंच काकरोला, पंकज यादव रामपुरा, विक्रम यादव भांगरोला, अशोक कुमार प्रधान बेस्टेक ग्रैण्डस्पा सोसायटी ने भी नूंह हिंसा को हिन्दुओं के खिलाफ साजिश बताया।

उन्होंने कहा कि अब सोहना में आम आदमी पार्टी के नेता जावेद अहमद पर भी हिंसा को लेकर केस दर्ज किया गया है। इन सभी नेताओं को गिरफ्तार करके जेल भेजा जाए। मामन खान की विधानसभा से तुरंत सदस्यता रद्द की जाए। साथ ही उन दोनों होम गार्ड के परिवारों में से एक-एक सदस्य को नौकरी दी जाए, जो इन दंगों में शहीद हुए हैं।



**मांग**

8 नूंह हिंसा एक साजिश थी। हिन्दुओं को बदनाम किया जा रहा है। बृज मंडल यात्रा में पुरुषों के साथ महिलाओं, बच्चों की भी भागीदारी रही

# औद्योगिक क्षेत्र में जल अपशिष्ट उपचार संयंत्र बनाए जाएंगे : दुष्यंत चौटाला

**टीम एक्शन इंडिया/सिरसा**

**हरियाणा** के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने आज सिरसा के इंडस्ट्रियल एरिया में 6 करोड़ 20 लाख की लागत से बने अपशिष्ट उपचार संयंत्र (सीईटीपी) का उद्घाटन किया। इसके उपरांत उन्होंने संयंत्र का निरीक्षण किया और अधिकारियों से विस्तारपूर्वक जानकारी भी ली। उन्होंने संयंत्र के प्रांगण में पौधारोपण भी किया। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि राज्य में औद्योगिक क्षेत्र में जल अपशिष्ट उपचार संयंत्र बनाए जाएंगे, इसी लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाते हुए आज सिरसा से शुरूआत की गई है। जिला सिरसा के इस इंडस्ट्रियल एरिया में 171 प्लॉट है जिसमें करीब 115 यूनिट काम कर रही हैं, उनके लिए यह बहुत फायदेमंद सिद्ध होगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सिरसा इंडस्ट्रियल एरिया की बहुत लंबे समय से सीईटीपी प्लांट लगवाने की मांग थी कि इंडस्ट्रियल वेस्ट को ट्रीट किया जाए।

इस वेस्ट के कारण पहले पानी का 350 से 400 बीओडी का लेवल जाता था, जो अब कम होकर 10 हो गया है। इस पानी का प्रयोग किसान भी अपनी खेती में कर सकते हैं। इससे जहां पर्यावरण संरक्षण में सहयोग मिलेगा वहीं गंदगी व बदबू से भी छुटकारा मिलेगा। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि ट्रीटमेंट के बाद इस पानी का उपयोग सिंचाई व इंडस्ट्री की ग्रीन बेल्ट में होगा। इस प्रकार के प्लांट बनने से उद्योगों को भी लाभ मिल रहा है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में आई बाढ़ से जिन नागरिकों की फसल का नुकसान हुआ है वे अपनी फसलों का डाटा क्षतिपूर्ति पोर्टल पर दर्ज कर सकेंगे। पटवारियों की ड्यूटियां लगाई जा चुकी है और जहां पर पटवारियों की कमी है वहां पर क्षतिपूर्ति सहायकों की भी ड्यूटियां लगाई गई है।

**संयंत्र**

8 राज्य में औद्योगिक क्षेत्र में जल अपशिष्ट उपचार संयंत्र बनाए जाएंगे, इसी लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाते हुए आज सिरसा से शुरूआत की गई है

# गरीब कल्याण को समर्पित है मोदी का जीवन: डॉ. अरविंद



**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**

सांसद डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एक-एक शब्द व कार्य राष्ट्र प्रेम व गरीब कल्याण के लिए समर्पित है। डॉ शर्मा रविवार को रोहतक रेलवे स्टेशन पर देश के 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्यों का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि नरेन्द्र मोदी का पूरा जीवन राष्ट्र को समर्पित है और वे हर पल अपने राष्ट्र की मजबूती व विकास के लिए कार्य करते रहते हैं। अंत्योदय को लेकर केंद्र व राज्य सरकार ने अनेक योजनाओं को क्रियान्वित किया। सांसद ने कहा कि निश्चित रूप से 508 रेलवे स्टेशन का एक साथ पुनर्निर्माण करवाना एक एतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि रोहतक रेलवे स्टेशन के पुनर्निर्माण कार्य पर लगभग 29 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे और यह रेलवे स्टेशन एक ऐसे मॉडल रेलवे स्टेशन के रूप में उभर कर सामने आएगा, जिसकी हमने कल्पना भी नहीं की होगी। उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्षों में देश व प्रदेश में तीव्र गति से हर क्षेत्र में विकास कार्य हुए हैं। वर्ष 2014 की अपेक्षा रेलवे का बजट लगभग 5 गुना बढ़ चुका है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि उनके प्रयासों से मेट्रो आसौदा तक पहुंच चुकी है और जल्द ही यह सांपला और उसके बाद रोहतक तक पहुंचेगी। इसी प्रकार से आरआरटीएस के दूसरे चरण को भी मंजूरी मिल चुकी है।

**तारीफ**

8 मॉडल रेलवे स्टेशन के रूप में उभरकर आएगा रोहतक रेलवे स्टेशन, रोहतक तक आएगी मेट्रो

# गांवों को शहरी सुविधाएं देने के लिए काम कर रही सरकार: बृजेन्द्र सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

हिसार लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजेंद्र सिंह ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में शहरी क्षेत्र की तर्ज पर सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाने को लेकर केंद्र व प्रदेश सरकार निरंतर कार्य कर रही है। इस दिशा में ग्राम दर्शन पोर्टल, हरियाणा स्मार्ट ग्राम विकास प्राधिकरण, स्वच्छ भारत अभियान तथा म्हारा गांव-जगमग गांव जैसी अनूठी योजनाएं शुरू की गई है। सांसद बृजेन्द्र सिंह रविवार को लोक निर्माण विभाग कार्यालय में ग्राम पंचायतों को ट्रेक्टर वितरित करने उपरांत बातचीत कर रहे थे। इस अवसर पर बरवाला के विधायक जोगीराम सिहाग भी उपस्थित थे। सांसद बृजेंद्र ने न्याणा, रायपुर, ढाणी रायपुर, गढ़ी, बालक आदि गांवों के प्रतिनिधियों को ट्रेक्टर वितरित किए। गत दिनों इन गांवों का दौरा करते हुए उन्होंने ग्राम पंचायतों की मांग पर अपनी सांसद निधि से ट्रेक्टर ट्रॉली देने की घोषणा की थी, जिनका इस्तेमाल गांवों में विभिन्न कार्यों के लिए किया जा सकेगा। सांसद बृजेंद्र ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार के प्रयासों से गांवों की तस्वीर बदलने लगी है और वहां लोगों को विभिन्न सुविधाएं उनके घर द्वार पर उपलब्ध करवाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि शुरूआती चरण में एक हजार गांवों को स्मार्ट ग्राम बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जिनमें सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ युवाओं का कौशल विकास और रोजगार सुनिश्चित किया जाएगा। इस मौके पर परमिंद्र सहरावत, विजय कौशिक, अशोक सिवाच, मौसम सहरावत, कृष्ण जुगलान, रविंद्र न्याणा, धर्मेंद्र बलहारा सहित शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



**विकास कार्य**

8 सांसद बृजेंद्र ने न्याणा, बालक आदि गांवों के प्रतिनिधियों को ट्रेक्टर वितरित किए

## जावेद अहमद पर की है झूठी एफआईआर: अनुराग ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**

**नूंह दंगों में आम आदमी पार्टी के** नेता जावेद अहमद की भूमिका दिखाकर उन पर दर्ज की गई हत्या एफआईआर झूठी है। जब यह घटना हुई तब जावेद अहमद वहां से 100 किलोमीटर दूर बैठे थे। यह बात रविवार को आम आदमी पार्टी के नेता अनुराग ढांडा ने जावेद अहमद पर एफआईआर दर्ज होने के बाद कही। उन्होंने कहा कि भाजपा को हरियाणा के लोग पूरी तरह नकार चुके हैं। इसलिए भाजपा अब दंगों का षडयंत्र रच कर समाज को बांटने का काम कर रही है।

# अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क: सीसीटीएनएस रैंकिंग में प्रदेश पुलिस ने फिर मारी बाजी

= 100 अंक प्राप्त कर लिया प्रथम स्थान, स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो ने सीसीटीएनएस को किया 112 से इंटीग्रेट, स्वत: ही थाने तक पहुंचेगी सूचना, प्रदेश पुलिस दो माह रैंकिंग में लगातार प्रथम स्थान पर, इस वर्ष 4 माह रही हरियाणा पुलिस टॉप पर

**प्रथम**

8 इस वर्ष जून माह में 100 प्रतिशत अंक के साथ प्रदेश पुलिस ने शीर्ष स्थान हासिल किया है

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**प्रदेश** पुलिस ने सभी राज्यों से आगे निकलते हुए लगातार दूसरे माह अखिल भारतीय स्तर पर जारी नवीनतम अपराध एवं अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क (सीसीटीएनएस) प्रगति रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया है। इस वर्ष जून माह में 100 प्रतिशत अंक के साथ प्रदेश पुलिस ने शीर्ष स्थान हासिल किया है। यह रैंकिंग हर माह एनसीआरबी, भारत सरकार द्वारा जारी की जाती है। विदित है कि हरियाणा पुलिस ने अखिल भारतीय सीसीटीएनएस रैंकिंग मई माह में भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया था। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, एससीआरबी ओ पी सिंह, आईपीएस ने सीसीटीएनएस परियोजना कार्यान्वयन में शामिल अधिकारियों व पुलिस कर्मियों को बधाई दी है। यह प्रणाली डिजिटल तरीके से अपराधियों की ट्रैकिंग और पुलिस जांच को अपनाने से संबंधित है। एक बार फिर प्रथम स्थान आने पर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार अग्रवाल ने समस्त पुलिस विभाग की पीठ थपथपाई है।



**सीसीटीएनएस डेटाबेस, नेफिस के उपयोग में प्रदेश पुलिस 100 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश दूसरे स्थान पर रहा:** प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इंफ्रास्ट्रचर, सीसीटीएनएस डेटाबेस व नेफिस की सभी केटेगरी में हरियाणा पुलिस ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किये है। इसके अलावा, प्रदेश पुलिस ने कैपेसिटी बिल्डिंग में भी 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किये है। प्रदेश के सभी थाने सीसीटीएनएस से कनेक्ट हो गए है। एनसीआरबी द्वारा जारी की गई रैंकिंग में हरियाणा पुलिस 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रही, वहीं उत्तर प्रदेश 99.79 प्रतिशत के साथ दूसरे, मध्यप्रदेश 97.57 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रही। इसके अतिरिक्त, दिल्ली 95.15 प्रतिशत के साथ चौथे व पंजाब 94.59 प्रतिशत के साथ पांचवें स्थान पर रहा है। आगे जानकारी देते हुए बताया है कि प्रदेश पुलिस ने विभिन्न मापदंडों जैसे कि कोर्ट में एफआईआर देने, थानों में रिपोर्ट जनेरेट करना, कोर एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर में गिरफ्तार व गुमशुदा व्यक्ति के फोटो की एंट्री करने में, स्टेट सिटीजन पोर्टल सर्विसेज, थानों का नेशनल डेटाबेस, 1930 हेल्पलाइन का रिस्पांस में पूर्ण अंक प्राप्त किये है। विदित है की प्रदेश पुलिस ने इससे पहले भी फरवरी, मार्च व मई माह में भी प्रथम स्थान व अप्रैल में दूसरा स्थान प्राप्त किया था। अब पिछले दो माह से लगातार प्रदेश पुलिस सीसीटीएनएस रैंकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त कर रही है।

# प्रबंधक के साथ लूट की घटना करने वाले पांच अभियुक्त गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/ग्रेटर नोएडा थाना सेक्टर** 142 पुलिस ने प्रबंधक के साथ लूट की घटना को अंजाम देने वाले पाँच अभियुक्तों जिनमें दो अभियुक्तों निशान्त तेवतिया पुत्र जितेन्द्र सिंह निवासी ग्राम करौठी थाना स्याना जिला बुलन्दशहर,दीपक चौहान उर्फ चीनू पुत्र बृह्मजीत सिंह निवासी ग्राम सरीफाबाद सलारपुर थाना बहादुरगढ जिला हापुड़ को मुठभेड़ के उपरांत व अन्य तीन अभियुक्तों तुषार पुत्र कृष्णपाल सिंह निवासी ग्राम करौठी थाना स्याना जिला बुलन्दशहर,विक्रम सिंह पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम गुंघरावली थाना नरसैना जिला बुलन्दशहर, दीपक चौहान पुत्र मुकेश चौहान निवासी ग्राम डहरा रामपुर थाना बहादुरगढ जिला हापुड़ को कांम्बिग के दौरान शनिवार रात्रि को गिरफ्तार कर लिया।पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने एक पिस्टल, दो तमंचे तीन सौ पन्द्रह बोर मय तीन कारतूस जिन्दा, एक चाकू, घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल, दो मोबाइल फोन और लूटे गये 25,550 रुपए बरामद किये हैं। गौरतलब है कि 27/28 जुलाई 2023 की रात्रि को थाना सेक्टर-142 क्षेत्र के अंतर्गत नोएडा/ ग्रेटर नोएडा हाईवे पर एक कार सवार प्रबंधक से गाड़ी मे बन्धक बनाकर एक मोबाइल फोन,गाडी के कागजात, आधार कार्ड, पेटीएम के माध्यम से करीब 49,000 रुपए लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। घटना के सफल अनावरण हेतु टीमें गठित की गई थी। पूछताछ के दौरान अभियुक्त दीपक चौहान पुत्र मुकेश उपरोक्त ने बताया कि हम काफी समय से नोएडा, दिल्ली एनसीआर क्षेत्र मे रात के समय रोड पर घूम घूम कर खडी गाड़ियों से या लिफ्ट मांगकर लोगो को रुकवाकर अपने साथियो के साथ मिलकर मोबाइल कैश व अन्य सामान की लूटपाट करते थे। लूटपाट कर कुछ समय के लिए हम एनसीआर से बाहर निकल जाते थे। कुछ समय के बाद वापस फिर से अपनी योजना बनाते थे। इस घटना के बाद भी हम मसूरी घूमने चले गये थे। लूटपाट से मिलने वाले रूपयों से हम घुमना फिरना व अन्य खर्चा चलाते थे।अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी हैं।जिनके विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

# कार में सवारी बैठाकर लूट करने वाले दो लुटेरे मुठभेड़ के उपरांत गिरफ्तार

**एनकाउंटर**

**8 स्कूल के पास कस्बा व थाना दादरी जिला गौतमबुद्धनगर को रविवार को गिरफ्तार कर लिया**





**टीम एक्शन इंडिया/ग्रेटर नोएडा थाना** दादरी पुलिस की कार में सवारी बैठाकर लूट करने वाले लुटेरों से अजायबपुर क्षेत्र में हुई मुठभेड के उपरांत दो लुटेरे जावेद उर्फ जाबर पुत्र मुस्तफा उर्फ पटेल निवासी बिलासपुर कस्बा व थाना दनकौर गौतमबुद्धनगर हाल पता कठहैरा रोड नई आबादी कस्बा व थाना दादरी जिला गौतमबुद्धनगर, जावेद पुत्र अनवर निवासी वार्ड नंबर 21 मोटे के स्कूल के पास कस्बा व थाना दादरी जिला गौतमबुद्धनगर को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। दोनों अभियुक्त मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से घायल हो गये। जिनको उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने लूट के 32,000 रुपये, घटना में प्रयुक्त आई-10 कार और दो तमंचे तीन सौ पन्द्रह बोर मय दो कारतूस जिन्दा बरामद किए हैं।गौरतलब है कि 30 जुलाई 2023 को वादी के साथ जब वह अपने गांव फरूखाबाद जाने के लिए दादरी टी- प्वाइंट पर बस का इन्तजार कर रहा था तभी एक आई -10 कार सवार व्यक्तियो द्वारा वादी को गाडी.में बैठाकर आगे चलकर 20,000 रुपये नकद व ए मोबाइल छीन लिया था। जबरदस्ती फोनपे का पिन पूछकर 45,000 रुपये की भिन्न भिन्न जगह से शॉपिंग कर ली थी। अभियुक्तगणों ने बताया कि हमारे द्वारा करीब 02 माह पहले फ्लाई ओवर के पास दादरी बाईपास पर एक व्यक्ति को मोटर साईकिल पर लिफ्ट देकर उसे अपनी बातो मे लेकर 12,000 रुपए ठग लिये थे। हम दिल्ली एनसीआर व नोएडा क्षेत्र मे बस स्टैण्ड व भीड़भाड़ वाले इलाकों मे लोगों को बहला फुसला कर व जोर जबरदस्ती करके रुपए व मोबाइल आदि छीन कर भाग जाते है। अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी हैं। जिनके विरुद्ध विभिन्न थानों में लगभग ढाई दर्जन आपराधिक मुकदमे पंजीकृत हैं।जिनके विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

# असीम ने आदर्श अभ्युदय केन्द्र का किया उद्घाटन



**उदघाटन**

**8 पंजीकृत छात्र-छात्राओं को उद्बोधन कर उत्साहित करते हुये केन्द्र की स्मार्ट क्लास का भी उद्घाटन किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया/ग्रेटर नोएडा गौतमबुद्धनगर** जिले के जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत सेक्टर 37 नोएडा स्थित दलित उत्थान सेवा समिति द्वारा संचालित डॉ भीमराव अम्बेडकर पुस्तकालय में आदर्श अभ्युदय केन्द्र का उद्घाटन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अनुसूचित जाति जन जाति असीम अरूण द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सांसद गौतमबुद्धनगर डॉ महेश शर्मा, विधायक नोएडा पंकज सिंह, जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता, जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, प्रभारी डॉ भीमराव अम्बेडकर पुस्तकालय गणेश जाटव की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा केन्द्र का भ्रमण कर योजनान्तर्गत पंजीकृत छात्र-छात्राओं को उद्बोधन कर उत्साहित करते हुये केन्द्र की स्मार्ट क्लास का भी उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के अन्त में प्रभारी डॉ भीमराव अम्बेडकर पुस्तकालय गणेश जाटव द्वारा सभी अतिथियों का धन्यवाद व्यक्त करते हुये कार्यक्रम का समापन किया गया। इस कार्यक्रम में संबंधित अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# भूकंप आपदा से बचाव एवं सुरक्षा विषय पर एडवाइजरी

**टीम एक्शन इंडिया/गौतमबुद्ध नगर।** देश भूकम्प संवेदनशीलता के अनुसार उ०प्र० सिस्मिक जोन-के अन्तर्गत आता है तथा जनपद गौतमबुद्धनगर जोन के अन्तर्गत आता है, जो भूकम्प की दृष्टि से अति संवेदनशील है, जिसको दृष्टिगत रखते हुए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर द्वारा एडवाइजरी जारी कर लोगो को जागरुक किया जाता है। जिला आपदा विशेषज्ञ ओमकार चतुवेर्दी द्वारा बताया गया कि धरती के अन्दर 7 प्लेटस होती है जो लगातार घूमती रहती है। यह प्लेटस जिन जगहों पर ज्यादा टकराती है, उसे फाल्ट लाईन जोन कहा जाता है, बार-बार टकराने से प्लेटस के कोने मुड जाते हैं जब प्रेसर ज्यादा बन जाता है तो प्लेटस टूट जाते हैं। इनके टूटने के कारण अन्दर की एनर्जी बाहर आने का रास्ता ढूंडती है, इसी वजाह से भूकम्प आता है। वैसे भूकंप की अधिकत तीव्रता तय नहीं हो पाई है, लेकिन रिक्टर स्केल पर 7.0 या उससे अधिक की तीव्रता वाले भूकंप को सामान्य से खतरनाक माना जाता है।

इसी पैमाने पर 2 या इससे कम तीव्रता वाला भूकंप सूक्ष्म भूकंप कहलाता है जो ज्यादातर महसूस नहीं होते हैं, 4.5 की तीव्रता का भूकंप घरों को नुकसान पहुंचा सकता है।

# करंट लगने से पिता पुत्र गंभीर रूप हुए घायल

**टीम एक्शन इंडिया/ग्रेटर नोएडा ग्रेटर नोएडा** के जहाँगीरपुर कस्बे में रविवार को पिता पुत्र करंट लगने से घायल हो गये। जिनका उपचार फिलहाल में अलीगढ मैडिकल कालेज में चल रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक मौहल्ला पूर्वईयाँ ब्राह्मण कस्बा जहाँगीरपुर निवासी ऋषिपाल पुत्र करन सिंह का पुत्र रोहित घर में बंधे तार पर कपड़े सुखा रहा था। तार के पास से गुजर रही बिजली की केबिल में कट होने के कारण तार में करंट आ गया और कपड़े सुखा रहा लड़का बुरी तरह से झुलस गया।

उसको बचाने गए ऋषिपाल को भी बिजली ने बुरी तरह झुलस दिया। आनन फानन में परिजन दोनों को कस्बे में स्थित निजी चिकित्सक के यहाँ ले गये।

# अवैध कालोनियों पर चलाए गए बुलडोजर के विरोध में भाकियू टिकैत का धरना रहा जारी

**विरोध**

**8 जब तक हमारी उपरोक्त तीनों मांगे नही मानी जाती है जब तक हमारा दिन रात्रि अनिश्चित कालीन धरना जारी रहेगा**



**टीम एक्शन इंडिया/ग्रेटर नोएडा यमुना** विकास प्राधिकरण द्वारा जहाँगीरपुर में कस्बे स्थित अवैध कालोनियों से बुलडोजर की मदद से हटाए अवैध निर्माणों को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी महेन्द्र सिंह के नेतृत्व में मंगला एसोसिएट खुर्जा जेवर रोड जहाँगीरपुर पर शनिवार से अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया था।

जो आज दूसरे दिन रविवार को भी जारी रहा।

भारतीय किसान यूनियन टिकैत द्वारा यमुना विकास प्राधिकरण से तीन मांगे की गई है जिनमें बिना नोटिस दिए गिराए गये मकानों का मुआवजा दिया जाये,जहाँगीरपुर नगर पंचायत का सीमांकन बढाया जाये और जिन अन्य लोगों को नोटिस दिए गए हैं उनको निरस्त किया जाये। भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारीयों का कहना है कि जब तक हमारी उपरोक्त तीनों मांगे नही मानी जाती है जब तक हमारा दिन रात्रि अनिश्चित कालीन धरना जारी रहेगा।


## उत्तर रेलवे
### खुली ई–निविदा सूचना

G20 भारत 2023 INDIA — आज़ादी का अमृत महोत्सव

उप मुख्य अभियंता/टी.एम.सी./ला., उत्तर रेलवे, स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली (भारत की राष्ट्रपति की ओर से) द्वारा मुहरबंद निम्नलिखित कार्य हेतु एक पैकेट खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का विवरण और स्थान | उप मुख्य अभियंता/टी.एम.सी./ला. उत्तर रेलवे स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन ट्रैक मशीन अनुरक्षण डिपो तुगलकाबाद, कुरुक्षेत्र, लखनऊ, भटिंडा और मुरादाबाद एवं कार्यस्थल पर ट्रैक मशीन खराबी के दौरान क्रिम्पड फिटिंग हाइड्रॉलिक होज की सप्लाई और फिक्सिंग (इच्छित लम्बाई में) |
| 2. | कार्य समाप्त अवधि | 02 वर्ष |
| 3. | अनुमानित लागत | ₹83.79 लाख केवल |
| 4. | धरोहर राशि (ऑनलाइन जमा) | ₹1,67,600/- |
| 5. | निविदा पत्र का मुल्य (ऑनलाइन जमा) | रू.– शून्य। |
| 6. | निविदा जमा करने व खुलने की तिथि एवं समय | निविदा प्रपत्र दिनांक 07.08.2023 से दिनांक 31.08.2023 तक सायंकाल 15:00 बजे तक रेल वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेगा। निविदा 31.08.2023 को अपराह्न 15:00 बजे के बाद खुलेगी। |
| 7. | निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र का पूर्ण विवरण | इस निविदा की सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र बिडिंग के लिए IREPS (www.ireps.gov.in) पर दिनांक 17.08.2023 से दिनांक 31.08.2023 तक उपलब्ध रहेगा। निविदा से संबंधित सभी नियम व शर्त निविदा प्रपत्र में दी गयी हैं। निविदा सूचना का विवरण इस कार्यालय के सूचना पटल पर भी देख सकते हैं। |

प. सं.– 1–डब्ल्यू–उ.मु.अभि.–टी.एम.सी.–ला.–एच.एच–10–23–24 दिनांक–05.08.2023 2431/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# डेंजरस एडवेंचर्स अंतर्वेद स्पोर्ट्स लांगेस्ट वर्ल्ड टूर बाई ऑन फुट जर्नी के प्रतिनिधिगण डीएम से मिले

**टीम एक्शन इंडिया/नोएडा डीएम कैंप कार्या**लय नोएडा में लखनऊ के डेंजरस एडवेंचर्स अंतर्वेद भारत लांगेस्ट टूर बाई ऑन फुट जर्नी के प्रतिनिधियों ने डीएम मनीष कुमार वर्मा से भेंट की। इस अवसर पर डीएम ने उनके द्वारा किए जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों की प्रशंसा करते हुए उनका हौसला अफजाई किया एवं दल को उनकी यात्रा सफल और सकुशल संपन्न होने की शुभकामनाएं भी दी। पर्वतारोही एंड गिनीज बुक, लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर टीम के पर्वतारोहियों में शामिल महेंद्र प्रताप, गोविंद आनंद, निश्चल मौर्य, जितेंद्र प्रताप ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्व शांति विश्व पदयात्रा की शुरूआत 30 जुलाई 1980 को लखीमपुर खीरी निवासी अवध बिहारी लाल ने की थी। साल 1995 में हम इस टीम का हिस्सा बने थे, यह संख्या अब बढ़कर 20 हो गई है। उन्होंने जिलाधिकारी को अवगत कराया की इस यात्रा का उद्देश्य लोगों को जागरूक करना है। इस दल में 20 सदस्य हैं, जो पांच हिस्सों में बंटे हुए हैं।

प्रत्येक दल में 4 सदस्य हैं जो अलग-अलग स्थानों पर जाकर लोगों को जागरुक करने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि दल अब तक विश्व के 11 देशों में 4 लाख 37 हजार किलोमीटर की विश्व पद यात्रा पूरी कर चुका है। विश्व पदयात्रा के दौरान अब तक 14 करोड़ 50 लाख पौधरोपण किया गया है। उत्तराखंड के 13 व राजस्थान के 33 जिलों की यात्रा के बाद अब अगला लक्ष्य उत्तर प्रदेश के 75 जिलों की यात्रा पूरा करने का है, जिसके सापेक्ष गौतम बुद्ध नगर को मिलाकर अब तक उत्तर प्रदेश के 22 जिलों की यात्रा पूर्ण हो चुकी है। उन्होंने बताया कि जनपद में दल के सदस्य मुख्य चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर सड़क सुरक्षा और सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर लोगों को जागरूक करेंगे।


# एक्शन इंडिया
## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

ए-15, जी टी करनाल रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, दिल्ली- 33

संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## न्यूज फ्लैश

### विहिप के प्रतिनिधिमण्डल ने मेयर निखिल मदान को सौंपा ज्ञापन



**सोनीपत :** रविवार को विश्व हिन्दू परिषद के एक प्रतिनिधि मंडल ने मेयर निखिल मदान से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बताया कि गत 31 जुलाई को हुए नूँह मेवात दंगों में सोनीपत शहर के श्रद्धालुओं पर भी दंगाइयों ने पथराव औ? लाठी डंडो से हमला किया था। जिसमें वो बड़ी मुश्किल से जान बचाकर निकले थे। बृजमण्डल जलाभिषेक यात्रा में भारी संख्या में महिलाएं भी शामिल थी जिनपर पथराव किया गया है। विहिप के जिला अध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि आज विहिप के प्रतिनिधिमण्डल ने जिले के सभी जन प्रतिनिधियों से मिलकर लेकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का ज्ञापन सौंपा है। मेयर निखिल मदान ने बताया कि वो हिंसा के खिलाफ है। देश प्रदेश में हर व्यक्ति को अपनी आस्था और पूजा पद्धति के चुनाव का अधिकार है। ऐसे में धार्मिक यात्रा पर पथराव और हथियारों से हमला करना बेहद निंदनीय है। वो मुख्यमंत्री से अपील करते है कि मेवात दंगे के दोषियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही करें ताकि अमन चैन स्थापित हो सके। मेयर निखिल मदान ने इन दंगों में अपनी जान गँवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी और सरकार से उन्हें उचित मुआवजा देने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार इस मामले में भड़काऊ ब्यानबाजी करने वाले लोगों पर भी रोक लगाए ताकि इस तरह के दंगे रोके जा सके। मौके पर पवन कुमार,विनोद राठौड़, मुकुल, नरेंदर, रेखा आदि लोग मौजूद रहे।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला**
**(मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल**
**राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला**
**हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद**
**हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला**
**(मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र**
**दलबीर मलिक**
(मो. नं. : 94162 71181)

# शहर में धार्मिक स्थलों के बाहर पुलिस बल तैनात

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** कस्बा तरावड़ी में विशेष समुदाय के लोगों की फल की रेहडियां तोडने व मारपीट करने के मामले में पुलिस ने दो लोगों को पूछताछ के लिए थाने में बुलाया। कुछ देर पूछताछ करने के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। वहीं जिले में माहौल खराब न हो, इसके लिए शहर में धार्मिक स्थलों के बाहर पुलिस बल तैनात किया गया है। सोशल मीडिया पर भी आपत्तिजनक व भडकाऊ पोस्ट डालने वालों पर प्रशासन पैनी नजर बनाए हुए है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस पूछताछ के लिए जिन लोगों को बुलाया गया, उनमें एक आढ़ती भी है। इसके अलावा भी पुलिस द्वारा 3 से 4 लोगों को पूछताछ के लए बुलाया था। उन्हें भी बाद में छोड़ दिया गया था। वहीं जिन 15 से 20 लोगों ने विशेष समुदाय



लोगों की रेहडी फड़ी पलटी व उनके साथ मारपीट की थी। उन तक अभी पुलिस नहीं पहुंच पाई है। पुलिस का दावा है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे चेक करके आरोपियों तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है। जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे। बता दें कि सौकड़ा पुलिया और सब्जी मंडी के सामने कुछ नकाबपोश युवकों ने विशेष समुदाय के इकराम, इमरान और आबिद द्वारा लगाई गई फल की रेहडियों को पलट दिया था और इनके साथ मारपीट भी की थी। जिसके बाद डीएसपी सुरेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने वहां लगी भीड़ को खदेड़ा और रेहडियां पलटने वाले युवकों की तलाश की। पुलिस की 3 पीसीआर सब्जी मंडी के अलावा पखाणा रोड और नडाना रोड पर भी अज्ञात युवकों की धरपकड़ के लिए पहुंची थी, लेकिन उनका कहीं कोई सुराग नहीं लग पाया था।
थाना तरावड़ी के प्रभारी सज्जन सिंह ने बताया कि इस मामले को लेकर अब तक करीब 5 लोगों को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। पूछताछ के बाद सभी को छोड़ दिया गया।

# युवक से तीन लाख की ठगी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **जिले के** गांव अमृतपुर कलां निवासी एक युवक से टेलीग्राम के जरिए करीब 3 लाख रुपए की ठगी हो गई। युवक के मोबाइल में टेलीग्राम एप पर कमीशन अर्न करने का मैसेज आया था। जिसके उसने पैसे इन्वेस्ट किए और ठगी का शिकार हो गया। मधुबन थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।
गांव अमृतपुरा कलां निवासी जितेंद्र शर्मा ने बताया कि शनिवार को उसके टेलीग्राम एप पर मैसेज आया था, जिसमें लिखा था अगर आप पैसे कमाना चाहते हो तो मैसेज के लिंक पर क्लिक करके 10900 रुपए इन्वेस्ट करो। इसके बाद उसके पास फिर मैसेज आया कि आप 35 की रेटिंग कंप्लीट करने के बाद आप पैसे निकाल सकेंगे।
उनके कहे अनुसार जैसे ही उसे उसने टास्क शुरू किया तो 33212 रुपए फिर जमा करवा लिए गए। पैसे जमा करने के बाद पैसे नहीं निकले। कुछ देर बाद फिर उनका मैसेज आया कि आप को 84380 रुपए दोबारा जमा करवाने होंगे, उसके बाद आप पूरे पैसे निकाल सकेंगे। वह लगातार पैसे जमा कराता गया, लेकिन पैसे उसके बाद भी नहीं निकले। फिर दोबारा उसे बोला गया कि आपको अब 164344 रुपए जमा करवाने होंगे। इसके बाद आप कमीशन सहित पूरे पैसे निकलवा सकते हैं, लेकिन तब वह आरोपी उसे अपने जाल में फंसा चुके थे। पैसे जमा करवाने के बाद उसके पैसे नहीं निकल पाए। इस दौरान वह 29 लाख 2 हजार 836 रुपए जमा करवा चुका था। जब उसे शक हुआ की वह ठगी का शिकार हो चुका है। बाद में भी आरोपियों द्वारा 534640 रुपए जमा करने के लिए कहा। लेकिन दोबारा उसने पैसे जमा नहीं करवाए। इसके बाद से लगातार उसके पास पैसे जमा कराने के मैसेज आ रहे हैं।
जितेंद्र शर्मा ने पुलिस को शिकायत देकर मांग की है कि जल्द से जल्द आरोपियों का पता लगाकर उन्हें गिरफ्तार किया जाए और उसके पैसे वापस दिलाए जाएं।

# बिजली का तार जोहड़ में गिरने से 70 पशुओं को लगा करंट

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** जिले के गांव पुंडरक के जोहड़ में बिजली का तार गिरने से पानी में करंट आ गया, जिसकी वजह से जोहड़ में नहा रहे करीब 70 पशु झुलस गए। हादसे में करीब 30 पशु गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। सूचना के बाद बिजली विभाग, डॉक्टरों की टीम और पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा।
ग्रामीण संदीप ने बताया कि रविवार दोपहर को जोहड़ में करीब 500 पशु आए हुए थे, जिनमें ज्यादातर पशु दुधारू थे। जोहड़ के पास एक किसान द्वारा दो लंबे-लंबे बांस लगाकर ट्रांसफर से बिजली की तार ले जाई गई थी। अचानक बांस पानी में गिर गया और साथ ही बिजली की तार भी पानी में गिर गई। यह तार 11 हजार वाल्ट की हाईटेंशन तारों के बीच से निकली हुई थी। तारों के पानी में जाने के बाद वह हाईटेंशन बिजली तारों के संपर्क में आ गई, जिसके बाद पशु भी करंट की चपेट में आ गए।
पशुपालक राममेहर ने बताया कि इस तार को लेकर पहले भी कई बार बिजली विभाग के जेई को शिकायत दे चुके हैं। जेई की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ है।

# काल सर्प दोष निवारण के लिए हुआ सवा करोड़ मंत्रों का जाप

## लगभग सात हजार धमार्लुओं ने एक साथ किया सवा करोड़ मंत्रों का जाप

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया** **नई** अनाज मंडी में एसएस जैन संघ द्वारा इस सदी के महान संत श्री प्रेम सुख महाराज जी की 26वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर एक साथ लगभग सात हजार धमार्लुओं ने विश्व शांति के लिए श्री ऊं अ सि आ ऊ सा नमः महामंत्र का सवा करोड़ मर्तबा जाप किया गया। समूचे करनाल का वायुमंडल इन मंत्रों से गूंज उठा। यह आयोजन करनाल में दूसरी बार किया गया। यह आयोजन जैन मुनि शास्त्री श्री उपेंद्र मुनि महाराज के मार्गदर्शन में रविवार को सुबह साढ़े आठ बजे से शुरू हुआ, जो डेढ़ बजे तक चलता रहा। दूर-दराज से पहुंचे श्रावकों का स्वागत किया गया। हजारों लोगों के



साथ अटूट भंडारे की व्यवस्था की गई। इस आयोजन में देशभर से हजारों धमार्लुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर महादेव मुनि, श्री प्रशांत मुनि सहदे मुनि महाराज जी ने प्रवचन दिए।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सासंद संजय भाटिया के प्रतिनिधि चांद भाटिया, भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, मेयर रेनू बाला गुप्ता, मुख्यमंत्री के ओएसडी संजय बठला ने शिरकत की। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रदीप जैन ने किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता गौरव जैन तथा आलोक जैन ने की। राष्ट्रीय संत उपेंद्र मुनि जी ने कहा कि उनके गुरु श्री प्रेम सुख सागर भगवान महाबीर के सच्चे सेनापति, उदात्त चरित्रवान महानसंत थे। गुरुदेव अहिंसा महाब्रत के तहत मन वचन काया से अंहिंसा का पालन करते थे। उन्होंने सत्य महाब्रत अचौर्य महाब्रत, ब्रह्मचर्य महाब्रत, अपरिग्रह महारब्रत का जीवनभर पालन किया। उन्होंने बताया कि आज भी उनके आदर्श और दिखाए रास्ते पर चलकर सद्गति को प्राप्त किया जा सकता है।
इस अवसर पर एसएस जैन सभा के प्रधान अशोक जैन, महामंत्री नवीन जैन, एसएस जैन सभा सैक्टर-14 से प्रभात जैन, रमन जैन, राजन जैन, प्रवीण जैन, विनोद जैन, कृष्ण जैन, रामनारायण जैन, सुभाष जैन, प्रेम जैन, रतन जैन, राकेश जैन आदि मौजूद रहे।

# खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले करीब 40 होनहार खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** एसके मार्शल आर्ट फाउंडेशन की ओर से एसके मार्शल आर्ट एकेडमी के प्रांगण में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खेल के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले करीब 40 होनहार खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।
समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम के डिप्टी मेयर नवीन कुमार व विशिष्ठ अतिथि के रूप में रामचरित्र मानस स्कूल के डायरेक्टर संदीप गौतम और सिग्नस हॉस्पिटल के



डॉक्टर कुमार वैभव ने शिरकत की। फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर सतीश कुमार राणा ने कार्यक्रम में पहुंचने पर सभी अतिथियों का स्वागत किया। अतिथिगणों ने खिलाड़ियों को आशीर्वाद देकर उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनको खेलों में बढ़-चढकर भाग लेने की प्रेरणा दी।

# प्रजापति (कुम्हार) महासभा ब्लाक मतलौडा के प्रधान बनें दलीप

**पानीपतः प्रजापति (कुम्हार)** महासभा पानीपत की एक बैठक गांव खुखराना में हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रजापति (कुम्हार) महासभा के प्रधान गोपी राम ने की। बैठक में समाज के सैकड़ो प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से ब्लाक मतलौडा की कार्यकारिणी के निम्नलिखित सदस्यों का चुनाव कराया गया। जिसमें प्रधान दलीप कुमार खुखराना, उप प्रधान राजेन्द्र सिंह उंटला, सचिव राजेश कुमार नौहरा, रोकडिया बलजीत सिंह मतलौडा को बनाया गया है।

# भाकियू ने सीएम सिटी में किए जाने वाले प्रदर्शन को किया स्थगित



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** भारतीय किसान यूनियन की ओर से सीएम सिटी में किए जाने पूर्व घोषित प्रदर्शन को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। यह निर्णय स्थानीय अर्जुन नगर स्थित किसान भवन में आयोजित आपात बैठक में लिया गया। बैठक में प्रदेशाध्यक्ष रतनमान भी मौजूद रहे। बैठक में उपस्थित किसान नेताओं ने नूंह मेवात में हुए दंगों पर चिंता जताते हुए उपद्रवियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि किसी भी निर्दोष व्यक्ति को परेशान न किया जाए। बैठक के दौरान उपस्थित किसानों ने गठबंधन सरकार के विरोध में कई बार नारेबाजी भी की।
भाकियू प्रवक्ता सुरेंद्र सागवान ने बैठक में लिए गए निर्णयों के संदर्भ में बताया कि 7 अगस्त को किए जाने वाले पूर्व घोषित प्रदर्शन को स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि हरियाणा संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से गत 4 अगस्त को आयोजित की गई बैठक में आने वाली 9 अगस्त को कार्पोरेट भगाओ, देश बचाओ का कार्यक्रम सभी जिलों में आयोजित किया जाएगा। इसी क्रम में नूंह मेवात में हुई घटना को लेकर मोर्चा की ओर से 11 अगस्त को जिला स्तर पर महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिए जाएंगे। ज्ञापन में शरारती तत्वों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की मांग की जाएगी। आने वाली 14 अगस्त को आजादी बचाओ दिवस के कार्यक्रमों को सफल बनाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि इन प्रदर्शनों में बाढ़ से हुए फसलों, मकानों व पशुधन के नुकसान का जायजा लेकर सरकार से पूरा मुआवजा दिलवाए जाने के लिए संघर्ष किया जाएगा।

**मांग**

**8 किसान नेताओं ने नूंह मेवात में हुए दंगों पर चिंता जताते हुए उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की**

# पेड़ों की रक्षा होगी, तभी हमारे जीवन की रक्षा होगी: डा. पवन

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत** **पेड़ों** की रक्षा होगी, तभी हमारे जीवन की रक्षा हो पाएगी। ये शब्द पानीपत के प्रसिद्ध शल्य चिकित्सक एवम वैदिक परिवार पानीपत के प्रधान डा. पवन बंसल ने वैदिक परिवार द्वारा अंबर रेसिडेंसी में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि हमारी उम्र पर सीधा सीधा वृक्षों का प्रभाव पड़ता है। यदि हमारे आस पास पौधे ज्यादा होंगे तो हमारी उम्र भी ज्यादा रहेगी। डा. बंसल ने कहा कि पौधों से वायु के साथ साथ पांच महाबुत शुद्ध होते हैं। इसलिए अपना जीवन लंबा व निरोगी चाहते हो तो ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाओ और उनका




रक्षण करो। डा. पवन बंसल ने आगे बोलते हुए कहा कि पौधों का रक्षण विशेष तौर पर जरूरी है। क्योंकि प्रति वर्ष लाखों पौधे विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा लगाए जाते हैं परंतु देख रेख के अभाव में कुछ पौधे ही वृक्ष बन पाते हैं। उन्होंने पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि नीम का पौधा चिकित्सीय दृष्टि से इंसान के लिए बहुत उपयोगी है परंतु इंसान ही इस पौधे को वृक्ष बनने में सबसे बड़ी बाधा है क्योंकि दातुन के लोभ में इंसान इस छोटे से पौधे को तोड़ता रहता है, उसे बड़ा वृक्ष बनने ही नहीं देता। उन्होंने उपस्थित लोगों का आह्वाहन किया कि नीम के छोटे पौधे को न तोड़कर बड़े वृक्ष से दातुन तोड़ें और दूसरों को भी इस बारे जागृत करें। वैदिक परिवार व अंबर रेसिडेंसी के निवासियों ने आंवला, बेलपत्र, नीम, बहेड़ा, जामुन, पीपल, सहिंजन आदि के कुल 70 पौधे वन विभाग के सहयोग से सोसायटी में लगाए।

**पौधारोपण**

**8 आंवला, बेलपत्र, नीम, बहेड़ा आदि के कुल 70 पौधे वन विभाग के सहयोग से सोसायटी में लगाए**

# कार ने बाइक को मारी टक्कर युवक की मौत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** मूनक रोड पर एक कार ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौत हो गई, जबकि बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। बच्ची का इलाज करनाल के निजी अस्पताल में चल रहा है। युवक बच्ची को आई फ्लू की दवा दिलाकर समालखा से वापस अपने ससुराल आ रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक 22 वर्षीय बाशिद निवासी गांव जलालपुर गढ़ी के साले शौकिन ने बताया कि शनिवार देर शाम करीब साढ़े 8 बजे उसका बहनोई बाशिद उसकी 10 साल की भतीजी को समालखा दवा लेकर गांव बडौता अपने ससुराल आ रहे थे। उनकी बाइक के पीछे मेरी भी बाइक थी। जब वह मुनक रोड पर स्थित टाइल की फैक्ट्री के पास पहुंचे तो पीछे से एक कार ने उसके जीजा की बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि करीब 10 फीट दूर तक जीजा व भतीजी सडक पर घसीटते हुए गए। हादसा होते देख आसपास के लोगों की काफी भीड़ इकट्ठी हो गई। बहनोई व भतीजी रीना (10 वर्षीय) दोनों को इलाज के लिए करनाल के सिविल अस्पताल में लाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने बाशिद को मृतक घोषित कर दिया।

# सांझा विरासत कार्यक्रम में रचनाकारों ने श्रोताओं में भर दिया जोश

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** विकास क्लब साहित्य कला मंच कुंजपुरा की ओर से रविवार को कुंजपुरा गांव के रामलीला भवन में आयोजित मासिक सांझा विरासत कार्यक्रम में राष्ट्रीय एकता की गूंज सुनाई दी। विभिन्न राज्यों से आए रचनाकारों ने जब आजादी के मतवालों को याद किया तो वातावरण राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत हो गया।
कार्यक्रम के आयोजक संत प्रेमपाल सागर ने अतिथियों, रचनाकारों, साहित्यकारों, कवियों व गायकों को बैज लगाते हुए शाल व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। अश्विनी शर्मा ने मंच संचालन किया। उत्तर प्रदेश के देवबंद से आए विख्यात अंतर्राष्ट्रीय एंकर गुलजार जिगर ने रचना पेश करते हुए कहा कि हैं फूल भी हमारे खुशबू भी हमारी है,




हिंदी भी हमारी है उर्दू भी हमारी है..। शायर इकबाल पानीपती ने कहा कि हिंदू लिख न मुस्लिम लिख न ही सिख इसाई लिख, हम सब भाई-भाई हैं हम सब को भाई-भाई लिख..। सीमा रंगा इंद्रा (दिल्ली) ने कहा कि बताओ तुम हमें कितना यहां सम्मान देते हो, बना अपना हमें झूठी सदा पहचान देते हो..। स्वास्थ्य विभाग हरियाणा के सेवानिवृत्त महानिदेशक डॉ. एसके शर्मा ने कहा कि हम दोस्ती अहसान वफा सब भूल गए हैं, जिंदा हैं तो जीने की अदा भूल गए हैं। रचनाकार गुरमुख सिंह वडैच करनाल ने किसानों की हालत कुछ इस तरह बयां की कि तेरे लुट गए खेत खलिहान बात तेरी कौन सुनेगा, ओ धरतीपुत्र किसान बात तेरी कौन सुनेगा। राजेश भारती कैथल ने कहा कि सच बोलने में खतरा है। मौ. साबिर खान ने कहा कि रहये किसी भी हाल में चरचा न कीजिये, खुद को किसी के सामने रुसवा न कीजिये। अंजू शर्मा ने कहा कि खुशी का वक्त हो या गमे दौर हाले दिल सुनाएं तो गजल हो जाए। कमलेश कुमार पालीवाल ने कहा कि वो मुझ को भूल जाना चाहता है, मगर कोई बहाना चाहता है। जय सिंह जीत झज्जर ने कहा कि हमें नफरतों को मिटाना पड़ेगा, अमन-चैन से दिल लगाना पड़ेगा। विक्की रंगा ने कहा कि नारी तू नारायणी जग में सबसे श्रेष्ठ, हरे दुख सभी धरा के बन जाती कुलश्रेष्ठ। दिलबाग सिंह ने कहा कि तेरी मुश्किल ना बढ़ाऊंगा चला जाऊंगा, अश्क आंखों में छिपाऊंगा चला जाऊंगा। अनुपिंदर सिंह अनूप ने कहा कि गजल अपनी तुमको सुनाने से पहले, इजाजत तो ले लूं जमाने से पहले। शकुंतला काजल जींद ने कहा कि वो सीमा पर दौड़ते हम पाते आराम, आओ वीरों को करें सभी हार्दिक प्रणाम।

## संपादकीय

# सड़क निर्माण में पर्यावरण मित्र समझ जरूरी

**इस** साल जुलाई के दूसरे सप्ताह में ब्यास घाटी में आई भयानक बाढ़ ने पूरे प्रदेश को हिला दिया। हजारों करोड़ रुपये की आर्थिक हानि के साथ 100 से ज्यादा निरपराध लोग काल का ग्रास बन गए। आवागमन के साधनों के चौपट हो जाने और आसन्न खतरे की चिंताओं ने जन सामान्य के जीवन को सदमे जैसी स्थिति में ला खड़ा कर दिया। सैकड़ों आशियाने ध्वस्त हो गए। इस विभीषिका को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग उठी। केन्द्रीय सड़क एवं परिवहनमंत्री नितिन गडकरी हिमाचल प्रदेश में हुई तबाही का जायजा लेने ब्यास घाटी के दौरे पर आए। उनसे प्रदेश की जनता को बहुत उम्मीद थी कि वे अवश्य पूरी परिस्थिति का आकलन करने की दिशा में कोई सार्थक कदम उठाने की पहल करेंगे जिससे हिमालय क्षेत्र में सड़क निर्माण में पर्यावरण मित्र समझ का समावेश हो सकेगा ताकि आगे चल कर हिमालयी क्षेत्रों में अवैज्ञानिक रूप से बनाई जा रही सड़कों को उपयुक्त तकनीक से बनाने की दिशा में पहल हो सकेगी। सुना गया है कि गडकरी जी भूगर्भ विज्ञान की बुनियादी समझ भी रखते हैं, इसलिए यह अपेक्षा और भी बलवती हो गई थी। हिमालय की तासीर को पढना बिना भू-वैज्ञानिक समझ के संभव ही नहीं है। किंतु खेद है कि हमारी ये योजनाएं इंजनीयरिंग समझ से बनाई जाती हैं जो इस समझ पर कार्य करती है कि हमारे पास सभी निर्माण कार्यों में आने वाली समस्याओं के समाधान मौजूद हैं। किंतु दुर्भाग्य से ऐसा नहीं है। प्रकृति की अपनी चाल है और अपनी ताकत भी, जिसके सामने इन इंजीनयरिंग की गणनाएं ओछी पड़ जाती हैं। यह ब्यास घाटी की विभीषिका में उनकी बनाई फोरलेन की दुर्गति ने सिद्ध कर दिया। हमें सोचने पर मजबूर कर दिया कि यहां इंजीनयरिंग की समझ नाकाफी है और इसके अलावा भूगर्भ विज्ञान से जुड़े तत्व भी ध्यान देने योग्य हैं। यहां-वहां सड़क निर्माण का मलबा किस तरह नदी तल के साथ ही खपाया गया, वह वैज्ञानिक सड़क निर्माण जो हिमालय की जरूरतों के मुताबिक हो इसकी बुनियादी समझ की भी अनदेखी करता प्रतीत होता है। अपनी गलतियों से सीखने के लिए पहले उनको मानना जरूरी होता है, किंतु हम उसके लिए जरूरी नम्रता को शायद अपमान मानते हैं और इसलिए टाल मटोल करके निकल लेते हैं। ऐसे में आगे आने वाले समय में और भी बड़ी गलतियां करते जाने की संभावना बन जाती है। मंत्री जी इस विपरीतगामी प्रक्रिया को बदल सकते हैं। पहाड़ी नदी के तटीकरण की बात तो कुछ हद तक समझ आती है किंतु उसे खोद कर गहरा करने की धारणा हिमालय के बिलकुल भी अनुकूल नहीं है। नदी का तल पत्थर, रोड़ी, बजरी, रेत की मोटी तह से ढका रहता है और नीचे की कच्ची मिट्टी को पानी की मार से बचा कर भू-क्षरण को रोकता है। एक बार यदि नीचे की कच्ची मिट्टी सामने आ गई तो बाढ़ के पानी के कटान से गहरी होती जाएगी, जिससे नदी के किनारे लगे तटबंध भी गिर सकते हैं। नदी हमेशा घुमावदार होकर ही बहती है, क्योंकि पानी कभी सीध में नहीं बहता है। उसको तटीकरण द्वारा यदि सीधा करने के प्रयास किए गए तो वह अपनी घुमावदार चाल को तटबांध तोड़ कर पुनः हासिल कर लेगा। इसके अतिरिक्त मुख्य प्रश्न यह भी है कि आखिर इतना मलबा नदी में आया कहां से। सड़क निर्माण में अवैज्ञानिक डंपिंग के कारण ही यह मलबा आया। इस बात का जिक्र करने से क्यों बचा जा रहा है।

# ज्ञानवापी का सच सामने आएगा

**आशीष वशिष्ठ**

“ दलीलें ये भी दी जा रही हैं कि उपासना स्थल कानून, 1991 के मद्देनजर इस कथित मस्जिद से छेड़छाड़ नहीं की जा सकती। बहरहाल इसकी अंतिम व्याख्या तो सर्वोच्च अदालत ही करेगी, लेकिन इस कानून की संवैधानिकता पर सवाल करने वाली कुछ याचिकाएं शीर्ष अदालत के ही विचाराधीन हैं। सभी पक्षों को उस निर्णय की भी प्रतीक्षा करनी चाहिए। किसी भी सुव्यवस्थित देश में अल्पसंख्यकों के हितों की सुरक्षा एक मानवीय जरूरत है। भारत का संविधान इसकी गारंटी देता है। लेकिन क्या कारण था जो हमारे संविधान निमार्ताओं ने संविधान की प्रस्तावना में धर्म निरपेक्ष (सेकुलर) शब्द नहीं जोड़ा। लेकिन इंदिरा जी का दौर आते-आते वैसा करना जरूरी हो गया और फिर ज्यादातर पार्टियों ने धर्म निरपेक्षता का लबादा ओढ़ लिया ”

**ज्ञानवापी** परिसर का सर्वे आरंभ हो चुका है। अब उम्मीद की जानी चाहिए कि इस सर्वे की रिपोर्ट के बाद सच सबके सामने आ जाएगा। और इस सर्वे के आधार पर न्यायालय को भी निर्णय सुनाने में सहायता मिलेगी। ज्ञानवापी का मामला काफी लंबे से विवादों में है। इसे लेकर हिंदू व मुस्लिम दोनों पक्षों के अपने-अपने दावे हैं। लेकिन अंतिम निर्णय तो न्यायालय को ही करना है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा सर्वे को ह्यन्यायहितह्न में अनिवार्य माना है। ह्यअंजुमन इंतेजामिया कमेटीह्न ने उच्च न्यायालय के फैसले को सर्वोच्च अदालत में चुनौती दी है। प्रधान न्यायाधीश जस्टिस चंद्रचूड़ ने इसकी तुरंत सुनवाई को मंजूरी भी दी है, लेकिन सर्वे जारी रहेगा। फिलहाल ज्ञानवापी की इमारत को मस्जिद तो नहीं कहा जा सकता। मंदिर का अंतिम फैसला सर्वोच्च अदालत करेगी।इस विवाद को अदालत के भरोसे छोड़ दिया जाना बेहतर है, लेकिन ऐसे अनेक ऐतिहासिक साक्ष्य हैं, जो इस बात की तरफ इशारा करते हैं कि ज्ञानवापी मस्जिद काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर का ही एक हिस्सा है जिस पर मुगल काल में जबरन कब्जा कर मस्जिद खड़ी कर दी गई। कुछ समय पहले जब वजू खाने में शिवलिंग होने की बात सामने आई तब भी दीवारों और स्तंभों पर हिंदू धार्मिक प्रतीकों की बात उजागर हुई थी। देश-विदेश के अनेक पुरातत्व विशेषज्ञों और इतिहासकारों ने भी इस बात को माना है कि ज्ञानवापी, विश्वनाथ मंदिर के हिस्से में ही बनाई गई और ऐतिहासिक शिवलिंग भी इसके नीचे दबा हो सकता है। एक नंदी प्रतिमा भी है जो मस्जिद की तरफ मुंह करते हुए खड़ी है जिसके आधार पर हिंदू पक्ष का दावा है कि भीतर शिव लिंग है। ये साक्ष्य कई पुस्तकों में संकलित किए गए हैं। यह बादशाह औरंगजेब की हुकूमत के दस्तावेजों से भी स्पष्ट है कि 1669 में मंदिर को तोड़ कर मस्जिद का निर्माण कराया गया था। चूंकि कथित मस्जिद समतल जमीन पर नहीं बनी है। जमीन किसी शख्स या संस्था ने दान भी नहीं की है। जमीन को खरीदा भी नहीं गया है, लिहाजा इतिहासकार इस्लाम के मुताबिक इसे ह्यहरामह्न मानते हैं। हम ऐसी दलीलों को भी इतिहास मान कर छोड़ देते हैं। इस संदर्भ में वाराणसी की



जिला अदालत ने दो कोर्ट कमिश्नरों की अध्यक्षता में ज्ञानवापी परिसर का सर्वे कराया था। सर्वोच्च अदालत की संविधान पीठ ने भी अयोध्या विवाद का फैसला एएसआई के सर्वे और खुदाई के आधार पर दिया था। एएसआई भारत सरकार की संस्था है और इसके पुरातात्विक निष्कर्षों को अधिकृत और विज्ञान-सम्मत माना जाता रहा है। इलाहाबाद अदालत ने मस्जिद कमेटी की दलीलों को खारिज कर दिया कि सर्वे से मस्जिद को नुकसान पहुंच सकता है। इन दावों को बेदम करार दिया गया। उच्च न्यायालय ने मुस्लिम पक्ष द्वारा खुदाई से ढांचे को होने वाले नुकसान की आशंका जताए जाने पर एएसआई को निर्देश दिया कि सर्वे के अत्याधुनिक तरीके अपनाए जाएं जिससे इमारत को किसी तरह की क्षति न पहुंचे। एएसआई ने भी अदालत को आश्वस्त किया है कि आजकल बिना फर्श खोदे या दीवारों की ऊपरी परत को खुरचे भी भीतरी जानकारी हासिल करना संभव है। उल्लेखनीय है अयोध्या में खुदाई इसलिए हुई थी क्योंकि विवादित स्थल पर कोई इमारत नहीं थी। सर्वे वैज्ञानिक होगा और किसी भी तरह की खुदाई नहीं की जाएगी। ह्यग्राउंड पेनिट्रेटिंग रडारह्न (जीपीआर) तकनीक का इस्तेमाल कर सर्वे किया जाएगा। फोटोग्राफी का भी इस्तेमाल किया जाएगा। बहरहाल चूंकि न्यायालय के आदेशानुसार सर्वे होगा और इसमें मस्जिद के ढांचे को क्षति न पहुंचे इसकी सावधानी रखी जाएगी तब एतराज करने की बजाय मुस्लिम पक्ष को सहयोग करना चाहिए। 14 मई, 2022 को जिन वकीलों ने सर्वे में भूमिका अदा की थी, उनके मुताबिक ज्ञानवापी के भीतर पान के पत्ते के आकार की फूल की आकृतियां, त्रिशूल, स्वास्तिक, दीवार पर अंकित श्लोक और 4 तहखाने भी हैं। काफी संख्या में कमल के फूल की कलाकृति पत्थरों पर खुदी दिखी। एक खंभे पर हिंदी में 7 पंक्तियों में कुछ शब्द उकेरे दिखे। छत वाले तीन गुंबदों के अंदर त्रिशंकु शिखरनुमा आकृतियां दिखीं। भीतरी भाग मंदिर-सा लगता है। उत्तर से पश्चिम दीवार के कोने पर मंदिर का मलबा पड़ा है, जिसमें देवी-देवताओं की कलाकृतियां और अन्य शिलापट्ट थे। शिलापट्ट पर शेषनाग की आकृति अंकित है। एक और शिलापट्ट पर सिंदूरी रंग की उभरी हुई कलाकृति है। देव-विग्रह में 4 मूर्तियों की आकृतियां थीं। दीपक जलाने की जगह बनी हुई थी। दीवारें, नींव, खंभा, कुंड, गर्भगृह का दरवाजा, वजूखाने की ओर नंदी का मुख, घंटियां आदि की आकृतियां छपी हुई नहीं, उकेरी हुई थीं। ऐसे में अहम प्रश्न यह है कि क्या किसी मस्जिद में ऐसी कलाकृतियां, आकृतियां और संरचनाएं होती हैं? ह्यस्कंदपुराणह्न में भी ज्ञानवापी का विस्तृत उल्लेख है। कथित मस्जिद करीब 400 साल या 600 साल अथवा 1000 साल पुरानी है, इस तथ्य पर भी मुस्लिम संगठनों, नेताओं और धर्मगुरुओं में मतैक्य नहीं है। दरअसल दलीलें ये भी दी जा रही हैं कि उपासना स्थल कानून, 1991 के मद्देनजर इस कथित मस्जिद से छेड़छाड़ नहीं की जा सकती। बहरहाल इसकी अंतिम व्याख्या तो सर्वोच्च अदालत ही करेगी, लेकिन इस कानून की संवैधानिकता पर सवाल करने वाली कुछ याचिकाएं शीर्ष अदालत के ही विचाराधीन हैं। सभी पक्षों को उस निर्णय की भी प्रतीक्षा करनी चाहिए। किसी भी सुव्यवस्थित देश में अल्पसंख्यकों के हितों की सुरक्षा एक मानवीय जरूरत है। भारत का संविधान इसकी गारंटी देता है। लेकिन क्या कारण था जो हमारे संविधान निमार्ताओं ने संविधान की प्रस्तावना में धर्म निरपेक्ष (सेकुलर) शब्द नहीं जोड़ा। लेकिन इंदिरा जी का दौर आते-आते वैसा करना जरूरी हो गया और फिर ज्यादातर पार्टियों ने धर्म निरपेक्षता का लबादा ओढ़ लिया। ये कहना भी गलत न होगा कि भाजपा को सर्वोच्च शिखर तक पहुंचाने में इन तथाकथित धर्मनिरपेक्षतावादियों का ही योगदान है जो मुसलमानों के खैरख्वाह बने रहने का दिखावा करने के साथ ही हनुमान गढ़ी से प्रचार शुरू करते हैं और मंदिर मठों में जाकर मत्था टेकते हैं। मुसलमानों को चाहिए वे इस दोहरे रवैए से खुद को दूर करें। ज्ञानवापी के अलावा मथुरा की शाही मस्जिद का मामला भी ऐसा ही है। ये दोनों हिंदुओं की आस्था के बड़े केंद्र हैं। इनको लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद बना रहे तो ये भावी पीढियों के लिए भी तकलीफदेह होगा। होना तो ये चाहिए था कि स्वाधीनता प्राप्त करने के बाद एक निश्चित समयावधि में ऐसे सभी मामलों को सुलझा लिया होता जिससे कि व्यर्थ के तनाव न पैदा होते। उस समय देश की बागडोर जिनके हाथों थी, उनकी बात को कोई नहीं टालता। लेकिन उन्होंने इसकी जरूरत नहीं समझी और दूसरी बातों में उलझे रहे। दरअसल अल्पसंख्यकों को खुश करने के फेर में तमाम ऐसे फैसले टाले जाते रहे जो देश के दूरगामी हितों के लिए आवश्यक थे। संदर्भित धर्मस्थलों के बारे में भी ऐसा ही हुआ। पिछले दिनों उत्तर प्रदेष के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक मीडिया साक्षात्कार में ज्ञानवापी मुद्दे पर अपनी चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि, अगर ज्ञानवापी को मस्जिद कहेंगे तो विवाद तो होगा ही। सरकार ज्ञानवापी विवाद का समाधान चाहती है। मुस्लिम समाज से ऐतिहासिक गलती हुई है, इसलिए इसके समाधान के लिए मुस्लिम समाज को आगे आना चाहिए। वर्तमान स्थितियों में ऐसा नहीं लगता है कि मुस्लिम पक्ष योगी आदित्यनाथ के सुझाव को स्वीकार करेंगे।

## कविता

### कारगिल युद्ध विजय दिवस

अभिमान भरी बुनियाद है हमारी,
कारगिल की धरती पर दिखाई वीरता सारी।

धैर्य और साहस से भरे शूरमा,
भारतीय सैन्य का नाम रोशन किया।

शीश नही झुकाया दुश्मन के सामने,
अखंडता और वीरता के साथ चढ़ा अन्यायों के मार्ग के सामने।

हिमालय की चोटियों पर खड़े वीर जवान,
शौर्य से भरी अपार उनकी कहानी है महान।

शहीदों की श्रद्धा और बलिदान पर जिएँ हम,
कारगिल विजय दिवस मनाकर अभिमान से भरें हम।

वीरता के पर्वतीय रास्तों पर अग्रसर,
विजयी हुआ भारत, दुश्मन हारा बार बार।

शहीदों को नमन कर उनका सम्मान करें,
कारगिल विजय दिवस पर वीरता की गाथा गाया करें।

उनकी चिताओं पर दीप जलाएँ,
वीर शहीदों को सलामी से याद करें।

देश के लिए जो कुर्बान हुए अमर वीर,
उनके सपूतों को सलामी भेंट करें नर-नार।

कारगिल की विजय का जश्न मनाएँ,
और वीर शहीदों की चिताओं को सजाएँ।

धैर्य, साहस और शक्ति से भरें हम,
कारगिल विजय दिवस पर करें गर्व हम।

डॉ.विजय

# सामने आ रहा ज्ञानवापी का सच

**प्रेम शर्मा**

**नाम** से सिद्ध होता है कि ज्ञानवापी हिन्दु धर्म का पर्याय है। इसके बावजूद शिव मंदिर का विध्वंस करने वाले शायद इस बॉत को भूल गए थे कि मुस्लिम समाज की दुनिया में किसी भी पूजनीय या इबादत करने वाले स्थान का नाम इस तरह से नही होता। क्या किसी के पास उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस सवाल का कोई जवाब है कि आखिर ज्ञानवापी परिसर में त्रिशूल क्या कर रहा है? उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह जो कहा कि ज्ञानवापी मामले में मुस्लिम पक्ष को स्वयं आगे आकर इतिहास में हुई गलती को सुधारने का प्रस्ताव देना चाहिए, वह इस विवाद के समाधान का सही उपाय है। उनकी बात पर मुस्लिम पक्ष को नीर-क्षीर ढंग से विचार करना चाहिए। उसे वैसा रवैया अपनाने से बचना चाहिए, जैसा उसने अयोध्या मामले में अपनाया था। उसने अयोध्या मामले में हठधर्मिता दिखाकर कुछ हासिल नहीं किया। उलटे शांति और सद्भाव से इस विवाद के हल का अवसर गंवा दिया। कतिपय लोगों के कारण ऐसा कई बार हो चुका है। यह शुभ संकेत नहीं कि उनके इस प्रश्न का उत्तर देने के स्थान पर मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड के नेता मूल विषय से ध्यान भटकाने वाले बयान देने में जुट गए हैं। यही काम कुछ अन्य मुस्लिम नेता भी करने में लगे हुए हैं। इससे बात बनने वाली नहीं है। मुस्लिम समाज को खुद उन नेताओं से सावधान रहना होगा, जो अपने स्वार्थ के लिए उन्हें बहकाने में लगे हुए हैं। ज्ञानवापी परिसर में यह साफ देखा जा सकता है कि यहां मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाई गई। इसके तमाम ऐतिहासिक दस्तावेज भी हैं जो देश के ही नहीं विदेश के लोगों ने भी लिखे। इनमें कुछ ऐसे दस्तावेज भी हैं जो औरंगजेब के करीबियों ने लिखे और जिनमें यह कहा गया है कि इस मुगल शासक ने काशी विश्वनाथ मंदिर को ध्वस्त करने का फरमान जारी करने का काम किया था। इसकी कहानी अब तहखाना खुलने के बाद सामने आने लगा है। ज्ञानवापी परिसर के भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण की ओर से वैज्ञानिक परीक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने जो निर्णय दिया, वह सत्य को सामने लाने में सहायक साबित होने वाला है। इस निर्णय के बाद मुस्लिम पक्ष को यह आभास हो जाए तो अच्छा कि वह बेवजह अदालतों का दरवाजा खटखटाकर सच्चाई से मुंह मोड़ने की कोशिश ही कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में यह जो सवाल किया कि आखिर सर्वेक्षण के जरिये सच को सामने लाने में क्या परेशानी है, उस पर मुस्लिम पक्ष को नीर-क्षीर ढंग से आत्मचिंतन करना चाहिए। उसे यह पता होना चाहिए कि उसने अयोध्या मामले में इसी तरह सच से मुंह मोड़ने की जो कोशिश की थी, उसके क्या परिणाम सामने आए। ज्ञानवापी परिसर के मामले में तो खुली आंखों से यह देखा-समझा जा सकता है कि यहां पर मंदिर तोड़कर मस्जिद का निर्माण किया गया।

## विचार

# कुछ तो हो रहा है भाई...

**कृष्ण कुमार निर्माण**

**लाख को**शिशें कर लेने के बावजूद,संसद में जबरदस्त हंगामा होने के बाद भी मणिपुर की हिंसा रुकी नहीं है।खबर है कि मणिपुर में फिर से हिंसा भड़की है।वैसे अभी तक इस बात की वहाँ से कोई खबर नहीं आई कि कहीं बुलडोजर चला हो।हो सकता है कि वीरेन साहब के पास बुलडोजर ना हो।वैसे वीरेन जी को बाबा से या ताऊ जी से बुलडोजर किराए पर ले लेना चाहिए।दूसरी तरफ नूंह में अच्छी बात है कि फिलवक्त हिंसा पर विराम है और उम्मीद करनी चाहिए कि आगे भी हिंसा नहीं होगी पर इधर से खबर आ रही है कि ताऊ खट्टर का बुलडोजर आ गया है और न केवल आ गया है बल्कि अच्छा-खासा चल रहा है।वैसे कारण चाहे कोई भी हो पर धीरे-धीरे बुलडोजर संस्कृति फल-फूल रही है।वैसे इस सारे मामले में जो बात दबकर रह गई है,वह यह है कि आखिर इस तरह की घटनाओं का असली जिम्मेदार कौन है?आज तक यही सच सामने नहीं आया जबकि तथ्य यह है कि यही सच सामने आना चाहिए।वैसे मुख्य रूप से इस तरह की तमाम घटनाओं के पीछे नफरत ही मुख्य कारक है।गड़े हुए मुर्दे उखाड़ना ही एक कारक है।धर्म-जात के नाम पर की जा रही राजनीति है।लेकिन सच समाने नहीं आ पाता वैसे सच सामने आना चाहिए।वैसे कानून की दृष्टि से भविष्य में बुलडोजर संस्कृति के परिणाम भयानक होने की संभावना है।

***************

खैर,इधर ताऊ खट्टर ने सीईटी क्या लागू किया कि एक तरह का नया बखेड़ा ही खड़ा हो गया।पहले तो इस बात पर बखेड़ा खड़ा हुआ कि आखिर सीईटी की जरूरत क्या है?खैर,जैसे-तैसे यह लागू हुआ,वैसे ही सिर मुंडाते ही ओले गिरने वाली कहावत चरितार्थ हो गई क्योंकि लगभग ग्यारह लाख ने अप्लाई किया और फिर लगभग चार लाख पास हो गए।फिर से बखेड़ा खड़ा हो गया और मामला कोर्ट में जा पहुँचा।आखिरकार कुछ कैटेगरी बनाई गई।कभी कुछ रूल आए,कभी कुछ रूल आते रहे।मगर इस बीच कई केस कोर्ट में लग चुके थे।इस दौरान जो सबसे हैरत की बात यह रही है कि बेरोजगार लोग निरंतर मानसिक तनाव में रहे जो कि अभी तक हैं क्योंकि जैसे ही कैटेगरी नम्बर 56,57 की परीक्षा लेने की बात आई।रातों-रात मामला कोर्ट में पहुँच गया और परीक्षा पर रोक लग गई।पर अबकी बार सरकार और एचएससीसी ने इसे नाक का सवाल बना लिया और रातों-रात कोर्ट लगा।आखिरकार परीक्षा लेने की इजाजत दे दी गई मगर परीक्षा का परिणाम जारी न करने की शर्त लगा दी गई।अब सवाल उठता है कि जब खाली पद हैं,शिक्षित बेरोजगार हैं तो क्यों ना सीधे ही परीक्षा लेकर टॉपर को नौकरी दे दी जाए?

ये बार-बार का झंझट ही खत्म हो जाए मगर गजब है ऐसा न करके कुछ और किया जा रहा है।देखते हैं क्या होता है? वैसे एक हैरत की बात यह है बिना खर्ची-पर्ची के रोजगार देने का दावा करने वाली व्यवस्था की एक भी भर्ती ऐसी नहीं है जो कोर्ट में चैलेंज ना हुई हो।वैसे कोर्ट में पिछली सरकारों की भर्तियां भी चैलेंज होती रही है।तभी तो 2010 में लगे ड्राइंग और पीटीआई नौकरी से बाहर हो चुके हैं।पर कौशल रोजगार निगम फिलवक्त की व्यवस्था का हिस्सा है जो कि मात्र शोषण है मगर जिद्द है कि जाती नहीं।वैसे इतने पचड़ों की बजाय ग्रुप सी और डी की नौकरियां तो सीधे तौर पर आसानी से बिना किसी भेदभाव के दी जा सकती हैं मगर पता नहीं क्यों यह बात सत्ता में बैठे लोगों को समझ नहीं आती या फिर जो व्यवस्था है वो कहीं गड़बड़ कर रही है।खैर,समर्थ को नहीं दोष गौसाई।चलिए,ताऊ खट्टर जो भी करेंगे,ठीक ही करेंगे। अच्छा !हरियाणा में शिक्षा विभाग ने भिरड़ों के छत्ते में एक बार फिर से हाथ मार दिया है।नहीं समझे, मतलब कि मास्टरों के लिए तबादले के लिए नीति तैयार कर दी है।काफी जद्दोजहद के बाद अब उस ट्रांसफर नीति को सरकार ने मंजूरी दे दी है मगर शिक्षक संगठनों ने उक्त ट्रांसफर नीति पर सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं। वैसे मास्टरों की ट्रांसफर करना भी पाक से युद्ध जीतने के बराबर हैं क्योंकि एक लाख मास्टरों की पांच लाख समस्याएं हैं और सैंकड़ों संगठन है।सरकार और विभाग भी करे तो क्या करे।खैर,ताऊ खट्टर से सिर्फ इतना ही कहना है कि अबकी बार तो ट्रांसफर कर ही दो,देखी जाएगी,जो होगा।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
**9999889104, 9250706656**
ई-मेल : **actionindiaharyana@gmail.com**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# रंग करें दंग

**ललिता जोशी**

रंगों का जीवन में बहुत महत्व है । यदि जीवन बेरंग हो तो जीवन नीरस ,भद्दा और उबाऊ बन जाता है । मनुष्य रंगविहीन जीवन की कल्पना नहीं कर सकता । मनुष्य को रंग कि प्रेरणा प्रकृति से प्राप्त होता है । प्रकृति के सात रंग ,इन्द्रधनुष के साथ रंग सभी को मनमोहक लगते हैं । जीव जन्तुओ ,पक्षियों को भी प्रकृति ने अपने रंगों से सजाया है तभी तो इनकी खुबसूरती बरबस ही अपनी और आकृष्ट कर लेती है । मनुष्य भी प्रकृति के रंगों से प्रेरित हो अपनी दुनिया को प्राकृतिक और स्व-निर्मित रंगों से भरता है । उसने भी प्रकृति से अपने लिए कृत्रिम और प्राकृतिक रंग बनाए। ये रंग जीवन में ऊर्जा और उत्साह का संचार करते हैं । लेकिन रंग दंग भी करते हैं । कभी रंग बेशर्म होते हैं तो इन पर राजनीति आरंभ हो जाती है । केसरिया बालमहोता है तो ये सन्यास का रंग भी और किसी विचारधारा का भी , लाल रंग पूजा का भी और शक्ति का , ऊर्जा का है तो हरा रंग कृषि का है ,साथ ही किसी धर्म विशेष का प्रतीक है । रंगो का प्रयोग मरीजों के उपचार के लिए भी किया जाता है । इसे रंगचिकित्सा के नाम जाना जाता है । इस पद्धति में ज्योतिषीय रत्न भी आते है जो किसी न ग्रह से संबंध रखते हैं । रंगों कि शक्ति और महत्व का इससे भी ज्ञात होती है । रंग चाहे तो बिगड़ी बना दे अन्यथा धूल चटा दे । ये रंग सब्जी के भी हैं । आजकल लाल लाल टमाटरों ने राजनीतिक हल्कों में अफरातफरी का माहौल बना रखा है और गृहणी कि तबीयत हलकान कर रखी है इतने महंगें टमाटरों ने सब्जी का रंग और स्वाद बिगाड़ कर रख दिया है । बेचारा लाल टमाटर तो महंगा होते ही सुर्खियों में छा जाता है लेकिन बेचारी अदरक कितनी ही महंगी हो जाए उसे कोई पूछता ही नहीं चाहे इसमें कितने ही गुण क्यों न हो । क्यों पूछेंगे इसे क्योंकि ये एक तो बेढब और दूसरे आकर्षक रंग कि जो नहीं होती । फिल्म में रंग बेशर्म बनाया गया तो नेताओं ने इस पर राजनीति कि और फिल्म के पोस्टर फाड़े गए आंदोलन किए गए लेकिन उफ : करें तो क्या करें लेकिन बेचारा रंग मूक दर्शक कि तरह सब देखता ही रहता है।

# पोलिटिक्स की तरह गौटिक्स

**डॉ. सुरेश**

यह कभी नहीं भूलना चाहिएक कि गाय हमारी माता है और हम उसके पुत्र। माता की सेवा न सही ढोंग करना तो सीखो। वह ऐसी माता है जो असली सेवा करने वाले को कुछ दे न दे, अपितु ढोंग करने वालों को मेवा देती है। उसके गोबर और मूत्र को मात्र गोबर या मूत्र कहकर उसका अपमान करने वाला कहीं का नहीं रहता। यह एक श्रेष्ठ उत्पाद है। अगर कुछ विज्ञापन छपवा दें तो चीन इम्पोर्ट करने को उतावला हो जायेगा । वो तो हमारी नीति है कि चीन से कुछ खरीदेंगे नहीं, इसलिए मजबूरी है कि बेचेंगे भी नहीं । हाँ यह अलग बात है कि चाइना आइटम्स बैन लिखे टी-शर्ट छाप-छापकर चीन भारत में करोड़ों कमा लेता है। बात को पहले ठीक से समझ लें सब लोग, उसके बाद कोई राय बनाएं ।

जल्दी न मचाएँ, पहले चुनाव हो जाने दें । लोकतंत्र संविधान की ही नहीं गाय की भी देन है । पांच साल में एक बार गाय जनता से बड़ी हो जाती है । उसकी फल, फूल और नगद से पूजा करनी होती है, आरती उतारनी होती है । चुनाव सर पर हैं, गाय का पूजन जोरों पर है। अभी पूजा करेंगे तभी न कल केंद्र में कुंडली मारकर बैठ पायेंगे। गाय को लेकर सब अपने-अपने ढंग से लगे हैं। कहीं-कहीं तो सरकारें बकायदा उसे खरीदकर जनता में अपनी हिंदू छवि सुधारने का प्रयास कर रही है। गोबर न हुआ असली हिंदू बनने का प्रमाण पत्र हो गया। आम आदमी से क्या लेना देना, आम आदमी तो आम की कीमत वाला भी नहीं होता है ! गाय बड़ी होती है । लेकिन गाय चुनाव से आगे बढ़ नहीं पाती । इसी को पोलिटिक्स की तरह गौटिक्स कहते हैं । असल में गाय किसकी है यह मतदाता अपने मतों से निर्धारित करता है।

लेकिन चुनाव के समय गाय को लेकर कोई संदेह नहीं हैं । गाय चाहेगी तो लाख बलात्कारों, महंगाई, बेरोजगारी के बाद भी सरकार बना देगी। देश तेजी से आधुनिक हो रहा है।

आधुनिकता गाय के रास्ते घर-घर पहुँचने को तैयार है। जरूरत है तो उसे धर दबोचने की। जो इसे अच्छे से दबोच लेता है तो उसे महंगाई, बेरोजगारी और लाचारी से छुटकारा मिलता है।

# '10 अगस्त को निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा'

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे की आन बान शान पर मर मिटने वाले शहीदों को समर्पित रहेगी 10 अगस्त को सोनीपत शहर में आयोजित तिरंगा यात्रा। यात्रा में शहीदों की मिट्टी से भरा कलश भी एक वाहन पर सुशोभित होगा ताकि नागरिक शहीदों को पुष्पांजली अर्पित कर सके। इंडियन कॉलोनी, दिल्ली कैम्प, नरेन्द्र नगर, बतरा कॉलोनी, तारानगर, देव नगर, जवाहर नगर, सेक्टर 15 में तिरंगा यात्रा का निमंत्रण देते हुए मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने बताया कि यात्रा के रूट पर बाजारों में शहर की धार्मिक, सामाजिक एवं व्यापारी एसोसिएशनों द्वारा अपने-अपने स्थानों पर भव्य स्वागत एवं पुष्प वर्षा करके शहीदों को सम्मान देंगे। उन्होंने बताया कि हमारे देश का स्वतंत्रता दिवस महत्वपूर्ण पर्व होने की बजाए औपचारिकता बच कर रह गया था






इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर तिरंगा यात्रा, शहीदों की मिट्टी को नमन, हर घर तिरंगा अभियानों की शुरूआत की गई ताकि देश की युवा पीढ़ी में देश प्रेम की भावना जागृत रहे। राजीव जैन ने कहा कि जिन शहीदों ने देश को आजाद करवाने और बाद में सीमाओं की रक्षा के लिए अपने परिवार की चिंता किए बगैर सब कुछ न्यौछावर कर दिया क्या हम उनके लिये घंटे दो घंटे का समय नहीं निकल सकते। उन्होंने कहा कि वही देश आगे बढ़ता है जिस देश के हर नागरिक के मन में देश की भावना सर्वोपरि हो। उन्होंने बताया कि तिरंगा यात्रा का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन चौक से साँय चार बजे होकर विभिन्न बाजारो से होकर खाटू धाम कालूपुर चुंगी समापन होगा जहां शीश के दानी खाटू श्याम की आरती की जाएगी।
बैठकों में अतुल जैन, त्रिभुवन कौशिक, सरदार अजीत सिंह, महेश जौहर, पवन स्वामी, श्रवण जैन, संजय वलेचा, संजय ठेकेदार, अर्पित कुमार, विजय वर्मा, पवन गुप्ता, सुनील चावरिया, बलराज रामानंदी, जोगेंद्र सेठा, पुरशोत्तम शर्मा, आनंद कौशिक, रमाशंकर उपस्थित रहे।

# जठेड़ी पंचायत ने किया सीएम के ओएसडी विरेंद्र दहिया का स्वागत

## ओएसडी वीरेन्द्र ने ग्रामीणों की समस्या सुनकर निवारण करवाया



**टीम एक्शन इंडिया/राई**
जठेड़ी गाँव में सरपंच योगेश जठेड़ी के नेतृत्व में ग्राम सभा की बैठक हुई। जिसमें द्वारा मुख्यमंत्री के नवनियुक्त ओएसडी विरेन्द्र दहिया का जोरदार स्वागत किया गया। बैठक की शुरूआत मुख्यअतिथि विरेंद्र दहिया, माईराम कौशिक ,सरपंच योगेश,सभापति मांगेराम द्वारा भारत माता की फोटो के समक्ष दीप जलाकर कर की। बैठक के सभापति मांगेराम व पूर्व बीईओ जगबीर ने वीरेंद्र दहिया व राई विधायक के भाई माईराम कौशिक का स्वागत किया। ग्राम पंचायत जठेड़ी की तरफ़ से सरपंच योगेश जठेड़ी ने स्मृति चिन्ह भेंट किया। ओएसडी वीरेन्द्र ने ग्रामीणों की समस्या सुनकर निवारण करवाया। लोगों ने सरकार द्वारा अधिकृत जमीन के बदले प्लॉट का मुद्दा उठाया। ग्राम पंचायत ने बिस्वामील चौक पर अमर शहीद मेजर सत प्रकाश वीर चक्र के शहीद स्मारक को पुनः स्थापित करने का अनुरोध किया जो एनएच-44 के निर्माण में हटा दिया गया था। एससी व ओबीसी समाज के लोगो ने ग़रीब लोगो के लिये प्लॉट की डिमांड रखी व गाँव में बनने वाले राम मन्दिर पर भी चर्चा हुई। ग्रामीणों ने फ़ैसला लिया की

**ग्राम सभा की बैठक**

**8 ओएसडी दहिया ने ग्राम पंचायत द्वारा किए गये विकास कार्यों की सराहना कि व सरपंच योगेश को शुभकामनाएं दी**

जिस दिन जनवरी 2024 में अयोध्या में बन रहें राम मंदिर का उद्घाटन होगा उसी दिन जठेड़ी गाँव में बन रहे राम मंदिर का भी उद्घाटन होगा व इस दिन अयोध्या का लाइव टेलीकास्ट भी देखा जाएगा । ओएसडी दहिया ने ग्राम पंचायत द्वारा किए गये विकास कार्यों की सराहना कि व सरपंच योगेश को शुभकामना दी। सभा का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ । इस मौके पर राज प्रधान, श्रीओम, जयकवार, रामबीर,शिवनारायण,महेंद्र, बीरा मास्टर,महेंद्र दहिया,राजपाल, सतपाल, जयपाल,रामा पंडित,रामचंद्र पंडित, जय पण्डित,कृष्ण, राज,नारायण, राजेंद्र करनी सेना,नरेंद्र,सुरेंद्र पंच,जोनी पंच,अनिल आदि मौजूद थे।

## न्यूज फ्लैश

### औद्योगिक क्षेत्र में मिले युवती के शव की नही हुई शिनाख्त

**गन्नौर:** बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के फेस तीन में मिले युवती के शव की शिनाख्त नही हुई है। पुलिस ने शव को शिनाख्त के लिए आसपास के ग्रामीणों को दिखाया लेकिन कोई सुराग नही लगा। एसआई ओमप्रकाश ने बताया कि शव को शिनाख्त के लिए सोनीपत सिविल अस्पताल के शवगृह में रखवाया है। एसआई ने बताया कि मृतक युवती के बाए हाथ में निखेलश लिखा हुआ है। उसने नीले रंग का छीटदार मैक्सी पहनी हुई है। युवती की उम्र करीब 25 साल है। उसके शव के पास लाल रंग की चुनरी भी पड़ी मिली है।

### जनस्वास्थ्य विभाग का कर्मचारी संदिग्ध अवस्था में लापता

**गन्नौर:** गुमड गांव से एक युवक संदिग्ध अवस्था में लापता हो गया। युवक के पिता ने गुमशुदगी की शिकायत थाना गन्नौर पुलिस को दी है। शिकायत में गुमड निवासी जवाहर सिंह ने बताया कि उसका बेटा अरुण कौशल रोजगार के तहत जनस्वास्थ्य विभाग में काम करता है। अरुण 1 अगस्त की सुबह घर से साईकल लेकर गया था। जो आज तक वापस नही आया। उन्होंने अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कहीं पता नही चला। पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### बेसहारा बुजुर्गों के साथ फ्रेंड्स डे मनाया



**सोनीपत:** समाज कल्याण शिक्षा समिति द्वारा चलाए जा रहे वृद्ध आश्रम में आज माया केयर सेंटर द्वारा वृद्ध आश्रम में रह रहे बे सहारा बुजुर्गों के साथ फ्रेंड्स डे मनाया गया आज फ्रेंड्स डे को ध्यान में रखते हुए संस्था द्वारा वृद्ध आश्रम में रह रहे सभी बुजुर्गों के साथ एक दूसरे को फ्रेंड्स किट पहराई गई व फ्रेंड्स डे मनाया गया प्रधान आनंद कुमार ने बताया कि आश्रम में रह रहे बेसरा बुजुर्गों को यह महसूस ना हो कि वह घर पर नहीं है वह उनके मन में कोई ऐसी बात ना आए । जिससे वह महसूस करें इसको ध्यान में रखते हुए आज फ्रेंड डे पर सभी बुजुर्गों के साथ माया केयर सेंटर द्वारा वृद्ध आश्रम में फ्रेंड्स डे मनाया गया। जिससे वर्धा आश्रम में रह रहे सभी महिलाएं व बुजुर्ग बहुत खुश नजर आए और एक दूसरे को प्यार से रहने की हिदायत दी । माया केयर सेंटर एक ऐसी संस्था है जो वर्धों के लिए काम करती हैं। जय श्री घरों में रह रहे वह बुजुर्ग जिनके अपने बच्चे घरों में नहीं है उनको किसी भी कार्य के लिए अगर इस हेल्पलाइन नंबर 18005721343 पर फोन करें तो यहां से एक आदमी आकर उनको घूमना फिर आना अस्पताल ले जाना शॉपिंग करना इस तरह के कार्य करती है।

### नाबालिग लड़की से दुष्कर्म मामले में एक महिला सहित दो और आरोपी किये जाँच में शामिल

**गोहाना:जिले** के महिला थाना गोहाना की पुलिस ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने की घटना में संलिप्त एक महिला सहित दो आरोपीयों को शामिल जाँच किया है। आरोपिया जिला जीन्द की रहने वाली है व आरोपी जगबीर पुत्र महासिँह वासी निडानी जिला जीन्द का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि गत 04 मार्च को जिला सोनीपत निवासी एक लड्की ने महिला थाना गोहाना में शिकायत दी थी कि सतीश पुत्र जगबीर वासी गांव निडानी मुझे नाबालिग होते हुए भी शादी का झांसा देकर घर से भगा कर ले गया व मेरे साथ दुष्कर्म करने की घटना को अंजाम दिया है। व मेरे साथ सतीश के दो भाईयों व पिता ने भी दुष्कर्म किया। व सतीश की माँ मेरे को घर से बाहर नहीं जाने देती थी।

# भगवान ने स्वस्थ शरीर दिया है तो रक्तदान अवश्य करें: देवेंद्र कादियान

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर ग्रामीण** भविष्य युवा क्लब की ओर से रविवार को बजाना खुर्द में लोहड़ी वाली चौपाल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें युवाओं ने उत्साह के साथ रक्तदान किया। शिविर में बतौर मुख्यातिथि मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स के चेयरमैन एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने शिरकत की और रक्तदाताओं को बैज लगाकर उनका हौंसला बढ़ाया। सेहत कर्मियों की टीम ने दोपहर बाद 3 बजे तक करीब 80 यूनिट ब्लड एकत्रित



किया गया। समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने रक्तदान करने वाले लोगों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है और सभी दानों में सर्वश्रेष्ठ है क्योंकि यह किसी जरूरतमंद का जीवन बचाता है। भगवान ने स्वस्थ शरीर दिया है तो रक्तदान अवश्य करें। इससे बड़ा कोई दान नहीं है। एक यूनिट से दो जिंदगियां बचाई जा सकती है। इस दौरान

**रक्तदान**

**8 बजाना खुर्द गांव में लगाया स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, 80 यूनिट रक्त एकत्रित**

आयोजकों ने मुख्यातिथि देवेंद्र कादियान को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर प्रवीन कादियान, कृष्ण सैनी, परविंद्र, सोमबीर, सुरेश इत्यादि ने शिविर को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया।

# एक रात में 6 किसानो के खेतों से सामान चोरी, मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** खेड़ी गुज्जर गांव के खेतों में चोरों ने जमकर उत्पात मचाया। चोर एक ही रात में 6 किसानों के खतों से ट्यूबवैल का सामान चोरी कर ले गए। जिस कारण किसानों को आर्थिक नुकसान हुआ है। पीड़ित किसान ने चोरी की शिकायत थाना गन्नौर पुलिस को दी है। शिकायत में गांव खेड़ी गुज्जर निवासी रणजीत ने बताया कि वह खेती बाड़ी का काम करता है। उसने अपने खेत मे एक सबमर्सिबल ट्यूबवैल लगाया हुआ है। रविवार की सुबह वह खेत से चारा लेने गया तो देखा उसके ट्यूबवैल की 400 मीटर तार, स्टार्टर व अन्य

**केस**

**8 किसानों को आर्थिक नुकसान हुआ है। पीड़ित किसान ने चोरी की शिकायत थाना गन्नौर पुलिस को दी है**

सामान चोरी मिला। उसने आस-पास पता किया तो 5 किसानों के खेत से भी सामान चोरी हुआ मिला। जिस कारण किसानों को आर्थिक नुकसान हुआ है। पुलिस ने किसान की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान के लिए सभी प्रकार की तैयारियां पूरी

**टीम एक्शन इंडिया/ संजय शर्मा नारनौल।** जिला में 7 से 12 अगस्त तक चलाए जाने वाले मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान की सभी प्रकार की तैयारी पूरी कर ली गई हैं। 7 अगस्त को जिला में 141 प्रतिरक्षण सेशन (आंगनबाड़ी केंद्र व उप स्वास्थ्य केंद्र) पर लगाए जाएंगे। शहरी क्षेत्र में 9 तथा ग्रामीण क्षेत्र में 132 प्रतिरक्षण सेशन लगाए जाएंगे। यह जानकारी देते हुए सिविल सर्जन रमेश चंद्र आर्य ने बताया कि मिशन इंद्रधनुष अभियान के तहत 0 से 5 साल के सभी बच्चों को राष्ट्रीय टीकाकरण सारणी के अनुसार सभी देय टीके लगाए जाएंगे तथा सभी

**अभियान**

**8 किसी कारण किसी बच्चे का कोई टीका छूट गया है तो वह है अपने नजदीकी सेंटर पर टीका लगवा सकते हैं**

गर्भवती महिलाओं को इस अभियान में टीडी के टीके भी लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि टीकाकरण के लिए अभिभावक स्वयं भी यूडब्ल्यूआईएन पोर्टल पर अपने बच्चों का पंजीकरण कर बच्चों के टीका लगवा सकते हैं। इसके अलावा प्रतिरक्षण सेशन पर स्वास्थ्य विभाग की टीम से यूडब्ल्यूआईएन पोर्टल पर पंजीकरण करवाकर टीके लगवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि बच्चों को नियमित टीकाकरण के जरिए पांच साल में बीसीजी, हेपेटाइटिस, डिप्थीरिया, पोलियो जैसे टीके सात बार लगाए जाते हैं। बच्चे के जन्म के समय, डेढ माह पर, ढाई माह पर, साढे तीन माह पर, 9 माह पर, डेढ़ साल पर व 5 साल पर टीके लगाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि किसी कारण किसी बच्चे का कोई टीका छूट गया है तो वह है अपने नजदीकी प्रतिरक्षण सेशन पर जाकर यह टीका लगवा सकते हैं।

# अवैध शराब सहित एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**सोनीपत: जिले** के थाना सैक्टर 27 सोनीपत की पुलिस ने अवैध शराब की घटना में संलिप्त आरोपिया गिरफ्तार की है। गिरफ्तार आरोपिया सीमा पत्नी धीरज वासी आदर्श नगर सोनीपत की रहने वाली है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि गत 5 अगस्त को थाना सैक्टर 27 सोनीपत में नियुक्त मुख्य सिपाही राकेश अपनी पुलिस की टीम के साथ अपराधियों एंव असामाजिक तत्वों की खोज में देवड़ु रोड पर मौजूद था कि मुखबिर खास के बतलाए स्थान व हुलिए अनुसार आदर्श नगर गन्दा नाला छोटी पुलिया के पास पहुंचा जहां छोटी पुलिया गंदा नाला पर एक महिला अपने पास लाल काला बैग व खाकी गत्ता पेटी रखे हुये बैठी दिखाई दी।

# श्रावण मास पर निकाली प्रभात फेरी, हुआ भव्य स्वागत

## राधा नाम लेने से मन और आत्मा दोनों पवित्र होती है: प्रभात फेरी इंचार्ज घनश्याम गर्ग

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
नारनौल।रविवार को श्रावण महीने के पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर प्रभात फेरी संगठन के तत्वाधान में प्रातः 6:00 बजे किला रोड़ से प्रभात फेरी का आयोजन किया गया । प्रभात फेरी के मुख्य यजमान श्री राजकुमार जी सैनी (शीतल रेस्टोरेंट) वाले परिवार ने ठाकुर जी को पुष्प अर्पित करके प्रभात फेरी का शुभारंभ किया। प्रभात फेरी की अ ध्यक्षता समिति के वरिष्ठ सदस्य नवीन जैन ने की । प्रभात फेरी इंचार्ज घनश्याम गर्ग ने कहा कि जब हम राधा नाम जपते हैं,और वह नाम जब प्रिया प्रियतम



के कानों से उनके दिलों में पहुंचता है, तो वह हमें अपने परमधाम पर भेज देते हैं, और जीवन के कर्म बंधन से मुक्त कर-के,आवागमन के चक्कर से मुक्त कर देते हैं।
राधा नाम लेने से मन और आत्मा दोनों पवित्र होती है एवं पशु पक्षियों पेड़ पौधों एवं घर के बुजुर्ग जो घर से नहीं आ सकते उन्हें भी राधा नाम संकीर्तन सुनने को मिलता है यह एक बड़े पुण्य का कार्य है राधा नाम लेने से मनुष्य की सभी बाधाएं दूर हो जाती हैं और उसके जीवन में सदेव खुशहाली ही खुशहाली बनी रहती हैं एवं मनुष्य मानव जीवन के कर्म बंधन से मुक्त होकर प्रभु के चरणों में अपना स्थान बना लेते हैं एवं राधा रानी की विशेष कृपा उन पर बनी रहती है । कार्यक्रम के अध्यक्ष नवीन जैन ने बताया कि गौ माता की सेवा बड़े पुण्य से मिलती है, एवं गौ माता की सेवा करने से, सात पीढ़ियां भवसागर से पार जाती है ।

# जल निकायों के आसपास सफाई अभियान चलाया

## आज एक पेड़ विश्वास का थीम के तहत सभी गांवों में होगा पौधारोपण: वैशाली सिंह



**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल:** "स्वच्छ हरित पंचायत" अभियान के तहत आज छठे दिन जिला के सभी गांवों में ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों ने जल निकायों के किनारों और आसपास के क्षेत्रों से कूड़े और मलबे को हटाने का काम किया गया। इसके अलावा जल निकायों की स्वच्छता के महत्व और पर्यावरण और सामुदायिक स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव पर लोगों को जागरूक किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह ने बताया कि जोहडों व तालाबों से ग्रामीणों के सहयोग से जल निकायों से अत्यधिक जलीय पौधों, जैसे जलकुंभी या जलीय खरपतवार को हटाने बारे अभियान चलाया। सफाई के प्रयासों के साथ-साथ जलस्रोतों और उनके आसपास के सौंदर्यीकरण पर फोकस किया। उन्होंने बताया कि सात अगस्त को एक पेड़ विश्वास का थीम के तहत

**जागरूक**

**8 जल निकायों की स्वच्छता के महत्व और पर्यावरण, सामुदायिक स्वास्थ्य पर लोगों को जागरूक किया**

सभी गांवों में वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा। इसमें अधिक से अधिक ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि मानव के सतत विकास के लिए हरियाणा सरकार ने यह गतिविधियां चलाने का फैसला किया है। यह अभियान केवल गांव को साफ सुथरा और हरा भरा बनाने तक ही सीमित नहीं रहेगा बल्कि यह स्वास्थ्य, पर्यावरण, जल संरक्षण तथा ग्रामीणों की भलाई से संबंधित सभी कार्यक्रमों से जुड़ा रहेगा।

# यूपीएसई की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निशुल्क कोचिंग के लिए छात्रों का चयन

## श्री गुप्ति सागर विद्यापीठ सोसाइटी ने दिल्ली ने आरम्भ कर रखा है निशुल्क कोचिंग सैंटर

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** जी टी रोड स्थित श्री गुप्ति सागर विद्यापीठ सोसाइटी ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के लिए कामयाब हाऊस केंद्र निशुल्क शुरू किया है।
दिल्ली में चल रहे केन्द्र में प्रतियोगिता परीक्षा में प्रशिक्षण के चयन के लिए गन्नौर गुप्ति धाम में 22 छात्रों का चयन हुआ है। केन्द्र में हर साल 30 छात्रों को संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी करवाई जाएगी।
गुप्ति सागर महाराज ने बताया कि अभी तक दो दर्जन के करीब



कामयाब हाऊस के छात्र आईएएस व आईपीए बन चुके है। गुप्ति सागर विद्यापीठ में कामयाब हाउस गुरुदेव की प्रेरणा से संघ लोक सेवा आयोग की प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करने के



करने की आकांक्षा वाले छात्र छात्राओं को समुचित एवं समेकित मार्गदर्शन देने के लिए कामयाब हाउस की स्थापना की गई है। संस्था के अध्यक्ष पवन जैन ने बताया कि छात्र छात्राओं को चयनित करने की रूपरेखा का निर्धारण करने हेतु गुप्ति धाम में दीपक जैन, वीरेंद्र सोनी, पीयूष जैन, धनेंद्र जैन, सुनील जैन, भूपेंद्र जैन आदि ने भाग लिया। पवन जैन ने बताया कि अभ्यर्थियों के ज्ञान कौशल और अक्षमता का वास्तुनिष्ठ आकलन कर चयन किया जाएगा और उन्हें बेहतरीन आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। हेमंत जैन भारतीय प्रशासनिक सेवा भारत सरकार के सचिव स्तर के वरिष्ठ अधिकारी द्वारा छात्रों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा नरेला रेलवे स्टेशन

= 15 करोड़ की लागत से बनेगा फुटओवर ब्रिज, = साज-सज्जा के अलावा वेटिंग रूम, शौचालय समेत कई सुविधाओं पर खर्च किए जाएंगे

**योजना...**

8 11 करोड़ रुपये रेलवे स्टेशन की साज-सज्जा के अलावा वेटिंग रूम, शौचालय समेत कई सुविधाओं पर खर्च होंगे






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अमृत** भारत स्टेशन योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये नरेला रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की योजना शिलान्यास किया। इस योजना के अंतर्गत 26 करोड़ रुपये खर्च कर नरेला रेलवे स्टेशन को आधुनिक सुविधाएं दी जाएंगी।

**इन कामों में खर्च होगी राशि:** 15 करोड़ रुपये की लागत से लगभग 36 फीट चौड़ा फुटओवर ब्रिज बनाया जाएगा। ब्रिज तक जाने के लिए लिफ्ट भी लगाई जाएगी। शेष 11 करोड़ रुपये रेलवे स्टेशन की साज-सज्जा के अलावा वेटिंग रूम, शौचालय समेत कई सुविधाओं पर खर्च किए जाएंगे। इस योजना के तहत नरेला रेलवे स्टेशन को सिटी सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा। रेलवे स्टेशन के सुंदरीकरण के अलावा इलेक्ट्रिक, सिग्नलिंग एवं दूरसंचार प्रणाली को अत्याधुनिक बनाने के लिए साढ़े तीन करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सिग्नल, एलईडी लाइटें, पंखे, जीपीएस घड़ी, पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम, कोच इंडिकेटर लगाए जाएंगे। अग्र भाग समेत पूरा रेलवे स्टेशन एलईडी लाइटों से जगमगाएगा।

यात्रियों के लिए वेटिंग रूम को नए सिरे से आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। एलईडी से प्रकाश व्यवस्था, एक नजर में डिस्प्ले बोर्ड मोनो रंग का प्रावधान, जीपीएस आधारित प्लेटफॉर्म घड़ी का प्रावधान के अलावा एक्जीक्यूटिव, आरक्षित लाउंज, वीआईपी कमरे में एलईडी टीवी का प्रावधान, यात्री उद्घोषणा प्रणाली का विस्तार किया जाएगा।

**30 वर्षों की जरूरतों को ध्यान में रखकर होगा पुनर्विकास का काम:** उत्तर रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अगले 30 वर्षों की जरूरतों को ध्यान में रखकर नरेला स्टेशन के पुनर्विकास का काम किया जाना है। दिव्यांगों, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और बच्चों को ध्यान में रखते हुए फुटओवर ब्रिज पार करने के लिए रेंप और लिफ्ट लगाई जाएगी। फुटओवर ब्रिज से लेकर वाटर बूथ, शौचालय आदि नागरिक सुविधाओं में दिव्यांगजनों की जरूरत व सुविधाओं का ध्यान रखा जाएगा रेल यात्रियों की सुविधा के लिए स्टेशन पर कैफे भी बनाया जाएगा।

# बहन का सुहाग उजाड़ने चला भाई



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उत्तर-पूर्वी** दिल्ली के ज्योति नगर इलाके में जीजा अपने साले को आवारागर्दी करने पर टोकता था। बस यही बात साले को बुरी लग गई। आरोपी ने दोस्तों के साथ मिलकर जीजा मोहम्मद आमिर (25) और उसके दोस्त जुबैर (26) पर चाकू से हमला कर दिया। आरोपी ने जुबैर पर दौड़ा-दौड़ाकर चाकू से कई वार किए। दोनों घायलों को जगप्रवेश चंद अस्पताल ले जाया गया, जहां से जीटीबी अस्पताल रेफर कर दिया गया। जुबैर की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने आमिर के बयान पर हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

**कई वार किए**

8 दिल्ली में सड़क पर जीजा को दौड़ाया, फिर चाकू से किए कई वार, मामूली सी थी बात

पुलिस के मुताबिक, एसी मैकेनिक आमिर परिवार के साथ विजय मोहल्ला, मौजपुर में रहता है। आमिर का आरोप है कि वह रात जुबैर के साथ कर्दमपुरी स्थित ससुराल जा रहा था। इस बीच रास्ते में उसे साला मेहताब मिल गया। उसके साथ रिश्तेदार फैजान और दोस्त शानू और चेता भी थे।

# दिल्ली दंगों के छह आरोपियों के खिलाफ चलेगा मुकदमा, मिली मंजूरी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**साल 2020** में हुए उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों के एक मामले में दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने आरोपी छह लोगों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत गोली लगने से हो गई थी। जांच के दौरान यह बात सामने आई है कि नागरिकता संशोधन विधेयक का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करने की आड़ में गहरी साजिश रची गई। इसी दौरान दिल्ली के उत्तर-पूर्वी जिले में दंगे हुए। जिसमें 24 फरवरी 2020 को गोली लगने से गली नंबर 17, न्यू मुस्तफाबाद निवासी 25 वर्षीय शाहिद उर्फ अल्लाह मेहर की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस स्टेशन दयालपुर में एक मार्च को एफआईआर संख्या 84/2020 दर्ज की। इसी मामले में उपराज्यपाल ने अभियोजन की मंजूरी दी। भारतीय दंड संहिता की धारा 153 ए और 505 के तहत दंडनीय अपराध के तहत मोहम्मद फिरोज, चांद मोहम्मद, रईस खान, मोहम्मद जुनैद, इरशाद और अकील अहमद के खिलाफ मामला दर्ज हुआ। जांच के दौरान छह गिरफ्तार आरोपियों ने खुलासा किया कि वे दंगों में शामिल थे।

# इनकम टैक्स ऑफिसर बताकर कारोबारी को ठगा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी** दिल्ली में कुछ लोगों ने खुद को आयकर विभाग (इनकम टैक्स) का कर्मचारी बताकर एक कारोबारी को ठग लिया है। पुलिस ने मामले में चार आरोपरियों को गिरफ्तार किया है। बाकी लोगों की तलाश की जा रही है।

डीसीपी (पश्चिम जिला) विचित्र वीर ने बताया कि पीड़ित रतन सहगल के अनुसार, सात-आठ लोग खुद को इनकम टैक्स ऑफिसर बताकर घर में घुस गए। जब आईडी मांगी तो उनमें से सिर्फ एक ने आईडी दिखाई। उनके गैंग में एक पुलिसकर्मी भी मौजूद था। हमने इस घटना की



8 पीड़ित के अनुसार, सात-आठ लोग खुद को इनकम टैक्स ऑफिसर बताकर घर में घुस गए

जानकारी पुलिस को दी और पुलिस ने उनमें से चार को गिरफ्तार कर लिया।

# आई फ्लू: स्टेरॉइड आई-ड्रॉप का अंधाधुंध उपयोग खतरनाक, जांच जरूरी

**परामर्श**

8 मरीज को आराम तो मिलता है, लेकिन कुछ समय में कहीं अधिक नुकसान सामने आ सकते हैं



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**लगातार** बढ़ते कंजंक्टिवाइटिस और आई-फ्लू के मामलों के बीच चिकित्सकों ने चेताया है कि स्टेरॉयड आई-ड्रॉप का अंधाधुंध उपयोग खतरनाक साबित हो सकता है। इनसे मरीज को तत्काल आराम तो मिलता है, लेकिन कुछ समय में कहीं अधिक नुकसान सामने आ सकते हैं। चिकित्सकों ने साफ किया है कि इस समय फैल रहा वायरल कंजंक्टिवाइटिस खुद ही ठीक हो सकता है, सभी मामलों में एंटीबायोटिक उपयोग करने की जरूरत नहीं है। एम्स के आरपी सेंटर के प्रमुख डॉ. जेएस तितियाल ने बताया कि इस समय एडीनोवायरस की वजह से कंजंक्टिवाइटिस के मामले ही आ रहे हैं। इन्हीं में 20 से 30 प्रतिशत मामलों में बैक्टीरिया से हुआ संक्रमण भी है। अधिकतर मामलों में संक्रमण 7 से 14 दिन में खुद ही पूरी तरह ठीक हो जाता है। एडीनोवायरस कंजंक्टिवाइटिस के कुछ विशेष वर्ग में मरीजों में कोर्टिकोस्टेरॉइड मददगार होता है। बैक्टीरिया से संक्रमण के मामलों में सुधार देरी से होता है।

**सही जांच जरूरी**

**डीडीयू** अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. जेएस भल्ला के अनुसार चिकित्सक बिना जांच के इलाज के लिए जल्दबाजी में एंटीबायोटिक दे सकते हैं। वायरस से हुए संक्रमण को बैक्टीरिया से हुआ कंजंक्टिवाइटिस मानने और गलत एंटीबायोटिक देने के मामले 50 प्रतिशत तक हो सकते हैं। एंटीबायोटिक रजिस्टेंस भी बढ़ सकता है। स्टेरॉइड आई-ड्रॉप पर डॉ. भल्ला और डॉ. तितियाल दोनों ही चेताते हैं कि इन्हें बिना डॉक्टर की सिफारिश के ओवर द काउंटर नहीं लेना चाहिए, बल्कि के चिकित्सक की सिफारिश पर यह बेचे जाने चाहिए।

डॉ. भल्ला चेताते हैं कि कॉर्टिकोस्टेरॉइड से संक्रमण लंबे समय तक बना रह सकता है। इसे लंबे समय लेने से मरीज में ग्लूकोमा या कैटरेक्ट भी हो सकता है। वहीं मरीज देखने की क्षमता भी गंवा सकता है।

**बच्चों में ज्यादा खतरे...**डॉ. भल्ला के अनुसार स्टेरॉयड से बच्चों की आंखों पर वयस्कों के मुकाबले ज्यादा और तेजी से दबाव पड़ता है। उन्हें इनका ज्यादा नुकसान हो सकता है।

**संक्रमण : किसे, कौन सा ज्यादा**
वयस्कों में एडीनोवायरस कंजंक्टिवाइटिस ज्यादा
बच्चों में बैक्टीरियल कंजंक्टिवाइटिस के मामले अधिक

**यह कर सकते हैं**
डॉ. तितियाल के अनुसार संक्रमण में आंखों में खुजली और कंकर होने जैसी चुभन महसूस हो सकती है।

# राष्ट्रीय वैस्कुलर दिवस पर वॉकथॉन का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वैस्कुलर** सोसाइटी ऑफ इंडिया ने रविवार को अखिल भारतीय राष्ट्रीय वैस्कुलर दिवस का आयोजन किया। इस अवसर पर देशभर के 26 शहरों में अंगविच्छेद मुक्त भारत की थीम पर एक वॉकथॉन का आयोजन कर जागरुकता बढ़ाने के लिए एक मील चलो, मुस्करा कर जीओ का संदेश दिया गया। मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम से शुरू वॉकथॉन इंडिया गेट की परिक्रमा कर वापस नेशनल स्टेडियम पहुंचा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फिट इंडिया विजन के मद्देनजर वीएसआई ने वॉकथॉन का आयोजन किया। इसका मुख्य लक्ष्य शरीर के अंग विच्छेद की स्थिति पैदा करने वाले कारणों (डायबीटीज, धूम्रपान, ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल बढ़ने) से बचना है।

स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल, जागरुकता और किसी अन्य

**अंगविच्छेद मुक्त**

8 एक वॉकथॉन का आयोजन कर जागरुकता बढ़ाने के लिए एक मील चलो, मुस्करा कर जीओ का संदेश दिया गया

समस्या का समय से निदान कर यह लक्ष्य पूरा होगा। वैस्कुलर सोसाइटी ऑफ इंडिया के सचिव डॉ. तपिश साहू ने कहा, हमारा मिशन एम्प्युटेशन फ्री इंडिया बनाने के मकसद से संपूर्ण वैस्कुलर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करा सभी समुदायों को अधिक स्वस्थ बनाना है। अभियान में पूरे भारत का उत्साह देख कर हम बहुत प्रोत्साहित हैं। आज राष्ट्रीय वैस्कुलर दिवस पर देशभर के 26 शहरों में एक साथ वॉकथॉन का आयोजन हुआ, जिसमें 8,000 से अधिक लोगों ने बड़े उत्साह से भाग लिया।

# सोशल मीडिया पर वायरल महिला की पिटाई मामले में नौ गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बदरपुर थाना** इलाके में स्थित गौतमपुरी का एक घटना का सीसीटीवी इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। वीडियो में लोगों का एक झुंड एक महिला पर पथराव, डंडे व किसी धारदार हथियार से हमला करते हुए दिखाई दे रहे हैं। हमले करने के बाद आरोपी मौके से चले जाते है। इस मामले में डीसीपी राजेश देव का कहना है कि वीडियो पुराना है। इस

**शिकंजा**

8 वीडियो में लोगों का एक झुंड महिला पर पथराव, डंडे व किसी धारदार हथियार से हमला करते हुए दिखाई दे रहे

मामले में दंगे का केस दर्ज कर नौ लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया था। प्रसारित वीडियो के अनुसार, वीडियो गत 31 जुलाई सुबह करीब 10.26 बजे की है। वीडियो 2.24 मिनट की है। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि एक गली में कुछ लोग खड़े हुए हैं। इसी दौरान कुछ लोगों का एक झुंड उनकी ओर आता है और सड़क पर खड़ी एक महिला पर हमला कर देता है। उपद्रवियों के झुंड के जाने के बाद वह महिला अपने हाथ पर कपड़ा लगाकर उठ जाती है और अपने घर की तरफ चली जाती है।

# नवजात को स्तनपान से ब्रेस्ट कैंसर का खतरा कम

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**एम्स,** सफदरजंग सहित देशभर के अन्य अस्पतालों में स्त्री रोग विज्ञान विभाग की डॉक्टरों ने स्तनपान करवाने वाली और न करवाने वाली महिलाओं का आंकड़ा जुटाया। इसमें पाया गया कि स्तनपान कराने वाली महिलाओं में से केवल तीन फीसदी महिलाओं में ही स्तन कैंसर होने के मामले पाए। जबकि इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) ने दिल्ली के सात बड़े अस्पतालों में कैंसर की जांच के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में 27.8 फीसदी महिलाएं ब्रेस्ट कैंसर की बीमारी से जूझ रही हैं। विशेषज्ञों की माने तो



स्तनपान न केवल बच्चे के लिए, बल्कि महिला के लिए भी सुरक्षा कवच है। यह दोनों को कई बीमारियों से बचाता है।

सफदरजंग अस्पताल में प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की प्रमुख डॉ. बिंदु बजाज ने कहा कि रिसर्च बताते हैं कि स्तनपान करवाने वाली महिलाओं में स्तन कैंसर होने का खतरा न के बराबर रह जाता है। इसके अलावा स्तन का दूध मां से उसके बच्चे के साथ एंटीबॉडी साझा करता है। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश होती है कि नवजात के जन्म के तुरंत बाद ही मां से बच्चे को स्तनपान करवाया जाए। शुरूआती मां के दूध में कोलेस्ट्राम होता है। जो बहुत जरूरी है। यह भी देखा गया है कि पहले दो दिन मां का दूध बूंद-बूंद आता है और महिला स्तनपान से बचने का प्रयास करती है।

**रिपोर्ट**

8 स्तनपान कराने वाली महिलाओं में से केवल तीन फीसदी महिलाओं में ही स्तन कैंसर होने के मामले पाए

# मासूम के साथ दुष्कर्म, विरोध करने पर परिवार के साथ मारपीट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उत्तर-पूर्वी** दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में 10 साल की मासूम के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। मासूम ने पड़ोस में रहने वाले एक लड़के पर जबरन दुष्कर्म का आरोप लगाया है। मासूम की दादी की शिकायत पर पुलिस ने दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज किया है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि विरोध जताने पर आरोपियों ने पूरे परिवार को लाठी, डंडे और रॉड से पीटा। वहीं मामले में दूसरे पक्ष ने भी अगले दिन लड़की के चाचा पर छेड़छाड़ और मारपीट करने का आरोप लगा दिया। पुलिस ने छानबीन के बाद छेड़छाड़ और मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस दोनों ही परिवार के लोगों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। दोनों ही परिवारों के बयान दर्ज किए जा रहे है। पुलिस के मुताबिक दुष्कर्म मामले में मासूम अपने परिवार के साथ शास्त्री पार्क इलाके में रहती है। इसके परिवार में माता-पिता, चाचा व अन्य सदस्य हैं। पुलिस के दिए बयान में मासूम की दादी ने बताया कि 18 जुलाई को मासूम पास की दुकान से सामान लेने के लिए निकली तो पड़ोस में रहने वाले लड़के ने मासूम को जबरन पकड़ लिया।

# एक ही मकान को सात बार गिरवी रखकर चौथी पास ने कई बैंकों से ऐंठे 25 करोड़

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली पुलिस** की आर्थिक अपराध शाखा ने भजनपुरा में एक ही मकान को सात बार गिरवी रखकर कई बैंकों से 25 करोड़ ऐंठने वाले दंपती को जलगांव, महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान जितेंद्र जैन (47) और अंजना जैन (43) के रूप में हुई है। जितेंद्र महज चौथी पास है जबकि पत्नी सातवीं तक पढ़ी है। आरोपियों के फरार होने के बाद बैंकों ने पुलिस व आर्थिक अपराध शाखा में मामला दर्ज करवाया था। साथ ही, सीबीआई ने भी केस दर्ज किया था। दिल्ली पुलिस ने दोनों की गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। कई राज्यों में ठगी करने के बाद आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। पुलिस दोनों



से पूछताछ कर इस बात का पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपियों ने कितने लोगों से ठगी की। आर्थिक अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त विक्रम के पोरवाल ने बताया कि वर्ष 2018 में निजी फाइनेंस कंपनी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। कंपनी के सहायक प्रबंधक दीपांकर सिन्हा ने बताया था कि भजनपुरा के मकान को गिरवी रखकर जितेंद्र और अंजना ने कंपनी से 2.60 करोड़ का लोन लिया था। जांच में पता चला कि आरोपियों ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर मकान पर पहले से सेंट्रल बैंक, सिंडीकेट बैंक, ओरिएंटल बैंक आदि बैंकों से 25 करोड़ से ज्यादा का लोन ले रखा है। आर्थिक अपराध शाखा में तैनात एसआई देवेंद्र सिंह, विक्रम सिंह की टीम ने मामले की छानबीन शुरू की। इस बीच टीम को पता चला कि आरोपी वर्ष 2016 से फरार हैं। टेक्निकल सर्विलांस की मदद से पता चला कि आरोपी दिल्ली, तमिलनाडु, बेंगलूरू, नासिक और जलगांव में रहे हैं।

**काबू**

8 दिल्ली पुलिस ने दोनों की गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था

लगातार आरोपी लोकेशन और मोबाइल भी बदलते रहे। जितेंद्र और बेटे के बैंक खातों की जांच से पता चला कि बेटा बेंगलूरू के किसी मेडिकल कॉलेज से पढ़ाई कर रहा है। टीम वहां पहुंची और छापा मारा, लेकिन आरोपी वहां से भी निकल गए। बाद में एक मोबाइल नंबर के आधार पर दंपति की लोकेशन महाराष्ट्र की मिली। इसके बाद दोनों को पकड़ लिया गया। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने तमिलनाडु में भी एक बैंक को गोल्ड लोन के नाम पर ठगा है। आरोपी भजनपुरा में मिठाई की दुकान चलाते थे। बाद में कपड़ों की दुकान खोलने के अलावा नरेला में मिठाई की फैक्टरी भी लगाई थी।

100 वारदात कर चुका बदमाश एटीएस ने दबोचा

# समीर की हत्या के मामले में आरोपी अरेस्ट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उत्तरी** जिले के सदर बाजार इलाके में देर रात मोहम्मद समीर की हुई हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपित सहित दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मामले में समीर के बचपन के दोस्त मोहम्मद आमिर और उसके साथी मोहम्मद रिजवान को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में पता चला है कि मुख्य आरोपित आमिर समीर की पत्नी से एकतरफा प्यार करता था। आमिर को लगता था कि समीर उसके रास्ते में आ रहा है ऐसे में दोस्त रिजवान के साथ मिलकर समीर की गला काट कर हत्या कर दी थी। बदले में आमिर ने रिजवान को काफी पैसे दिए थे। डीसीपी सागर सिंह कलसी के अनुसार, गत सोमवार देर रात को सदर बाजार थाना पुलिस को एक युवक का गला **रेतने की सूचना मिली।**

**गिरफ्तारी**

8 मोहम्मद समीर की हुई हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपित सहित दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया

**पुलिस ने मामला किया दर्ज:** मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। फोन की मदद से मृतक की पहचान सुल्तानपुरी के मोहम्मद समीर के रूप में हुई। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि कुछ वर्ष पहले तक समीर अहाता किदारा इलाके में रहता था। वह अपने दोस्तों से मिलने के लिए अहाता किदारा, चमेलियान रोड पर आता रहता था। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की। टेक्निकल सर्विलांस और सीसीटीवी की मदद से जांच की गई। सदर बाजार थाना प्रभारी कन्हैयालाल यादव, इंस्पेक्टर डीवी सिंह ने आरोपितों की पहचान की।

मुख्य आरोपित को वारदात के कुछ ही घंटों बाद गिरफ्तार कर लिया गया। अगले दिन पुलिस ने दूसरे आरोपित रिजवान को उत्तर-पूर्वी दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया गया।

## न्यूज फ्लैश

### बीएलएस ई-सर्विसेज लिमिटेड ने डीआरएचपी दाखिल किया

**नोएडा।** बीएलएस ई-सर्विसेज लिमिटेड (कंपनी) एक अग्रणी प्रौद्योगिकी सक्षम डिजिटल सर्विस प्रोवाइडर है, जो मुख्य तौर पर इन क्षेत्रों में सेवाएं प्रदान करती है- (ए) भारत में प्रमुख बैंकों के लिए बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट सेवाएं, (बी) सहायता प्राप्त ई-सेवाएं; और (सी) भारत में जमीनी स्तर पर ई-गवर्नेंस सेवाएं। कंपनी ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी 2,41,30,000 इक्विटी शेयरों (अंकित मूल्य 10 रुपये) तक के फ्रेश इश्यू की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के माध्यम से धन जुटाने की योजना बना रही है। कंपनी निम्नलिखित उद्देश्यों की फाइनेंसिंग के लिए शुद्ध आय का उपयोग करने का प्रस्ताव करती है-

1. नई क्षमताओं को विकसित करने और मौजूदा प्लेटफार्मों को मजबूत करने के लिए टैक्नोलॉजी इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना; 2. बीएलएस स्टोर्स की स्थापना करके ऑर्गेनिक ग्रोथ के लिए वित्तपोषण पहल; 3. अधिग्रहण के माध्यम से इनऑर्गेनिक ग्रोथ हासिल करना; और 4. सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य।

ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से पेश किए जाने वाले इक्विटी शेयरों को बीएसई लिमिटेड (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।

यूनिस्टोन कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड इस इश्यू का एकमात्र बुक रनिंग लीड मैनेजर है।

### इंडिया शेल्टर फाइनेंस कॉपोरेशन लिमिटेड ने डीआरएचपी दाखिल किया

**नोएडा।** व्यापक वितरण नेटवर्क और एक स्केलेबल टैक्नोलॉजी इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ हरियाणा के गुरुग्राम स्थित खुदरा केंद्रित किफायती आवास वित्त कंपनी इंडिया शेल्टर फाइनेंस कॉपोरेशन लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी की योजना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के माध्यम से कुल मिलाकर 1800 करोड़ तक के इक्विटी शेयरों (प्रत्येक अंकित मूल्य 5) के माध्यम से धन जुटाने की है। इस ऑफर में कुल मिलाकर 1000 करोड़ तक के इक्विटी शेयरों का नया इश्यू (फ्रेश इश्यू) और सेलिंग शेयरधारकों द्वारा बिक्री के लिए ऑफर (ऑफर फॉर सेल) शामिल है, जो कुल मिलाकर 800 करोड़ तक है।

कंपनी नए इश्यू से हासिल होने वाली शुद्ध आय का उपयोग इन दो उद्देश्यों के लिए करने का प्रस्ताव करती है - (ए) आगे की उधार देने के लिए भविष्य की पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करना; और (बी) सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य।

बिक्री के प्रस्ताव में कैटलिस्ट ट्रस्टीशिप लिमिटेड (मैडिसन इंडिया अपॉर्चुनिटीज ट्रस्ट फंड के ट्रस्टी के रूप में) द्वारा कुल मिलाकर 49.00 मिलियन तक के इक्विटी शेयर शामिल हैं; मैडिसन इंडिया अपॉर्च्युनिटीज द्वारा 2,945.00 मिलियन तक एग्रीगेटिंग, मियो स्टाररॉक द्वारा 784.00 मिलियन तक एग्रीगेटिंग, नेक्सस वेंचर्स- लिमिटेड द्वारा 1,372.00 मिलियन तक एग्रीगेटिंग, 2,205.68 मिलियन तक नेक्सस अपॉर्च्युनिटी फंड-, नेक्सस अपॉर्च्युनिटी फंड (सामूहिक रूप से, शेयरधारकों को बेचने वाले निवेशक या विक्रय करने वाले शेयरधारकों) (बिक्री के लिए प्रस्ताव) द्वारा 644.32 मिलियन तक का एग्रीगेटिंग।

रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से पेश किए जाने वाले इक्विटी शेयरों को बीएसई लिमिटेड (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।

आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड, सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, कोटक महिंद्रा कैपिटल कंपनी लिमिटेड, एंबिट प्राइवेट लिमिटेड इस इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं।

### किराएदारों को कमरा खाली करने की धमकी देने का आरोप

**सोनीपत:** कुंडली थाना क्षेत्र में विधवा महिला ने एक ग्रामीण पर दबंगई करने और उनके कमरों पर कब्जे का प्रयास करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपित उससे रंगदारी वसूली का प्रयास कर रहा है। वह किराएदारों को जान से मारने की धमकी देता है। पीड़िता ने पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने और उसको बार-बार थाने में बुलाकर घंटों तक बैठाए रखने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में जांच शुरू कर दी है।

गांव वाजिदपुर सबौली की रहने वाली गीतादेवी ने पुलिस को बताया कि उनके कुंडली की प्रेम कालोनी में कमरे बने हुए है। उन्होंने 44 कमरे बनाए हुए है। उन सभी में किराएदार रहते है। उन्होंने सभी को कमरे किराए पर दिए है, और वही उनसे किराया वसूलती हैं। उनके कमरों और संपत्ति पर किसी प्रकार का विवाद नहीं है। उनके गांव का विकास अवैध उगाही करना चाहता है। वह कमरों में रहने वाले किराएदारों को खाली करने की धमकी देता है। कमरे खाली नहीं करने पर उनको जान से मारने की धमकी देता है। जब उसको समझाने का प्रयास किया गया तो उसने मारपीट शुरू कर दी। गीतादेवी ने बताया कि इसकी शिकायत कुंडली थाना पुलिस से की। पुलिस उसे थाने में बुलाती है उसे घंटों थाने में बैठाएं रखती है। पीड़िता ने एसीपी को सौंपी शिकायत में मामला दर्ज करके कार्यवाही की मांग की है।

# भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रतिनिधिमंडल को नूंह जाने से रोका

## सांसदों को नूंह में जाने रोकने से साबित होता है कि नूंह में स्थिति ज्यादा तनावपूर्ण

**टीम एक्शन इंडिया/**

**भारतीय कम्**युनिस्ट पार्टी के एक उच्च स्तरीय प्रतिनीधिमंडल को गुरुग्राम नूह सीमा पर पुलिस और डयूटी मजिस्ट्रेट ने नूंह जाने से रोक दिया। आज केरल सरकार के पूर्व मंत्री, राज्य सभा सांसद एवं सीपीआई के राष्ट्रीय सचिव कामरेड बिनोय विश्वम के नेतृत्व में सीपीआई का प्रतिनीधिमंडल गत दिनों नूंह में हुई हिंसा में पीड़ित परिवारों से मुलाकात करने नुकसान का जायजा लेने और शांति व भाईचारे की अपील करने के लिए नूह जा रहा था।



प्रतिनीधिमंडल में बिनोय विश्वम के अलावा सीपीआई की राष्ट्रीय सचिव एवं एटक की राष्ट्रीय महासचिव अमरजीत कौर, राज्य सभा सांसद एवं सीपीआई की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य संदोष कुमार पी, राज्य सचिव दरियाव सिंह कश्यप, एटक हरियाणा के सीनियर उप महासचिव अनिल पंवार, सतपाल नैन, हरीप्रकाश शर्मा, धीरेन्द्र आदि शामिल थे। पुलिस अधिकारी एवं डयूटी मजिस्ट्रेट ने धारा 144 का हवाला देते हुए प्रतिनीधिमंडल को नूह जाने से रोक दिया। इस अवसर पर प्रतिनीधिमंडल ने रोष

**रोष**

**पीड़ित परिवारों से मुलाकात करने नुकसान का जायजा लेने सदस्य नूंह जा रहा था**

व्यक्त करते हुए गिरफ्तारी का आग्रह किया। कामरेड बिनोय विश्वम, अमरजीत कौर एवं पी संदोस कुमार ने प्रैस को सम्बोधित करते हुए हरियाणा पुलिस एवं प्रशासन की कडे.शब्दों में निंदा की। दोनों सांसदों ने कहा कि सांसदों को नूंह में जाने रोकने से साबित होता है कि नूंह में स्थिति ज्यादा तनावपूर्ण है। प्रतिनीधिमंडल ने मेवात क्षेत्र की जनता से शांति एवं भाईचारा बनाए रखने की अपील की। पवन कुमार सैनी एडवोकेट ने हरियाणा सरकार व पुलिस प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि नूह व आस पास के इलाकों तथा अन्य जिलों में अमन व शांति कायम कर पीड़ितों को मुआवजा दिया जाए व असली दंगाइयों व दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

## ऊंची आवाज कर रहे युवकों को टोकना संचालक को पड़ा भारी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**सिविल** लाइन थाना क्षेत्र के ओल्ड डीसी रोड पर स्थित कैफे पर ऊंची आवाज में बात कर रहे युवकों को टोकना संचालक को भारी पड़ गया। युवकों ने संचालक से मारपीट करने के साथ नुकीले हथियार से हमला कर दिया। साथ ही कैफे में तोडफोड़ भी कर दी। बाद में वह धमकी देकर चले गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस ने दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव फाजिलपुर निवासी अजय ने बताया कि वह ओल्ड डीसी रोड पर लाइफ होटल के नाम से कैफे चलाते हैं। वह शुक्रवार शाम को कैफे पर बैठे हुए थे। इसी दौरान उनके कैफे पर चार-पांच युवक बैठकर ऊंची आवाज में बात कर रहे थे। उन्होंने कैफे में युवकों को तेज आवाज में बात नहीं करने की बात कही थी। इसी बात पर वह गुस्सा हो गए। युवकों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। उन्होंने लात-घुस्से व डंडे के साथ ही किसी नुकीले हथियार से भी उन पर हमला कर दिया। हमलावरों ने अनुज नाम का युवक भी शामिल थी। उन्होंने उनके साथ मारपीट करने के साथ ही कैफे में तोडफोड़ भी कर दी। बाद में जान से मारने की धमकी देते हुए कहने लगे की आज तो बच गया, अगली बार नहीं बचेगा। उसके बाद हमलावर चले गए। उन्होंने अस्पताल में अपना उपचार कराया और मामले की शिकायत पुलिस को दी। थाना प्रभारी कर्मजीत ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द हमलवारों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## मन की फैक्ट्री में ही बनता है सुख-दुखः रमेश मुनि

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**श्री** एस एस जैन सभा गुड़ मंडी सोनीपत के तत्वाधान में चातुर्मास हेतु विराजित ओजस्वी वक्ता श्री रमेश मुनि जी महाराज प्रवचन भास्कर श्री मुकेश मुनि जी महाराज तपस्वी श्री मुदित मुनि जी महाराज



श्री रमेश मुनि जी महाराज ने प्रवचन सभा को संबोधित करते हुए कहा कि धर्म मात्र कर्मकांड नहीं है, धर्म एक नजरिया है, जिससे अनोखा जीवन व जगह देख सकते हैं` उन्होंने कहा कि सुख-दुख बाहर से आने वाली आइटम नहीं है` सुख-दुख का प्रोजेक्ट हमारे खुद के मन की फैक्ट्री में ही तैयार होता है` आगे कहा कि जब तक आंखें हैं, रूप दिखाई देगा, जब तक कान है, शब्द सुनाई देंगे, जब हम देखते व सुनते हैं, पर कोई प्रक्रिया नहीं करते ये साक्षी भाव है` देखना, सुनना, सूंघना अपराध नहीं है. देखना अपराध तब बनता है जब विकार जुड़ जाते हैं जब हम किसी एक्शन का रिएक्शन नहीं करते तो ये सिद्धदर्शन है ये ही हमें प्रभुमय व आनंदित जीवन का स्वामी बनाता है। कुछ व्यक्तियों का जन्म मात्र तकरार के लिए होता है.`वो जहां भी जाते हैं, कलह के कीटाणु बिखेरते चले जाते है। समाधान या समझौता वृत्ति उसके जीवन से कोसों दूर होती है` झगड़े व रगड़ो में जीवन धन हाथ से निकल जाता है उन्होंने कहा कि जिंदगी बहुत छोटी है और समय जीवन की कसौटी है।

## नाबालिग को भागने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपतः कुंडली** थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर घर से भगाने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित राहुल निवासी नाहरा का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। एक व्यक्ति ने गत 16 मार्च को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि विनय निवासी बागपत उसकी बेटी को झांसा में लेकर भगा ले गया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था।

जांच अधिकारी नरेश की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को काबू कर लिया था। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था।

## विधायक को विहिप ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत।** विश्व हिंदू परिषद ने विधायक सुरेंद्र पंवार के निवास स्थान सेक्टर-15 पहुंचकर उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से परिषद के पदाधिकारियों ने मेवात में हुए दंगे के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। विधायक सुरेंद्र पंवार ने भी सरकार से मांग की है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। विधायक सुरेंद्र पंवार को दिए ज्ञापन में बताया कि भगवान कृष्ण की क्रीडा स्थली जहां महाभारत कालीन मंदिर है। हमेशा हिंदुओं की तीर्थस्थली रही है। एक समृद्ध संस्कृति का नाम है मेवाड़। उसी का एक भाग आज मेवात के नाम से जाना जाता है। जिस तरह कुछ दिन पहले मेवात में घटना घटी है,



उसके दोषियों को सख्त से सख्त सजा दिलवाई जाए। विधायक सुरेंद्र पंवार ने विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों को आश्वासन देते हुए कहा कि मेवात की घटना बहुत ही निंदनीय है। वह सरकार से मांग करते है कि इस घटना में जो भी दोषी है, उनके खिलाफ सरकार जल्द से जल्द कार्रवाई करें। इसके साथ ही जिन अधिकारियों की उस दिन जिम्मेदारी थी, कोताही बरतने पर उनके खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए ताकि भविष्य में इस तरह की घटना न हो। इस दौरान सुभाष गुप्ता, पवन गर्ग, नरेंद्र शर्मा, मुकुल मिश्रा, राकेश, विनोद, एडवोकेट नीतू मल्होत्रा सहित अन्य मौजूद रहे।

## छावनी के हाथीखाना मंदिर में हवन यज्ञ आयोजित

**आहुति**

**प दीप लाल जयपुरी जी ने सर्वप्रथम विनायक पूजन किया उसके बाद वेदी पूजन के बाद यज्ञ आरम्भ किया**

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला के कैलाश मंदिर ( हाथी खाना)** के सानिध्य में भगवान परशुराम सेवा समिति ( रजि ) अम्बाला छावनी द्वारा महीने के प्रथम रविवार को यज्ञ करवाया गया। प्रस्तुत यज्ञ में समिति के पुरोहित प दीप लाल जयपुरी जी ने सर्वप्रथम विनायक पूजन किया उसके बाद वेदी पूजन





के बाद यज्ञ आरम्भ किया। मनमोहन दास जी के शुभ आशीर्वाद से 20 वे रुद्रमहायज्ञ 2023 में भगवांन परशुराम सेवा रजि(1069) अम्बाला छावनी के सचिव राजेश गोल्डी एवम उनकी धर्मपत्नी सुषमा देवी ने शिरकत की। यज्ञ आचार्य प दीप लाल जयपुरी जी ने रुद्री के मंत्रों, परशुराम गायत्री, शिव गायत्री के 108 नामों के द्वारा यज्ञ में आहुतियाँ डलवाई, श्री शिव महिम्न स्त्रोत का पाठ, महामृत्युंजय के मन्त्रो से वातावरण शिवमय हो गया। इस शुभ अवसर पर समिति के महासचिव सुरिंदर राजू ने कहा कि सावन माह में यज्ञ करने वाला हमेशा आयु आरोग्य का आशिर्वाद प्राप्त करता है। इस अवसर पर समिति के प्रधान अतुल शर्मा ने कहा कि हमारी समिति रात दिन कड़ी मेहनत करके नग्गल करधान में बन रहे भगवान परशुराम जी के मंदिर को बंनाने में पदाधिकारी एवम समस्त सदस्यगण जी तोड़ मेहनत कर रहे है।

अतुल शर्मा ने बताया कि समिति जल्दी ही मंदिर के सामने जगह लेकर धर्मशाला का भी निर्माण करेगी। नीतीश शर्मा, राजीव शर्मा, सतीश शर्मा, अनुराग कौशिक,शशिकांत पराशर,सुनीता पराशर,सुमन शर्मा, सोहन शर्मा, नरिंदर शर्मा, डॉ राकेश भारद्वाज, रविंदर बिल्ला शर्मा, सुरेश कौशिक ओर अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## नूंह हिंसा में मरे अभिषेक बजरंगी के नाम पर पानीपत में बनाया जाएगा द्वार: विज



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया।** पानीपत नगर निगम की सोमवार को होने वाली हाउस की बैठक मे शहरी विधायक प्रमोद कुमार विज ने शहरी हलके से संबंधित 10 प्रस्ताव भेजे है और निगम अधिकारियों से प्रस्ताव के माध्यम से शहरी विधानसभा में चल रहे विकास कार्यों की रिपोर्ट मांगी है। वहीं विधायक प्रमोद विज ने नूंह में साम्प्रदायिक हिंसा में मारे गये नूरवाला की धमीजा कालोनी निवासी अभिषेक बजरंगी के नाम पर द्वार बनाने का प्रस्ताव भेजा है। इसके अलावा वार्ड 17 में एफसीआई की खाली पड़ी जमीन पर स्कूल बनाने का प्रस्ताव भेजा है। वहीं विधायक ने पत्र लिखकर पूछा गया है कि नगर निगम द्वारा बिजली शाखा में 40 कर्मचारी स्ट्रीट लाइटों के रखरखाव के लिए अनुबंध के आधार पर रखे गए थे, इनके नाम, पता व मोबाइल नंबर बतलाये जाए। जबकि नगर निगम द्वारा इस वर्ष स्ट्रीट व टावर लाइटों के रखरखाव के लिए 91.55 लाख रुपये का कार्य ठेकेदार को प्रदान किया गया है, ऐसा होने के उपरांत ये 40 कर्मचारी क्या कार्य कर रहे हैं। वहीं विधायक ने पूछा है कि हाली पार्क व झील के निर्माण कार्य की अवधी पूरी हो चुकी है लेकिन अब तक भी झील को चालू क्यों नहीं किया गया।

## परीक्षा केंद्रों तक परीक्षार्थियों को पहुंचाने के लिए रोडवेज की लॉरी का शेड्यल जारी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**प्रदेश** के अलग-अलग जिलों में होने वाली एचएसएससी परीक्षा को लेकर विभाग ने कमर कस ली है। शनिवार को जारी हुए ग्रुप-सी भर्ती की लिखित परीक्षा को लेकर रोडवेज की लॉरी सुबह तीन बजे से उम्मीदवारों के लिए बस परिसर में मौजूद रहेगी। जिले के उम्मीदवारों का परीक्षा केंद्र करनाल, कुरूक्षेत्र, पानीपत, पंचकूला और हिसार जिले में बनाया गया है। जिले के करीब 5018 उम्मीदवार इस पद के लिए परीक्षा देंगे। परीक्षा केंद्रों तक परीक्षार्थियों को पहुंचाने के लिए दो दिनों के दौरान सोनीपत डिपो से 99 बसें चलाई जाएगी। डिपो में छह बसें रिजर्व रखी जाएगी। जरूरत पड़ने पर इन बसों का संचालन किया जाएगा। उम्मीदवारों के लिए विभाग की तरफ से हर संभव प्रयास किए जा रहे है। ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## बलदेव नगर के सरकारी स्कूल में ई-अधिगम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बलदेव नगर अंबाला वन में अंतर्गत ई-अधिगम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य एवं खंड शिक्षा अधिकारी अंबाला वन सतवीर सैनी ने प्रार्थना सभा में छात्रों को ई-अधिगम के बारे में समझाया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया। उन्होनें बताया कि यह योजना हरियाणा सरकार द्वारा बच्चों को डिजिटल युग में ई-अधिगम में सक्षम बनाने के लिए प्रारंभ की गई है। यह योजना बच्चों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है,



बच्चे पढ़ाए जाने वाले बिषय के बारे में पूर्व में ही ज्ञान अर्जित कर सकते हैं। यदि विद्यार्थी किसी कारण वश विद्यालय में अनुपस्थित रहता है तो भी उसकी पढ़ाई का नुकसान नहीं होता है। प्रधानाचार्य ने ई-अधिगम प्राध्यापकों के द्वारा कुशलता से कार्यक्रम को सफल बनाने को सराहनीय कदम बताया विद्यार्थियों को शिक्षा विभाग द्वारा प्रदान किए गए टेबलेटस के माध्यम से ई-अधिगम करवाएं जाने को बहुत ही महत्वपूर्ण योजना बताया। प्रधानाचार्य जी ने कक्षाओं का भी निरीक्षण किया ई-अधिगम छात्रों तथा अध्यापकों की सराहना की हमारे विद्यालय में दसवीं के छात्र अनु कार्तिक विशाल आकाश रणधीर एवं रोहन ई-अधिगम छात्र बने। प्राध्यापक अमन, तारावती, अर्पना, पारुल, सुमेश, नीलम एवं वनिता आदि ने ई-अधिगम प्राध्यापकों की श्रेणी में स्थान प्राप्त किया।

# फैक्टरी में अज्ञात कारणों के चलते लगी भीषण आग

## दमकल विभाग ने 13 घंटे के बाद आग पर पाया काबू, अलग-अलग जिलों से 26 दमकल गाड़िया मौके पर पहुंची

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**कुंडली** थाना क्षेत्र के प्याऊ मनियारी स्थित प्लास्टिक दाना से पैकिंग बैग बनाने वाली फैक्टरी में शनिवार सुबह पांच बजे भीषण आग लग गई। आग लगी देख फैक्टरी में मौजूद कर्मियों ने बाहर भागकर जान बचाई। आग की सूचना फैक्टरी मालिक, अग्निशमन विभाग व पुलिस को दी गई। सूचना के बाद पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने आग 13 घंटे की मशक्कत से आग पर काबू पाया। आग से फैक्टरी मालिक को आग से भारी नुकसान हुआ है। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है।

प्याऊ मनियारी स्थित इंडो इम्पेक्स पैकेजिंग फैक्टरी में प्लास्टिक दाना से पैकिंग बैग तैयार किए जाते है। शनिवार सुबह करीब पांच बजे फैक्टरी में अचानक प्लास्टिक के सामान में आग लग गई। आग प्लास्टिक में होने के चलते तेजी से फैलने लगी। जिससे अंदर काम कर रहे कर्मियों में हडकंप मच गया। वह आग से बचने के लिए बाहर की तरफ भागे। उन्होंने गार्ड को जानकारी देने के साथ ही दिल्ली निवासी फैक्टरी मालिक को आग लगने के बारे में बताया। उसके बाद तुरंत अग्निशमन विभाग व पुलिस को सूचित किया गया। सूचना के बाद पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू कर दिया। प्रशासन की तरफ से एसडीएम राकेश संधू भी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। प्लास्टिक दाना व प्लास्टिक होने के चलते आग तेजी से बढ़ने लगी। जिस पर सोनीपत के साथ रोहतक, पानीपत व दिल्ली के नरेला से 26 गाड़ियों को बुलाया गया। अग्निशमन विभाग की गाड़ियों ने 13 घंटे में आग पर काबू पाया। आग से फैक्टरी मालिक को भारी नुकसान हुआ है। आकलन के बाद ही नुकसान का पता लग सकेगा। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया गया है।

**आग पर काबू**

**चारों तरफ से फैक्टरी की दीवारें ऊंची होने के लिए कर्मचारियों को आग बुझाने में परेशानी हो रही थी**

**आसपास की फैक्टरियों को करवाया गया खाली-** फैक्टरी में लगी आग ने भयंकर विकराल रूप धारण कर लिया। देखते ही देखते आग पूरी फैक्टरी में फैल गई। प्रशासनिक अधिकारियों की तरफ से आसपास की फैक्टरियों को खाली करवाने के निर्देश दिए। ताकि किसी की जान की हानि न हो सके। आग की सूचना के बाद एसडीएम व कुंडली थाना पुलिस सहित दमकल विभाग के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

**क्रेन से तोड़नी पड़ी दीवार, उसके बाद बुझाने में हुए सफल-** फैक्टरी में लगी आग को बुझाने में दमकल विभाग के कर्मचारी सफल नहीं हो पा रहे थे। चारों तरफ से फैक्टरी की दीवारें ऊंची होने के लिए कर्मचारियों को आग बुझाने में परेशानी हो रही थी। जिसके बाद हाइड्रा क्रेन बुलाकर दीवार को तोड़ना पड़ा।

## आप ने इसराना हलके के गांवों में चलाया बिजली आंदोलन अभियान

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया।**

**आम आ**दमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश चुघ ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ रविवार को इसराना हलके के गांव कैत, शाहपुर व बिजावा में आप द्वारा हरियाणा प्रदेशभर में चलाये जा रहे बिजली आंदोलन अभियान के तहत ग्रामीणों को बिजली के ज्यादा आने वाले बिलों को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई। राकेश चुघ व पार्टी पदाधिकारियों ने तीनों गांवों की चौपालों में नुकड सभाओं का आयोजन कर-के ग्रामीणों को बताया गया कि दिल्ली व पंजाब में लोगों के घरों



के बिजली के बिल जीरो आते है और वहां पर बिना किसी कटों के बिजली मिलती है। जबकि पानीपत सहित हरियाणा राज्य में लोगों के घरों के कई-कई हजार बिजली के बिल आते है और लोगों को बिजली भी बार-बार कट लग करके ही मिलती है। उन्होंने कहा कि जब हरियाणा के साथ लगते दिल्ली व पंजाब राज्यों के लोगों को फ्री बिजली मिल सकती है तो यहां पर फ्री बिजली क्यों नहीं दी जा रही है। राकेश चुघ ने कहा कि हरियाणा राज्य में भी आप की सरकार बनने पर लोगों को फ्री बिजली दी जाएगी।

# किमहॉन्स फाउंडेशन ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के सूरज नगर इलाके के चटर मटर पार्क में किमहॉन्स फाउंडेशन के द्वारा 19वां निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर संयोजक संजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया इस शिविर में लगभग 700 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। शिविर में नाक, कान, गला, मानसिक रोग, हड्डियों के रोग, हृदय, बीपी, शुगर, आंखों की जांच, दांतों की जांच की गई। जांच के बाद मरीजों को निःशुल्क में दवाईयां भी दी गई। इस शिविर में मानसिक रोग विशेषज्ञ व किमहॉन्स फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. नृपेन्द्र कुमार, डॉ. रविन्द्र कुमार, डॉ. नवीन चौधरी, डॉ. नफीसा प्रवीन, डॉ. सुशांत कपूर ने आये हुए मरीजो के स्वास्थ्य की जांच की। इस मौके पर जिला केशवपुरम भाजपा के जिला अध्यक्ष विरेन्द्र गोयल, पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार भाटिया, आजादपुर वार्ड की निगम पार्षद सुमन शर्मा, मंडल महामंत्री इन्द्रजीत मुखी, भाजपा नेत्री प्रीति पुरी, अंकित त्यागी, अविनाश सिंह, सुभाष झा, भैरव झा, युवा समाज सेवी गोपाल राय, समाजसेवी राम कुमार शर्मा, विक्रम सोमानी व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम के आयोजको की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के शिविर अधिक से अधिक लगने चाहिए।


केशवपुरम जिला के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गोयल का स्वागत करते हुए जेजे सैल के जिला संयोजक जीवन लाल, सहसंयोजक वीरेन्द्र गुप्ता, मनोज भारद्वाज, रविन्द्र दीक्षित, प्रमोद कश्यप, सुग्रीम प्रसाद व अन्य।

## विकास को तरस रही है दिल्ली की जनता: भारत सिंह राघव



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी व कांग्रेस नेता भारत सिंह राघव ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंदों की सहायता करनी चाहिए। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है। आम आदमी पार्टी कहती है कि हम दिल्ली की जनता को निःशुल्क पानी दे रहे है, लेकिन वास्तविकता यह है कि आज दिल्ली के कई इलाको में गंदा पानी आने की वजह से दिल्ली की जनता को बाजार से महंगे दामों पर पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है। महंगाई की वजह से सभी वर्ग के लोग परेशान है। रोजमर्रा के प्रयोग में आने वाले वस्तुओं के दाम आसमान को छू रहे है। जिसके चलते आम जन मानस परेशान हो रहा है।


भाजपा नेता महेश अवाना के पूज्य पिताजी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए शकूरपुर के समाजसेवी रमेश जोनवाल, भाजपा नेत्री टीना आहूजा, अनिल शर्मा व अन्य।

# पीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए किया नरेला रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने अमृत भारत योजना के तहत रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए नरेला रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास योजना का शिलान्यास किया। इस योजना के तहत 26 करोड़ खर्च कर नरेला रेलवे स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अमृत भारत स्टेशन योजना को लांच किया। उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पूरे भारत में 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखी। इसी उपलक्ष में दिल्ली के नरेला रेलवे स्टेशन पर उत्तर रेलवे की







ओर से भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे। पुनर्विकास योजना के तहत नरेला रेलवे स्टेशन को 26 करोड़ की लागत से सिटी सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा। जिसमें 15 करोड़ की लागत से 36 फीट चौड़ा ओवरब्रिज बनाया जाएगा। ओवरब्रिज तक जाने के लिए लिफ्ट भी लगाई जाएगी। वही तीन करोड़ की लागत से इलेक्ट्रिक सिग्नल एवं दूरसंचार प्रणाली को अत्याधुनिक बनाया जाएगा। इसके अलावा सिग्नल, एलईडी लाइटिंग, पंखे, जीपीएस घड़ी, पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम, कोच इंडिकेटर लगाए जाएंगे। दिव्यांगों, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों के लिए फुट ओवरब्रिज पार करने के लिए रैंप और लिफ्ट लगाई जाएगी। रेल यात्रियों की सुविधा के लिए नए कैफे का निर्माण किया जाएगा। रेल यात्रियों के लिए वेटिंग रूम को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुनर्विकास का कार्य 6 से 8 माह में पूरा किया जाएगा। कार्यक्रम में उत्तर रेलवे के नोडल ऑफिसर कमल रस्तोगी, उत्तर पश्चिम भाजपा जिलाध्यक्ष सत्यनारायण गौतम, रोहिणी विधायक विजेंद्र गुप्ता, भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा विनोद सहरावत, नरेला से पूर्व विधायक नील दमन खत्री, अलीपुर से निगम पार्षद योगेश राणा, बख्तावरपुर से निगम पार्षद जनता देवी, सदाराम गुप्ता, मुंडका से निगम पार्षद गजेंद्र दराल, बाहरी दिल्ली जिला अध्यक्ष रामसिया शरण, पूठ से निगम पार्षद अंजू अमन, पूर्व पार्षद व डिप्टी मेयर रितु गोयल, मनोनीत निगम पार्षद लक्ष्मण आर्य, बवाना से पूर्व विधायक वेद प्रकाश, नरेला से पूर्व पार्षद राजकरण खत्री, नरेला मंडल अध्यक्ष अशोक अमरोही, बांकनेर मंडल अध्यक्ष दीपक शाह, मंडल महामंत्री पवन खत्री (मोनी) भानु खत्री, अमित भारद्वाज ,अमित खत्री सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मंत्री रामदास अठावले ने सुनी लोगों की समस्याएं

## जहांगीरपुरी में मंत्री रामदास अठावले का हुआ भव्य स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के जहांगीरपुरी इलाके के ई ब्लॉक में सामाजिक न्याय अधिकारिता राज्य मंत्री भारत सरकार रामदास अठावले का आगमन हुआ।
मंत्री श्री अठावले ने पंचशील बोधबिहार मंदिर में पूजा अर्चना की तथा इस मंदिर के सौन्दर्यीकरण के लिये अपनी ओर से सहयोग भी किया। इस अवसर पर पंचशील बोधबिहार मंदिर की समिति के सदस्यों व सैकड़ो समर्थकों ने भाग लिया। इस अवसर पर रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवाले) की



उपाध्यक्ष मंजु छिब्बर ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर उपस्थित पार्टी के पूर्व निगम प्रत्याशी राज कुमार गुप्ता(सीमेंट वाले), रोशन नायक तथा दिल्ली प्रदेश के उपाध्यक्ष अनिल भाई व सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने मंत्री श्री अठावले का भव्य स्वागत किया।
इस अवसर पर मंत्री श्री अठावले से क्षेत्र की जनता को आश्वासन मिला कि क्षेत्र कि जो भी समस्या होगी उसको दूर करने के लिए वह सैदव क्षेत्र की जनता के साथ हैं। इस अवसर पर राज कुमार गुप्ता, रोशन नायक तथा उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने अपने क्षेत्र में मंत्री की विशाल जनसभा का आयोजन करने का निश्चय भी किया।

# असाधारण प्रतिभा संपन्न राजनेत्री थी सुषमा: दयानंद

## दयानन्द वत्स ने सुषमा स्वराज को उनकी चौथी पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन किये अर्पित

**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**
**अखिल** भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री एवं रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आठवले से पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे शिक्षाविद् दयानंद वत्स ने संघ के मुख्यालय बरवाला में भारतीय संसदीय लोकतंत्र की आन बान और शान, पूर्व केंद्रीय विदेश मंत्री और दिल्ली की पहली महिला मुख्यमंत्री रहीं पद्म विभूषण स्वर्गीय सुषमा स्वराज को उनकी चौथी पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। अपने संबोधन में वत्स ने कहा कि सुषमा



असाधारण प्रतिभा संपन्न राजनेत्री थी। स्वतंत्र भारत के संसदीय इतिहास में वे अकेली और पहली महिला थीं जो राज्यसभा और लोकसभा और विधानसभा की सदस्य रही। हरियाणा विधानसभा में विधायक और मंत्री रहीं। वे देश की पहली महिला विदेश मंत्री रहीं, दिल्ली की पहली महिला मुख्यमंत्री बनी और संसद में पहली महिला नेता प्रतिपक्ष रहीं। सुषमा कुशल वक्ता थीं। हिंदी और संस्कृत भाषा के प्रति उनका अनन्य स्नेह था। वह जब सदन में बोलती थी तब उनका संबोधन सुनने के लिए सब एकाग्र चित्त हो जाते थे। सत्ता पक्ष ही नहीं विरोधी दल के नेता भी सुषमा के प्रशंसक थे। सुषमा सबसे कम उम्र की केंद्रीय मंत्रीमंडल में शामिल होने वाली पहली महिला मंत्री थी। जब वह सूचना एवं प्रसारण मंत्री थी तब उन्होंने ही फिल्म इंडस्ट्री को उद्योग का दर्जा दिलवाया ताकि उन्हें भी बैंकों से फिल्म बनाने के लिए लोन मिल सके। महिला सशक्तिकरण, हिंदी संस्कृत के मान-सम्मान के लिए सुषमा स्वराज ने आजीवन अपना योगदान दिया।
सुषमा स्वराज के निधन से संसद में जो रिक्तता आई थी उसकी भरपाई आज तक नहीं हो सकी है।

# स्वास्थ्य जांच शिविर में 342 लोगों ने करवाई स्वास्थ्य की जांच

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के आजादपुर स्थित एमसीडी कॉलोनी में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन आजादपुर कॉलोनी रेजिडेन्टस वेलफेयर एसोसिएशन व हिल द् ग्लोब फाउंडेशन की ओर से किया गया। इस शिविर में आये हुए मरीजों की डाक्टरों ने जांच की और उचित सलाह भी दी।
इस अवसर पर अतिथि के रूप में मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी, मॉडल टाउन थानाध्यक्ष के अलावा ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया







मौजूद रहे। इस मौके पर ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया ने बताया कि इस विशाल शिविर में लगभग 342 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। इस शिविर में आंखों की जांच, दांत की जांच, बीपी व शुगर का टेस्ट व अन्य जांच की गई। इस मौके पर समाजसेवी संत लाल चावरिया, आजादपुर कॉलोनी रेजिडेन्टस वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार, मुख्य संरक्षक अशोक पार्चा, कार्यकारिणी अध्यक्ष मोहन कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष मुख्तयार सिंह, उपाध्यक्ष राम गोपाल, मनोज कुमार महासचिव, कानूनी सलाहकार मुकेश शर्मा, संजीव माथुर मुख्य सलाहकार, संगठन सचिव दीपक झिंगालिया, टोपी चंदेलिया, दिनेश लौदे, जगदीश खैरोल, नरेश कीर प्रचार मंत्री, दीपक बग्गा अनिल ढिलोर मौजूद रहे। इस अवसर पर मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी ने कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम सभी को आयोजित करने चाहिए और समय-समय पर अपने स्वास्थ्य की जांच करवानी चाहिए। इस मौके पर ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया ने कहा कि आज आरडब्ल्यूए ने बड़ा ही अच्छा कार्यक्रम किया है।

# 2047 तक भारत को विकसित देखना है सरकार का लक्ष्य: केंद्रीय राज्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि नया भारत जो तेजी से विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, अमृत काल की शुरूआत पर है और हम सबको मिलकर भारत को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ देश बनाना है। आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश भर में 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखी। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा स्वागत गीत और देश भक्ति के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। ड्राइंग प्रतियोगिता और निबंध लेखन में प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आए प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किये गए। केंद्रीय राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री द्वारा आज पूरे देश के 508 रेलवे स्टेशनों के

**अमृत काल**

**8 कनेक्टिविटी की दृष्टि से फरीदाबाद रेलवे स्टेशन उत्तर भारत में सबसे बेहतरीन : कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा**

पुनर्विकास कार्य का शुभारंभ किया जा रहा है जोकि एक ऐतिहासिक दिन के रूप में याद रखा जाएगा। आने वाले समय में देश की जनता को इन रेलवे स्टेशनों पर बाहर के देशों की तरह सुविधाएं प्राप्त होंगी। अमृत भारत के स्टेशन योजना के तहत इन 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य पर करीब 25000 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। अकेले फरीदाबाद रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य पर 262 करोड रुपए की लागत आएगी जोकि अगले 30 महीनों में बनकर तैयार होगा। फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में अब तक छह रेलवे




ओवरब्रिज का निर्माण किया जा चुका है। साथ ही फरीदाबाद पलवल और होडल रेलवे स्टेशनों पर सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत करीब 100 बेंच लगाएं गए हैं जो आवागमन करने वाले यात्रियों को बैठने की सुविधा प्रदान कर रहे हैं। हरियाणा में 2014 के बाद केंद्र सरकार द्वारा करीब 2200 करोड़ की लागत से रेलवे लाइनों का विद्युतीकरण एवं विकास भी किया गया है। यह यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरगामी सोच का ही नतीजा है कि आज देश में तेजी से चहुमुखी विकास हो रहा है। इस वर्ष रेलवे बजट में केंद्र की मोदी सरकार द्वारा फरीदाबाद बल्लभगढ़ तथा एनआईटी के रेलवे स्टेशनों के सौंदर्यीकरण के लिए अतिरिक्त 15-15 करोड़ रुपए की राशि भी अलॉट की गई है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि जब देश अपनी आजादी के 100 वर्ष पूरे कर चुका होगा तब तक यह महान देश भारत एक विकसित देश के रूप में विश्व पटल पर अपनी पहचान बनाए। इसी संकल्प को पूरा करने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के पथ पर चलते हुए निरंतर कार्य कर रहे हैं। 2047 तक भारत को विकसित देखना सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने मौके पर ही जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य के साथ ही रेलवे स्टेशन को दोनों तरफ से जोड़ने वाली अप्प्रोच रोड का सही से रख रखाव करेंगे जिस से रेलवे स्टेशन की खूबसूरती बनी रहे। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर का आभार और धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि आज का दिन एक ऐतिहासिक दिन है इस ऐतिहासिक दिन में फरीदाबाद की पहचान उसका रेलवे स्टेशन पुनर्विकास होने जा रहा है। कनेक्टिविटी की दृष्टि से पूरे उत्तर भारत रेलवे में फरीदाबाद रेलवे स्टेशन बेहतरीन चुनिंदा रेलवे स्टेशन में से एक है जिसकी जीटी रोड से दूरी सिर्फ. 300 मीटर की है। रेलवे स्टेशन का पूरा विकास होने पर यह आम जनता के लिए और सुविधाजनक हो जाएगा। इस अवसर पर विधायक सीमा त्रिखा, तिगांव विधायक राजेश नागर, पलवल विधायक दीपक मंगला, विधायक प्रवीण डागर, विधायक होडल जगदीश नायर, भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष पलवल चरण सिंह तेवतिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनिल नागर, जिला परिषद चेयरमैन विजय लोहिया, अजय गौड़, टिपर चंद, राकेश गुप्ता, हरिंद्र पाल राणा, पूर्व मेयर सुमन बाला, एसडीएम पंकज सेतिया, सुखबीर मलेरना, अभिमन्यु सेठ, सुमन, विनय प्रकाश, राम खिलावन सहित अन्य कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### दंगाईयों को शरण देने वालों पर होगी कानूनी कार्यवाही : नरेंद्र कादयान

**डीसीपी एनआईटी ने गांव बडखल, अंखीर के गणमान्य व्यक्ति से की मीटिंग**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी एनआईटी नरेन्द्र कादयान ने रविवार को गांव बडखल, अंखीर, धौज, समयपुर और.सीकरोना के प्रमुखों की मीटिंग बुलाई जिसमें शेर मोहम्मद, सेठी, खूवी प्रधान, सरफू, सरदार खान, फतेह अली खान, मुन्ना खान, ब्रह्मपाल डेरी वाला, सहाब खान, अमीत मेवला महाराज पुर, हरकेश बडखल, सलमू, शारुख खान, चमन इत्यादि के अलावा करीब 300 लोग शामिल हुए। अपने बच्चों को समझाए किसी के भी बहकावे में आकर कोई जातिय, धार्मिक भडकाऊ भाषण ना करे। ऐसा करने पर उन्हें जेल हो सकती है उन्होंने मीटिंग में मौजूद लोगों से बताया कि धार्मिक भावनाओं को आहत, सामजिक सौहार्द बिगाडने, सरकारी आदेशों की अवेह्लना, भड़काऊ भाषण करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज कर जल्द सजा दिलाई जाएगी। नूंह दंगे में संलिप्त किसी भी आरोपी को शरण दी या रहना पाया गया तो जिसके घर में मिलेगा उसको भी जेल में डाला जाएगा। अगर उनके यहां पर कोई नूहं दंगे का आरोपी है तो पुलिस को सूचित करें समाज विरोधी ऐसे आरोपी को बख्शा नही जाएगा। किसी भी संधिग्द गतिविधि या घटना होने पर कानून हाथ में ना ले, तुरंत पुलिस को सुचित करे डीसीपी एनआईटी ने कहा कि हाल में मेवात एरिया में कुछ असामाजिक तत्वों की वजह से हुई हिंसात्मक घटना ने समाज में शांति के माहौल को खराब किया है। यह हिंसा और न भड़के इसके लिए समाज में एक्टिव रूप से कार्य कर रहे सभी संगठनों को निर्देश दिए जाते हैं कि वह किसी भी प्रकार के भड़काऊ भाषण न दें तथा भाईचारे की भावना को बढ़ावा दें ताकि समाज में शांति स्थापित हो सके। लोगो से अपील की है की अपने युवा बच्चो को किसी भी धार्मिक उंमाद से दूर रखे। अगर कोई भी धार्मिक उंमाद में शामिल होना पाया गया तो संगीन धाराओं में मामला दर्जकर किया जाएगा। जिसमें 14 साल तक की सजा का भी प्रावधान है। मेवात में हुई हिंसा में शामिल आरोपियो को किसी ने भी शरण दी तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कुछ उपद्रवी लोग समाज का माहौल खराब करने की कोशिश करते हैं परंतु फरीदाबाद पुलिस इस प्रकार के उपद्रवियों से निपटने के लिए पूरी तरह सक्षम है और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस द्वारा पूरे फरीदाबाद में पेट्रोलिंग की जा रही है और संदिग्ध प्रकार के व्यक्तियों पर निगरानी रखकर उनकी पहचान की जा रही है। उन्होंने सभी संगठनों से शांति बनाए रखने की अपील की और शांति व्यवस्था को भंग करने में जिस किसी का भी किसी भी प्रकार का कोई योगदान होगा उसके खिलाफ कानून के तहत सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होने लोगो को बताया कि कुछ युवा, कुछ असामजिक लोगो के बहकावे में आकर धर्मिक उंमाद कर समाज की शांति भग कर देते है। जिनके खिलाफ संगीन धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया जाता है। जो पुलिस कार्रवाई के दौरान आरोपियो युवाओं को गिरफ्तार किया है।

### सरकार ब्रह्मोत्सव रुकवाने के बजाय दंगा उत्सव रुकवाए : नवीन जयहिन्द

**टीम एक्शन इंडिया/झज्जर**
भिवानी में आयोजित ब्रह्मोत्सव में शामिल होने जा रहे जयहिंद सेना के सुप्रीमो और सामाजिक कार्यकर्ता नवीन जयहिंद को भिवानी शहर के बाईपास पर पुलिस द्वारा रोक हिरासत में ले लिया गया। जयहिंद ने धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होने की बात कही, लेकिन प्रशासन ने एक नहीं मानी। पुलिस जयहिंद को हिरासत में लेकर अपने साथ बेरी थाने में ले गई।

## हिसार में पिकअप पलटी, छह महिलाओं सहित नौ घायल

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित मुंढाल के पास पिकअप का टायर फट गया। इससे अनियंत्रित पिकअप डिवाइडर से टकराकर सड़क पर पलट गई। पिकअप के पलटने से पिकअप में सवार छह महिलाओं सहित नौ लोग घायल हो गए।सभी घायलों को राहगीरों ने उपचार के लिए हांसी नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी गंभीर हालत को देखते हुए हिसार रेफर किया गया है। पिकअप में 12 लोग सवार थे। मिली जानकारी के अनुसार भिवानी के गांव सूरपुरा गांव के कुछ लोग पिकअप गाड़ी में सवार होकर तेरहवीं में शामिल होने के लिए आ रहे थे।

## तिगांव क्षेत्र का विकास करवाने में फेल हुई भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार: नागर

**आरोप**

**8 पूर्व विधायक ने सूर्या विहार फेस-3 सेहतपुर में जाकर सुनीं लोगों की समस्याएं**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** तिगांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ललित नागर ने कहा कि तिगांव क्षेत्र का विकास करवाने में भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार पूरी तहर से फेल साबित हुई है। आज शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में लोग सडक, पानी, सीवरेज जैसी बुनियादी सुविधाओं से महरूम है।



क्षेत्र में सडकों के नाम पर गड्ढे बने हुए है, जिसके चलते लोगों का पैदल चलना भी दूभर हो गया है और बरसातों में तो हालात और भी बद से बदत्तर हो जाते है। भाजपाईयों की स्वयंभू स्मार्ट सिटी नरक सिटी बन गई है, लेकिन यहां के मंत्री, विधायक व पार्षद पूरी तरह से चुप्पी साधे हुए है। श्री नागर आज सूर्य विहार फेस-3 सेहतपुर में स्थानीय लोगों द्वारा आयोजित मीटिंग में बतौर मुख्यातिथि उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान स्थानीय निवासियों ने पूर्व विधायक ललित नागर के समक्ष समस्याएं रखते हुए बताया कि कालोनी की गलियों में पानी भरा जाता है, जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कतें आती है वहीं जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण मच्छर आदि पनपने लगे है, जिससे बीमारियां फैलने का अंदेशा बना हुआ है वेस्टेज पानी के निकासी का कोई प्रबंधन नहीं है। वहीं पीने के पानी की भी यहां भारी किल्लत है, लोगों को पानी की बोतलें खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है। इसके अलावा लोगों ने बताया कि बिजली विभाग द्वारा लोगों को 55 हजार से 65 हजार तक के अनाप शनाप बिल भेजे जाते है, जिन्हें ठीक करवाने में बिल भरने की तिथि निकल जाती है और उन पर पेनल्टी लग जाती है और कई बार तो बिजली कर्मचारी मीटर तक उखाड़ लेते है। लोगों की समस्याएं सुनने के बाद पूर्व विधायक ललित नागर ने उन्हें आश्वस्त किया कि वह उनकी समस्याओं को दूर करवाने के लिए सबंधित अधिकारियों से बातचीत कर उन्हें दूर करवाने का भरसक प्रयास करेंगे। लोगों को संबोधित करते हुए ललित नागर ने कहा कि भाजपा के पिछले नौ सालों में विकास के नाम पर केवल भ्रष्टाचार हुआ है, लोगों के खून-पसीने की कमाई को अधिकारियों व सत्तापक्ष के नेताओं ने हड़पने का काम किया है। भाजपा को सत्ता सौंप लोग अपने ठगा सा महसूस कर रहे है।

## आरडब्लूए ब्लॉक डी2/ सेक्टर 10 की हर खम्बों पर होगी लाइटें

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** ब्लॉक डी 2 सैक्टर-10 की सड़कों के दोनों तरफ खम्बों पर 30 लाईटे लगाई गई।
इस पहले ब्लांक मे कई जगहों पर अंधेरा रहता था। जहां तहाँ लाईटे थी विधायक नरेन्द्र गुप्ता से मिलकर ब्लॉक के संरक्षण पूर्व विधायक राजेन्द्र सिंह बीसला,किसान संघर्ष समिति ग्रेटर फरीदाबाद के अध्यक्ष शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट व ब्लॉक डी टू के प्रधान जगजीत सिंह नैन ने लाइटें लगवाने व कम्युनिटी सेंटर



को पूरा कराने की माँग रखी थी। लाईट की माँग को पूरा करते हुए विधायक ने कहा जल्दी ही अन्य समस्याओं का निवारण किया जाएगा।समाज सेवी वीरेंद्र शर्मा ने कहा कि नई कार्यकारिणी ब्लॉक के लिए मिल जुलकर हर समस्या का निवारण बहुत अच्छी तरीके से कर रही है ब्लांक के महासचिव इंजीनियर अनूप वशिष्ठ एडवोकेट ने कहा कि सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए ब्लांक मे हमेशा पाँच कर्मचारी उपलब्ध रहेंगे।

## गहने, मोबाईल व नकदी चोरी मामले में चार गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
खरखौदा पुलिस ने घर से गहने, मोबाईल व नकदी चोरी की घटना में शामिल चार आरोपी रविवार को गिरफ्तार किये हैं।
गांव झिंझौली निवासी पुनम ने थाना खरखौदा में 27 जून को शिकायत दी थी कि 23 जून को वह अपने घर का ताला लगाकर अपने बच्चो सहित अपने मायके दिल्ली गई थी। जब वह 25 जून को दिल्ली से वापिस अपने घर आई तो उसने देखा घर का सामान बिखरा हुआ है। जब उसने घर के बिखरे हुए सामान की जांच की तो घर से 1 सोने की चैन, एक अंगूठी, 34 हजार रुपये व दो मोबाईल फोन चोरी होने पाए गये।

## क्षेत्रीय पंचायती राज परिषद कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से जुड़ेंगे प्रधानमंत्री : कैलाश विजयवर्गीय



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
फरीदाबाद के सूरजकुंड स्थित राजहंस में भारतीय जनता पार्टी द्वारा 7-8 अगस्त को आयोजित होने वाले क्षेत्रीय पंचायती राज परिषद कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर रविवार भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने जायजा लिया। इस दौरान जहां उन्होंने मंच की साज-सज्जा सहित पार्किंग व विभिन्न राज्यों से आने वाले पंचायती अध्यक्षों व उपाध्यक्षों के रहन-सहन व खान-पान को लेकर जानकारी ली वहीं दो दिवसीय इस कार्यक्रम की विस्तृत रूप से जानकारी भी दी। श्री विजयवर्गीय ने बताया कि क्षेत्रीय पंचायती राज परिषद की प्रदर्शनी का उद्घाटन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा व हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल करेंगे वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में जुड़ेंगे। स्वागत भाषण भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा दिया जाएगा, जिसमें वह प्रधानमंत्री का भी स्वागत करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल तौर पर पंचायती अध्यक्षों व उपाध्यक्षों को उनकी कार्यकुशलता के बारे में जानकारी देंगे वहीं उन्हें सरकारी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भी प्रोत्साहित करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल शिरकत कर अपना संबोधन रखेंगे। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम पंचायती राज के लिए मील का पत्थर साबित होगा क्योंकि इसके माध्यम से पंचायतों व जिला परिषदों के अध्यक्षों व उपाध्यक्षों को उनके अधिकारों के साथ-साथ टेक्नीकल ज्ञान भी दिया जाएगा, जिससे कि वह अपनी बात और जनता की बात प्रमुखता के साथ उठा सके। कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि दो दिवसीय पंचायती राज परिषद कार्यक्रम में हरियाणा, हिमाचल, उत्तराखंड, जम्मू कश्मीर, लद्दाख, राजस्थान आदि प्रदेशों के जिला परिषदों व पंचायतों के करीब 182 अध्यक्ष व उपाध्यक्ष हिस्सा लेंगे।

## घुटनों की सफल लिगामेंट सर्जरी के बाद एथलीट ने शुरू की तैयारी

**सफल सर्जरी**

**8 डॉ. राकेश कुमार की टीम ने एक एथलीट के घुटने की सफल लिगामेंट सर्जरी की है।**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर-86 ?स्थित एकॉर्ड अस्पताल के ऑर्थोपेडिक डिपार्टमेंट डायरेक्टर डॉ. राकेश कुमार की टीम ने एक एथलीट के घुटने की सफल लिगामेंट सर्जरी की है। जिसके बाद मरीज अब पूरी तरह स्वस्थ्य है। अब वह फिर से दौड़ सकते हैं। कोई भी खेल, खेल सकते हैं। इस सफल



ऑपरेशन के लिए अस्पताल चेयरमैन डॉ. प्रबल रॉय ने उनकी टीम को बधाई दी। ग्रेटर फरीदाबाद के गांव वजीरपुर निवासी अनुज शर्मा एक एथलीट है। वह कई बड़ी रेस में हिस्सा ले चुके हैं। कुछ समय पहले उन्होंने गुरुग्राम में आयोजित 21 किमी की रेस में शानदार प्रदर्शन किया। इसके अलावा 10-10 ?किमी की दो रेस में भी विजेता रहें हैं। अनुज ने बताया कि पिछले दिनों क्रिकेट खेलते समय उनके घुटने में चोट लग गई थी। उस समय ये नहीं पता था कि चोट इतनी गंभीर होगी कि मैं चल भी नहीं पाऊंगा। दिमाग में सब यही रहता था कि क्या फिर से खेल पाऊंगा या नहीं। क्योंकि मेरा सीढि?ों पर चढ?ा तक मुश्किल हो गया था। कई डॉक्टरों को दिखाने के बाद एक साथी ने मुझे एकॉर्ड अस्पताल में ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. राकेश कुमार से मिलने की सलाह दी। डॉ. राकेश के संपर्क में आने के बाद उन्होंने कुछ जरुरी जांच कराई। डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि अनुज बहुत अच्छा एथलीट है। जब वह अस्पताल आया तो बिल्कुल चल फिर नहीं पा रहा था। एमआरआई सहित अन्य जांचे की गई। जांच में सामने आया कि घुटने का शॉक ऑब्जर्वर टूट गया है। शॉक ऑब्जर्वर घुटने को जोड़े रखने का काम करता है। मरीज की सहमति के बाद उसका ऑपरेशन किया गया। करीब एक घंटे चले घुटने को फिर से ठीक कर दिया गया। इसके बाद उसे लगातार फिजियो थैरपी दी गई, ट्रेनिंग करवाई गई। अब वह फिर सभी खेल, खेल सकता है, दौड़ सकता है। अनुज ने इस सफल ऑपरेशन के डॉक्टर टीम का आभार व्यक्त किया।

## नाराज केन्द्र एवं राज्य कर्मचारी 3 नवंबर को दिल्ली में करेंगे रैली : सुभाष लांबा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** मांगों की अनदेखी और निजीकरण की मुहिम को तेज करने से आक्रोशित केन्द्र और राज्य कर्मियों एवं पेंशनर्स राष्ट्रव्यापी आंदोलन तेज करेंगे। यह ऐलान रविवार को सरगुजा संभाग अंबिकापुर, छत्तीसगढ़ में आयोजित कर्मचारियों एवं पेंशनर्स के संयुक्त संभागीय कन्वैंशन को बतौर मुख्य वक्ता संबोधित करते हुए अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा ने किया। उन्होंने केंद्र सरकार को चेताया कि अगर पीएफआरडीए एक्ट रद्द कर पुरानी पेंशन बहाली, संविदाकर्मियों को नियमित करने, खाली पड़े पदों को



भरने, निजीकरण की मुहिम पर रोक लगाने, आठवें वेतन आयोग का गठन और 18 महीने के बकाया डीए / डीआर के बकाया भुगतान आदि मांगों की अनदेखी की तो चुनावों में भाजपा को कर्मचारियों एवं उनके परिजनों की भारी नाराजगी का सामना करना पड़ेगा। संयुक्त कन्वैंशन की अध्यक्षता छ.ग.प्रगतीशील पेंशनर कल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष आरपी शर्मा, उप प्रांताध्यक्ष अनन्त कुमार सिन्हा, छ.ग.तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष नवीन केसरी ने संयुक्त तौर पर की। कन्वैंशन में सरगुजा संभाग के छः जिलों से सैकड़ों की संख्या में कर्मियों और पेंशनर्स ने भाग लिया। कन्वैंशन में अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के कोषाध्यक्ष शशीकांत राय व पूर्व एनईपी सदस्य की सदस्या उत्तरा नायडू ,छ.ग.तृतीय वर्ग शा.कम.संघ के उपाध्यक्ष पीआर कौशिक व बिलासपुर जिला अध्यक्ष चंद्र शेखर पांडेय भी पहुंचे और संबोधित किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा ने आन्दोलन का ऐलान करते हुए कहा कि " भारत छोड़ो आंदोलन " की वर्षगांठ पर 9 अगस्त से छत्तीसगढ़ सहित सभी राज्यों से सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी वाहन जत्थे शुरू किए जाएंगे। यह जत्थे केन्द्र सरकार की कर्मचारी,मजदूर व पेंशनर्स विरोधी नीतियों की पोल खोलते के लिए महानगरों, शहरों एवं कस्बों में कर्मचारी एवं जन सभाएं करेंगे। जनसभाएं करते हुए सभी जत्थे 3 नवंबर को दिल्ली पहुंचेंगे और नई दिल्ली में 3 नवंबर को रामलीला मैदान में विशाल कर्मचारी रैली करेंगे। इस रैली में सरकार के खिलाफ निर्णायक आंदोलन का ऐलान किया जाएगा। सम्मेलन में मणिपुर और हरियाणा के नूंह मेवात व आसपास के जिलों में हुई साम्प्रदायिक हिंसा एवं आगजनी को शर्मनाक एवं चिंताजनक करार दिया और इसके लिए राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराया।

## जिला प्रशासन एवं रैडडक्रॉस सोसाइटी द्वारा बाढ़ पीड़ितों को वितरित किया सूखा राशन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** जिला उपायुक्त एवम् प्रधान जिला रेड क्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद विक्रम यादव के मार्गदर्शन मे बाढ़ पीड़ितों को कल छांयसा क्षेत्र व आज बसंतपुर क्षेत्र में आज जिला प्रशासन एवं रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं द्वारा दान में दिया गया सूखा राशन तकरीबन 150 और 600 लोगों को प्रदान किया गया। रेडक्रॉस सचिव बिजेंद्र सोरोत ने बताया कि हथिनीकुंड बैराज से पानी छोड़ा गया था। जिसके चलते यमुना नदी के पास में गांव आते हैं



उसमें पानी भरने की वजह से बाढ़ आ गई थी जिस के कारण लोगों को सुरक्षित जगह पर पहुंचा दिया गया था। पहले तो जिला प्रशासन के माध्यम से लोगों के निरंतर भोजन की व्यवस्था की गई। जब स्थिति आज सामान्य हो चुकी है तो स्थानीय लोगों एवम् सामाजिक संगठनों, आरडब्ल्यूए के साथ मिलकर सूखे राशन को लोगों में वितरण करने का कार्य किया गया है। हम हर संभव मदद पहुंचाने के लिए संकल्पित हैं। जिला रेड क्रॉस सोसायटी फरीदाबाद आपदा के समय हर पीड़ित को सहायता पहुंचाने के लिए सदैव तत्परता के साथ खड़ी रहती है। जिला प्रशिक्षण अधिकारी पुरुषोत्तम सैनी ने बताया कि रेड क्रॉस सोसाइटी के साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों का विशेष सहयोग रहा। जिसमें मुख्य रुप से लोगों ने स्वयंसेवक बन कर जिला रेड क्रॉस सोसाइटी का सहयोग किया।

फास्ट न्यूज

## गिरिडीह बस हादसे में पांच की मौत

**गिरिडीह:** रांची से गिरिडीह आ रही यात्रियों से भरी बाबा सम्राट बस बराकर नदी में गिरने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गई। शनिवार रात को हुई घटना के बाद रातभर रेस्क्यू चलता रहा। गिरिडीह डीसी ने रविवार को पांच लोगों के मरने की पुष्टि करते हुए जांच के आदेश दिए हैं। साथ ही बताया कि एसडीएम और डीएसपी जांच रिपोर्ट 15 दिनों में सौपेंगे। बताया गया कि घटना में गिरिडीह नगर थाना क्षेत्र के बक्सीडीह रोड के रहने वाले संतोष अग्रवाल व मोहलीचुंवा के रहने वाले मानिकचन्द साव, राजेन्द्र नगर के रहने वाले सौरभ सिन्हा व हजारीबाग के रहने वाले अनिल कुमार एवं बस के खलासी की मौत हो गई। हादसे में करीब 20 अन्य यात्री घायल हो गए है। घायलों में बस चालक टिंकू मंडल भी है। कईयों की हालत गंभीर बनी हुई हुई है। कई घायलों बाहर रेफर किया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सम्राट बस (जेएच 07एच 2906) यात्रियों को लेकर तेज रफ्तार से गिरिडीह आ रही थी। बराकर पुल के पास एक बाइक सामने आ गई, जिसे बचाने के चक्कर में बस रेलिंग तोड़ कर नदी में जा गिरी। नदी के पास होटल में खाना खा रहे कांवरिये व आसपास के ग्रामीण तुरन्त राहत कार्य में जुट गए।घटना की सूचना मिलते ही डीसी नमन प्रियेश लकड़ा और एसपी दीपक शर्मा दलबल के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और बचाव कार्य को गति प्रदान की। कई जेसीबी लगाकर देर रात बस में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू और समाज सेवी संस्थाओं के लोग भी पहुंच कर राहत कार्य में सहयोग किया। घटना की सूचना मिलते ही केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व विधायक निर्भय शाहाबादी, सदर अस्पताल पहुंचे और घायलों को सांत्वना देने के साथ ही स्वास्थ्य व्यवस्था का जायजा लिया।

## बीकानेर की दो फैक्ट्रियों में लगी आग

**बीकानेर:** बीकानेर के खारा औद्योगिक क्षेत्र की दो फैक्ट्रियों में रविवार को आग लग गई। आग से एक गत्ता फैक्ट्री जलकर पूरी तरह राख हो गई। सूचना पर पुलिस व फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। जामसर थानाधिकारी इंद्रकुमार ने बताया कि सुबह आर एन बी ग्लोब यूनिवर्सिटी के सामने स्थित गत्ता फैक्ट्री में अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। गत्ता फैक्ट्री से भभकी आग ने पास स्थित दाल मिल को भी चपेट में ले लिया। आग पर काबू पाने में तीन घंटे लगे। दस दमकल पानी के प्रयोग से आग पर काबू पाया जा सका। गत्ता फैक्ट्री पूरी तरह खाक हो गई। वहीं दाल मिल को कुछ नुकसान हुआ है। दाल मिल वासुनाथ की बताई जा रही है। खारा इंडस्ट्री एरिया में सुबह आग लगने का पता चलने ही आसपास के लोगों ने पुलिस को फोन किया। यहां से बड़ी मात्रा में धुआं दिखाई दिया था। देखते ही देखते धुआं बढ़ता गया और पूरे खारा इंडस्ट्रियल एरिया में ये धुआं आसमान की ओर बढ़ता दिखाई दिया।

# यूपी: श्रमिकों की होगी टीबी स्क्रीनिंग एवं जांच

### गरीब श्रमिकों के स्वास्थ्य के प्रति सजग योगी सरकार ने दिया उपहार



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
भारत को 2025 तक टीबी मुक्त बनाने के प्रधानमंत्री के सपने को साकार करने के लिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ा कदम उठाया है। योगी सरकार ने रविवार को प्रदेश में किसी भी शख़्स में टीबी की पुष्टि होने पर तत्काल इलाज शुरू कर संक्रमण को रोकने के आदेश दिये हैं। इसके लिये योगी सरकार ने प्रदेश भर में टीबी की स्क्रीनिंग व जांच में तेजी लाने के निर्देश दिये हैं। इसको ध्यान में रखते हुए अब भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के तहत आने वाले एक्सप्रेस-वे की कंस्ट्रक्शन साइट पर कार्य करने वाले श्रमिकों की टीबी स्क्रीनिंग और जांच करायी जायेगी।

**स्क्रीनिंग के लिये लगाए जाएंगे शिविर:** संयुक्त निदेशक (क्षय), राज्य क्षय नियन्त्रण कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र भटनागर ने इस सम्बन्ध में क्षेत्रीय अधिकारी (पूर्व और पश्चिम) एनएचएआई को पत्र भेजकर उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) से इसमें सहयोग की मांग की है। उन्होंने मांग की है कि एक्सप्रेस-वे के टोल प्लाजा, रेस्ट हाउसेस, जलपान स्थलों और पेट्रोल पम्प पर क्षय रोग के लक्षण एवं बचाव के बारे में जानकारी प्रदर्शित करने के लिए स्थान उपलब्ध कराया जाए। इसके लिए आईईसी (सूचना, शिक्षा एवं संचार) सामग्री सम्बन्धित जिले के जिला क्षय रोग अधिकारी (डीटीओ) मुहैया कराएंगे। इसके अलावा श्रमिकों की स्क्रीनिंग के लिए शिविर का आयोजन भी डीटीओ द्वारा किया जाएगा। इसके अलावा डॉ. भटनागर ने टीबी रोगियों को समय पर उपचार प्रबन्धन के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग पर मरीजों के वाहन को सुगम आवागमन प्रदान करने की बात कही है।

**आदेश**

ß किसी भी शख़्स में टीबी की पुष्टि होने पर तत्काल इलाज शुरू कर संक्रमण को रोकने के आदेश दिये

**टीबी मुक्त कार्यस्थलों को दिया जाएगा बढ़ावा:** डॉ. भटनागर के अनुसार टीबी को हराना है तो टीबी मुक्त कार्यस्थलों को बढ़ावा देना जरूरी है। इसके लिए एनएचएआई मुख्यालय, क्षेत्रीय कार्यालयों, परियोजना कार्यान्वयन इकाइयों और सभी प्राधिकरण कार्यालयों को टीबी मुक्त बनाया जाएगा।

## हरियाणा: डीएलएड की परीक्षाएं तीसरी बार स्थगित

**टीम एक्शन इंडिया/भिवानी**
**परीक्षाओं** को शांतिप्रिय एवं नकल रहित माहौल में संचालित करवाए जाने के उद्देश्य से हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने नूंह हिंसा के मद्देनजर एक बार फिर से डीएलएड की परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डा. वीपी यादव का कहना है कि हालात सामान्य होने पर परीक्षाओं का नया शैड्यूल जारी कर दिया जाएगा। जिसके लिए छात्र-अध्यापक समय-समय पर बोर्ड अधिकारिक वेबसाईट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट बीएसईएच डॉट ओआरजी डॉ इन को चेक करते रहे। दरअसल, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड इन दिनों प्रदेशभर में 10वीं, 12वीं एवं डीएलएड की परीक्षाएं करवा रहा है। जिन परीक्षाओं के नकल रहित संचालन में किसी प्रकार की परेशानी ना आए, इसके लिए भी बोर्ड प्रशासन ने पुख्ता प्रबंध किए गए है, लेकिन बीते दिनों नूंह जिले में धारा 144 व कर्फ्यू के कारण पहले प्रदेशभर में 1 व 2 अगस्त को संचालित होने वाली 10वीं तथा डीएलएड परीक्षाओं को स्थगित किया गया था। उसके बाद 5 अगस्त तक होने वाली सभी परीक्षाओं को प्रदेश भर में स्थगित किया गया। लेकिन अब हालातों के मद्देनजर 7, 8 व 9 अगस्त को होने वाली डीएलएड परीक्षाओं को एक बार फिर से स्थगित किया गया है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. वीपी यादव एवं सचिव कृष्ण कुमार ने बताया कि शिक्षा बोर्ड द्वारा 7, 8 व 9 अगस्त को होने वाली डीएलएड परीक्षाओं को स्थगित करने का फैसला लिया है।

**फैसला**

ß हालात सामान्य होने पर परीक्षाओं का नया शैड्यूल जारी कर दिया जाएगा: विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन

## लहरों में उफान, बढ़ रहा गंगा का जलस्तर



**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**
**पहाड़ों पर** लगातार हो रही बरसात के चलते गंगा की लहरें फिर उफान मारने लगी है। जलस्तर में बढ़ाव से पहले से ही घाटों का सम्पर्क मार्ग डूबा हुआ है। जलस्तर में बढ़ाव की गति देख तटवर्ती क्षेत्र के साथ सहायक नदी वरूणा के किनारे भी बाढ़ की आशंका गहराने लगी है। रविवार को सुबह आठ बजे तक गंगा का जलस्तर 66.52 मीटर दर्ज किया गया। गंगा का जलस्तर 10 सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है। बताया गया कि रविवार तड़के गंगा का जलस्तर 04 सेंटीमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से बढ़ रहा था। लेकिन सुबह 07 बजे तक रफ्तार की गति 10 सेंटीमीटर प्रतिघंटा हो गई। जलस्तर में बढ़ाव की गति देख घाट किनारे रहने वालों की चिंता बढ़ गई है। गंगा में चेतावनी बिंदू 70.262 मीटर और खतरे का निशान 71.262 मीटर है। गंगा में बढ़ाव को देख मोक्षतीर्थ मणिकर्णिकाघाट और हरिश्चन्द्रघाट पर उंचे स्थानों पर शवदाह हो रहा हैं । शवयात्रियों को अपने परिजनों के पार्थिव शरीर का अन्तिम संस्कार करने के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। सामनेघाट स्थित गंगा के किनारे बने कालोनियों में लोगों की बाढ़ की आशंका से नींद उड़ गई है। गंगा के जलस्तर में बढ़ाव की गति देख नौका संचालन पर रोक लगाई गई है। एनडीआरएफ टीम के साथ पीएसी और जल पुलिस भी सतर्क है। गंगा किनारे अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। गंगा आरती का स्थान भी बदलना पड़ा है।

**काशी में...**

ß तटवर्ती क्षेत्र के लोगों की नींद उड़ी, गंगा आरती का स्थान भी बदला, एनडीआरएफ टीम सतर्क

## राहुल की तरह नेतागीरी नहीं करूंगा: रामशंकर

### कोर्ट के फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट में करूंगा अपील: भाजपा सांसद रामशंकर कठेरिया




**टीम एक्शन इंडिया/इटावा**
**आगरा** की एक अदालत द्वारा दो साल की सजा सुनाए जाने के एक दिन बाद रविवार को इटावा के भाजपा सांसद रामशंकर कठेरिया ने कहा कि वह राहुल गांधी की तरह नेतागीरी नहीं बल्कि इस फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट में अपील करेंगे। उन्हें भरोसा है कि हाई कोर्ट से न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा स्पीकर का जब तक कोई निर्देश नहीं मिलेगा, तब तक वह सांसद के तौर पर सरकारी कार्यक्रमों में शामिल भी होते रहेंगे। सांसद कठेरिया इटावा रेलवे स्टेशन पर प्रधानमंत्री के आभासी रूप से आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने 27 राज्यों में 508 रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दिल्ली से आधारशिला रखी। इनमें 33 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले इटावा रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास भी शामिल है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सांसद कठेरिया ने शिरकत की। उनके साथ सदर विधायक सरिता भदौरिया, रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे। सांसद कठेरिया ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि सूरत कोर्ट के फैसले के बाद राहुल हाई कोर्ट में अपील करने की बजाय नेतागीरी करते रहे।

**न्याय की उम्मीद**

ß इस फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट में अपील करेंगे। उन्हें भरोसा है कि हाई कोर्ट से न्याय मिलेगा

## 'यूपी विधानसभा सत्र में जनहित मुद्दों पर सरकार करे चर्चा'

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
बहुजन समाज पार्टी(बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने सोमवार से शुरू हो रहे उत्तर प्रदेश विधानसभा सत्र में सरकार द्वारा आमजन के हित के मुद्दों पर चर्चा करने की बात कही है। बसपा प्रमुख ने रविवार को अपने अधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट कर कहा कि यूपी विधानसभा के सोमवार से शुरू हो रहे सत्र में सरकार आमजनहित के जरूरी मुद्दों जैसे बढ़ती महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी तथा सड़क, बिजली, पानी, शान्ति-व्यवस्था व सुरक्षा आदि की बदहाल स्थिति के बारे में विशेष जिम्मेदारी का परिचय दे।


## सरकार खरीदें गोबर: भानू गुट

**टीम एक्शन इंडिया/जालौन**
उत्तर प्रदेश की योगी सरकार अन्ना पशु पर रोकथाम लगाने के लिए जिले के हर ब्लॉक में ग्राम स्तर पर गौशालाओं का संचालन कर रही है लेकिन ग्राम प्रधान की लापरवाहीके चलते गौशालाओं में गौवंश नजर नहीं आते हैं बल्कि यह आए दिन सड़कों पर घूमते रहते हैं और इस वजह से सड़क हादसे भी होते हैं। वहीं भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि योगी सरकार आवारा पशुओं का का गोबर खरीदें तो कुछ हद तक समस्या का हल हो सकता है।

## पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/जालौन**
जनपद की एसओजी, सर्विलांस और कालपी कोतवाली पुलिस ने मंगरोल पुल के पास से 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। बदमाश के पास से अवैध तमंचा मय कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा ने रविवार को बताया कि एसओजी, सर्विलांस और कालपी कोतवाली पुलिस ने मंगरोल जाने वाले रास्ते में जो जाधौरा पुल के पास चेकिंग के दौरान बाइक सवार को रोकने का प्रयास किया है तो उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ फायरिंग की, जिसके बाद बदमाश के पैर में गोली लग गई। पुलिस ने बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उरई के पटेलनगर निवासी अशोक के पुत्र ओमपाल के रूप में हुई है। अभियुक्त के पास से एक तमंचा कारतूस, 72 सौ रुपये नगद व एक मोटरसाइकिल बरामद की है।

क्षेत्राधिकारी कालपी देवेंद्र पचौरी ने बताया कि बदमाश पर उरई कोतवाली क्षेत्र में पहले से मुकदमें दर्ज हैं और वह लूट की घटना में वांछित है। उस पर 25 हजार रुपये का इनाम था। पुलिस अग्रिम कार्रवाई कर रही है।



MARUTI
nandan printers

8 COLOUR
WEB OFFSET
MACHINE

Capacity : 36000 Copies per Hour
16 Broad Sheet Pages in One Go

**15 अगस्त विशेषांक**

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी एक्शन इंडिया स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कई बहुरंगी परिशिष्ट प्रकाशित करने जा रहा है। सभी विज्ञापनदाताओं, पत्रकारों, संवाद सूचकों और विज्ञापन प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि वे विज्ञापन व प्रकाशन सामग्री परिशिष्ट प्रकाशन (विभिन्न परिशिष्टों के प्रकाशन संबंधी जानकारी कार्यालय से ले लें) होने से तीन दिन पहले तक मुख्य कार्यालय में पहुंचा दें।

-व्यवस्थापक

THE
PRINTING HUB
COMPLETE
C T P UNIT
BASYS PRINT



Corporate Office : A-15, G. T. Karnal Road, Industrial Area, Delhi-110033
Phone : +91-9999889104, +91-9250706656, +91-11-47502546